CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK1 User: cci Time: 12-29-2025 22:40 Color:



WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 76, संख्या 206 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का 'मिशन-1000'

▶देखें अंदर



उन्नाव रेप में दोषी सेंगर की ज़मानत पर SC की रोक

▶देखें अंदर



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 12-29-2025 23:27 Color:



# 10वीं से दो बोर्ड, उच्च शिक्षा पर आयोग... 2026 में हैं कई चुनौतियां

## बड़े फैसलों पर निगाह, पुरानी चुनौतियां भी सामने

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

नई दिल्ली : पिछले कुछ सालों से देश ने शिक्षा जगत में कई नए प्रयोगों का दौर देखा है। इसमें कई विवाद भी हुए। इन बदलाव के बीच 2026 का साल देश में शिक्षा के मोर्चे पर अहम होगा। सरकार के कुछ बड़े फैसले अगले साल होने हैं तो कुछ पहले लिए जा चुके बड़े फैसलों का परिणाम अगले साल दिखेगा। शिक्षा क्षेत्र में इन बदलावों की प्रक्रिया के बीच राजनीति और विवाद भी देखने को मिल सकता है।

> शिक्षा के क्षेत्र में अगले साल होने वाले 5 बड़े बदलावों पर एक नजर, इनके मायने

### 10वीं में दो बार बोर्ड एग्जाम का प्रयोग सफल हो पाएगा?

2026 से 10वीं में दो बार सीबीएसई एग्जाम पॉलिसी लागू होगी। पहला एग्जाम फरवरी के मध्य और दूसरा एग्जाम मई के मध्य में होगा। अगर एक एग्जाम में अच्छा नहीं कर पाए तो दूसरा मौका भी रहेगा। चूंकि दो बार बोर्ड एग्जाम होंगे तो ऐसे में समय पर रिजल्ट जारी करना ही होगा, पहले एग्जाम के रिजल्ट में देरी की कोई गुंजाइश नहीं होगी। इसके साथ ही बोर्ड को यह भी व्यवस्था करनी होगी कि मई एग्जाम के बाद अगर छात्र का रिजल्ट बेहतर होता है तो उसे उसी आधार पर 11वीं में लिए गए विषयों में बदलाव का मौका मिले। नये शैक्षणिक सत्र में तीसरी क्लास से ही AI की पढ़ाई शुरू हो जाएगी।



### शिक्षा में राजनीतिक दखल

हाल के सालों में विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति से लेकर पाठ्यपुस्तकों में बदलाव एक बड़ा राजनीतिक विवाद रहा है। विपक्ष इसे शिक्षा जगत में जबरन दक्षिणपंथी नैरेटिव थोपने का आरोप लगा रहा है। ऐसे में सेशन 2026-27 सेशन शुरू होने से पहले 9वीं से 12वीं तक की क्लासेज की नई किताबें आ जाएंगी। नई किताबें स्कूली शिक्षा के लिए बनाए गए नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के आधार पर तैयार की गई हैं। किताबों में किए जा रहे बदलावों पर विवाद देखने को मिला है और अब जब सीनियर क्लासेज की नई किताबें आएंगी तो क्या उस पर भी विवाद होगा, इस पर नजर रहेगी।

### और कितने विदेशी यूनिवर्सिटीज के भारतीय कैंपस? कैसी क्वॉलिटी

यूजीसी रेगुलेशंस के मुताबिक अभी तक 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस शुरू करने की इजाजत मिली है, जिनमें सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटीज के हैं। 2026 में इनमें से कई यूनिवर्सिटीज के कैंपस शुरू होंगे। अभी तक गुजरात में गांधीनगर की गिफ्ट सिटी में ऑस्ट्रेलिया की दो यूनिवर्सिटी के भारतीय कैंपस की औपचारिक शुरुआत हो गई है। 2025 सत्र में साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के गुरुग्राम में भी पढ़ाई शुरू हो गई है। इन यूनिवर्सिटीज के कैंपस शुरू होंगे तो देखना होगा कि भारतीय छात्रों का रूख क्या रहता है, क्या विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में कमी आएगी, यह भी एक बड़ा सवाल होगा?



### उच्च शिक्षा आयोग बिल पर कितना बवाल

शीतकालीन सत्र में लोकसभा ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक सिंगल पॉइंट रेगुलेटर बनाने से जुड़े बिल 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025' को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मंजूरी दे दी है। यह समिति बजट सत्र 2026 के पहले भाग के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस बिल के आने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, टीचर्स काउंसिल, टेक्निकल एजुकेशन काउंसिल खत्म होंगी और नई काउंसिल बनेगी। उच्च संस्थानों की गवर्नेंस, मान्यता व ग्रांट के सिस्टम में जरूरी बदलाव होंगे। अगले साल सबसे अधिक चर्चा और फोकस इसी इर्द-गिर्द रहने की संभावना है।

### एनटीए में किए गए परीक्षा सुधार क्या कारगर साबित होंगे?

इंजीनियरिंग, मेडिकल, यूनिवर्सिटी के बड़े एंट्रेंस टेस्ट कंडक्ट करने वाली नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पेपर लीक के आरोप लगे, क्वेश्चन पेपर से लेकर आंसर- की में गलतियां हुईं, जिसके बाद परीक्षा सुधारों पर उच्च स्तरीय कमिटी बनी और परीक्षा सुधार लागू किए गए। अब 2026 बताएगा कि ये सुधार कारगर साबित होते हैं या नहीं?

## उन्नाव रेप केस में सेंगर की ज़मानत पर SC की रोक, जेल से रिहा नहीं होगा



# POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी, तय करेगा SC

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड किया गया था। वह जेल से बाहर नहीं आएगा। कोर्ट ने POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा को लेकर जरूरी कानूनी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि अगर ड्यूटी के दौरान एक कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी को लोक सेवक माना जाता है, तो एक निर्वाचित विधायक को इससे बाहर रखना गंभीर विचार का विषय है।**

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें 2017 के उन्नाव रेप मामले में बीजेपी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को सस्पेंड कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सेंगर को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। जस्टिस जे.के. महेश्वरी ने सवाल उठाया कि हाई कोर्ट के सजा निलंबन आदेश में यह स्पष्ट रूप से क्यों नहीं देखा गया कि सेंगर IPC की धारा 376(2)(1) के तहत दोषी है या नहीं। अब इस मामले में आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी, जहां यह तय होगा कि POCSO कानून के तहत 'लोक सेवक' की परिभाषा क्या होगी और ऐसे मामलों में सजा निलंबन के मानदंड क्या होने चाहिए। अदालत ने आगे कहा कि पीड़िता को अलग से विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर करने का वैधानिक अधिकार है और इसके लिए उसे इस कोर्ट से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। अगर उसे विधिक सहायता की आवश्यकता हो, तो सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमिटी उसे फ्री कानूनी मदद दी जाएगी। पीड़िता अपने स्वयं के अधिवक्ता के माध्यम से भी अपील दायर कर सकती है। शीर्ष अदालत में दायर अपनी अपील में CBI ने एल.के. आडवाणी मामले में दिए गए अपने फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि सांसदों या विधायकों जैसे सार्वजनिक पद धारण करने वाले किसी भी व्यक्ति को लोक सेवक माना जाएगा। CBI ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट ने यह घोषित करके गलती की कि अपराध के समय विधायक रहे सेंगर को POCSO अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए पब्लिक सर्वेंट नहीं माना जा सकता और उन्हें जमानत दे दी।

## सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के अंश

**CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता:** यह एक बच्ची के साथ हुए रेप का अत्यंत भयावह मामला है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 376 और POCSO एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत आरोप तय किए गए थे। दोषसिद्धि दो आधारों पर हुई है। एक स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किया गया है कि बच्ची की उम्र 16 वर्ष से कम थी और वह 15 वर्ष 10 महीने की थी। इस दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पेंडिंग है।

**जस्टिस जे.के. महेश्वरी:** धारा 376 पर विचार किया जा चुका है।

**SG:** धारा 376 के दो भाग हैं। उसे बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराया गया है, जो धारा 375 के अंतर्गत आता है। इसके बाद वह स्थिति आती है जहां अपराध करने वाला व्यक्ति प्रभुत्वशाली स्थिति में होता है। ऐसे मामले में न्यूनतम सजा 20 वर्ष का कारावास है, जो आजीवन कारावास (तात्पर्य यानी जब तक जीवन है) तक बढ़ाई जा सकती है।

**CJI सूर्यकांत:** आप कह रहे हैं कि यह धारा 376(2)(1) के अंतर्गत आता है। मान लीजिए कि पीड़िता नाबालिग न भी हो, तब भी धारा 376 के तहत न्यूनतम सजा लागू होगी?

**SG:** अब इसमें संशोधन हो चुका है, जिसमें न्यूनतम सजा 20 वर्ष निर्धारित की गई है। धारा 376 के तहत चाहे (1) हो या (ii) दोनों में आजीवन कारावास का प्रावधान है। इसमें 20 वर्ष की सजा या बायोलॉजिकल लाइफ की आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।



**CJI:** क्या आप यह कह रहे हैं कि अगर पीड़िता नाबालिग हो, तो 'लोक सेवक' की अवधारणा अप्रासंगिक हो जाती है?

**SG:** हां। दरअसल, यह मामला पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट से जुड़ा है, जो अपने आप में एक स्वतंत्र अपराध है और जिसकी सजा का प्रावधान धारा 4 में किया गया है। संशोधन के बाद कुछ विशेष परिस्थितियों में इसे गंभीर (एग्रेवेटेड) अपराध माना गया है। ये वे स्थितियां हैं, जहां आरोपी पीड़ित पर प्रभुत्वशाली स्थिति में होता है। उदाहरण के तौर पर, अगर ड्यूटी के दौरान कोई कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी ऐसा कृत्य करता है तो वह 'गंभीर पेन. इनसेर्शन' का दोषी होगा। इस धारा में 'लोक सेवक' की परिभाषा अलग से नहीं दी गई है, बल्कि इसे आईपीसी से लिया गया है। बाद के संशोधन केवल सजा बढ़ाते हैं, नया अपराध नहीं बनाते, इसलिए अनुच्छेद 20 का उल्लंघन नहीं होता।

**CJI सूर्यकांत:** नोटिस जारी किया जाए। हमने CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता और दोषी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सुना है। हमें प्रतीत होता है कि इस मामले में कई महत्वपूर्ण लीगल सवाल खड़े होते हैं। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। हम इस तथ्य से अवगत हैं कि जब किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो इस न्यायालय द्वारा ऐसे आदेशों पर संबंधित व्यक्ति को सुने बिना रोक नहीं लगाई जाती। लेकिन इस मामले के विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए- जहां दोषी एक अलग अपराध में भी दोषसिद्ध है, हम दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश के संचालन पर रोक लगाते हैं। ऐसे में प्रतिवादी (सेंगर) को उक्त आदेश के आधार पर रिहा नहीं किया जाएगा।

**CJI:** तो आपका कहना है कि लोक सेवक वह व्यक्ति है जो उस समय प्रभुत्वशाली स्थिति में हो। यानी आप यह तर्क दे रहे हैं कि जब कोई व्यक्ति किसी सहायता के लिए किसी विधायक के पास आता है, तो उस समय किया गया ऐसा कृत्य प्रभुत्वशाली स्थिति में किया गया माना जाएगा और ऐसा कोई भी कृत्य 'गंभीर अपराध' होगा। यही आपका तर्क है।

**SG:** तर्क के लिए ही सही हम यह मान लें कि वह धारा 5 के तहत लोक सेवक नहीं है। तब भी वह धारा 3 के अंतर्गत आएगा। संशोधन ने कोई नया अपराध नहीं बनाया है, बल्कि केवल सजा को कठोर किया है।

**CJI:** यह मामला लीगल सवाल उठा रहा है और जिन हाईकोर्ट के जजों ने यह आदेश पारित किया है, वे अत्यंत उत्कृष्ट जज हैं। लेकिन हम सभी से त्रुटियां हो सकती हैं। POCSO के तहत 'लोक सेवक' की इस परिभाषा को देखना होगा। हमें यह चिंता है कि अगर एक कॉन्स्टेबल को इस अधिनियम के तहत लोक सेवक माना जाए, तो एक विधायक को इससे बाहर कर दिया जाए?

**सेंगर की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ दवे, एन. हरिहरन:** CBI की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि POCSO अधिनियम के तहत गंभीर अपराध के लिए किसी विधायक को लोक सेवक नहीं माना जा सकता। उनका तर्क था कि कोई भी दंड विधि तब तक किसी अन्य कानून से परिभाषा नहीं ले सकती, जब तक कानून में ऐसा स्पष्ट रूप से न कहा गया हो और IPC में लोक सेवक की अपनी अलग व्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल के दौरान जो आरोप तय किए गए और जिनका उत्तर दिया गया, वे IPC की धारा 376(i) के अंतर्गत थे। क्या यह मीडिया ट्रायल है? हाई कोर्ट के जजों की तस्वीरें प्रसारित की जा रही हैं।

## कोर्ट के फैसले से पीड़िता खुश

# 'लड़ाई जारी रहेगी, सेंगर को मिले फांसी की सज़ा'



File

पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कई संगठनों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था।

आईएएनएस, नई दिल्ली

**पीड़ित परिवार** ने सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर खुशी जताई है। पीड़िता ने कहा, 'मैं कोर्ट के फैसले से बहुत खुश हूं। सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिला और पूरा भरोसा है कि आगे भी मिलता रहेगा। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और यह सुनिश्चित करूंगी कि उसे फांसी की सजा मिले तभी हमारे परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। मैं उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मुझे न्याय दिलाने में मदद की। मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी होगी।'

पीड़िता की मां ने भी कहा कि मैं इस फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहती हूं। सुप्रीम कोर्ट ने मेरे साथ न्याय किया है। मुझे हमेशा से कोर्ट पर भरोसा था इसलिए कहती थी कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

### 'अब हमें राहत मिली'

पीड़िता की मां ने कहा कि हम हाई कोर्ट पर कोई इल्जाम नहीं लगा रहे। लेकिन उन्होंने मेरा भरोसा तोड़ा और हमारे साथ अन्याय किया। जब मुझे इंसाफ नहीं मिला, तब हम चिल्लाए। मेरे बच्चे सड़कों पर आ गए लेकिन अब राहत मिली है। सरकार जो फैसला करेगी अच्छा ही करेगी।

### 'कोर्ट का धन्यवाद'

पीड़िता के वकील हेमंत कुमार मौर्य ने कहा, 'मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं। आज कोर्ट ने कहा कि किसी भी हालत में सेंगर को जेल से निकलने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को अब भी धमकी मिल रही है, लेकिन उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है।'

## सेंगर की बेटी बोलीं- थकी हुई, डरी हूं

NBT रिपोर्ट: सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कुलदीप सिंह सेंगर की बेटी इशिता सेंगर ने पोस्ट लिखा। उन्होंने खुद को 'थकी हुई, डरी हुई और धीरे-धीरे भरोसा खोती हुई' बताया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, इशिता ने लिखा कि वह एक बेटी के रूप में यह पोस्ट लिख रही हैं, जो अब भी उम्मीद थामे हुए हैं, क्योंकि उनके पास कोई और रास्ता नहीं बचा। उन्होंने बताया कि उनका परिवार बीते आठ वर्षों से चुपचाप न्याय व्यवस्था पर भरोसा करते हुए इंतजार करता रहा। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने सार्वजनिक विरोध इसलिए नहीं किया क्योंकि वे संस्थाओं में विश्वास रखते थे। उन्होंने लिखा कि उन्हें राजनीतिक पहचान के कारण 'ताकतवर' कहा गया, लेकिन आठ साल तक उनकी आवाज नहीं सुनी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उनका परिवार आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से टूट गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर मिलने वाली धमकियों का भी जिक्र किया और कहा कि वर्षों तक उन्हें रेप और जान से मारने की धमकियां मिलीं। उन्होंने चिंता जताई कि कहीं डर और जनभावना तथ्यों और कानूनी प्रक्रिया पर हावी न हो जाए। उन्होंने साफ किया कि यह पत्र किसी सहानुभूति या विशेष सुविधा के लिए नहीं है, बल्कि केवल न्याय की मांग है।

> उन्होंने सोशल मीडिया पर मिलने वाली धमकियों का भी जिक्र किया

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना डीईई_जेएमपी_13/25-26, दिनांक 24.12.2025, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (निर्माण), जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जिला -मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम : "क्रेन शॉप में 140 टी क्रेन डीईडीसी और टॉवर कार की स्टॉकिंग सामग्री के लिए नए शेड का निर्माण और वर्कशॉप के अंदर डब्ल्यूआरएस-III आदि की फ्लोरिंग"। विज्ञापित निविदा मूल्य : रु.2,35,25,558/- बयाना राशि: रु. 2,67,600/-, खुलने की तिथि: दिनांक 23.01.2026, कार्य की समापन अवधि: 12 (बारह) माह। MISC-341/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें यहां देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### बिना आधार सुबह चार घंटे टिकट नहीं

NBT रिपोर्ट: बिना आधार लिंक वाले IRCTC यूजर्स सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। ये नियम केवल रिजर्व रेल टिकट बुकिंग खुलने के पहले दिन पर लागू होगा। रिजर्व टिकट की बुकिंग ट्रेन डिपार्चर की तारीख के 60 दिन पहले खुलती है। ET की रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे इस नियम को तीन फेज में लागू कर रहा है। पहला फेज लागू हो चुका है।

## बरेली कैफे में हंगामे के मामले में बजरंग दल के 5 कार्यकर्ता अरेस्ट



पुलिस ने कहा, दो स्थानीय नेताओं को भी आरोपी बनाया गया है।

NBT रिपोर्ट, मेरठ/बरेली

**बरेली के** द डेन कैफे में B.Sc छात्रा की जन्मदिन पार्टी के दौरान हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने बजरंग दल के पांच कार्यकर्ताओं को सोमवार को अरेस्ट कर लिया। कार्यकर्ताओं पर मुस्लिम युवकों की मौजूदगी के कारण आपत्ति जताने और कैफे में घुसकर युवाओं को धमकाने, सांप्रदायिक तनाव भड़काने के आरोप हैं।

पुलिस ने बताया कि एक नाबालिग आरोपी के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। बरेली पुलिस के अनुसार, B.Sc फर्स्ट ईयर की छात्रा ने बयान में कहा कि वह बालिग है और कैफे में मौजूद सभी लोग उसके दोस्त थे। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम युवकों को देखकर कैफे में 'लव जिहाद' के आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने कैफे के कर्मचारियों से बदसलूकी की और अंदर बैठे लोगों को डराने की कोशिश की। पुलिस ने कहा, मामले में दो स्थानीय नेताओं को भी आरोपी बनाया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

### भैंस की मौत, 200 ने लगवाई वैक्सीन

भाषा, बदायूं: बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में एक भैंस की मौत के बाद गांव में डर का माहौल बन गया। बताया गया कि भैंस को कुछ दिन पहले एक कुत्ते ने काट लिया था और 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। यह खबर फैलते ही गांव के करीब 200 लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और एहतियात के तौर पर रेबीज का टीका लगवाया। ग्रामीणों के अनुसार, 23 दिसंबर को पिपरौल गांव में तेरहवीं का कार्यक्रम हुआ था। इसमें पूरे गांव को दावत दी गई थी और रायता भी परोसा गया था। बाद में पता चला कि रायता उसी भैंस के दूध से बनी दही से तैयार किया गया था। इससे लोग घबरा गए।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, आईआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के ज़रिए दो-पैकेट सिस्टम के तहत सक्षम और आर्थिक रूप से मज़बूत पार्टियों से "कोलाड और सूरतकल स्टेशनों के बीच कोंकण रेलवे पर रोल-ऑन-रोल-ऑफ (रोरो) सेवा की मार्केटिंग और संचालन" के लिए खुली निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसकी अवधि एक साल है जिसे और एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। **निविदा सूचना क्र: सीओ-16011-3-2023-सीओएमएम-2025, दिनांक 26.12.2025. ऑनलाइन ऑफ़र जमा करने की अंतिम तिथि/ समय:** 27.01.2026 दोपहर 15:00 बजे तक। हस्तलिखित निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएगी। विस्तृत जानकारी / सहभागिता के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखें। यदि कोई शुद्धिपत्र / परिशिष्ट होगा, तो उसे केवल इसी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**रोजगार अधिसूचना**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अभियांत्रिकी विभाग में सहायक अभियंता पद के लिए निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर **वॉक-इन-इंटरव्यू** के ज़रिए रोजगार अधिसूचना जारी किया है। विवरण इस प्रकार है:

**रोजगार अधिसूचना सं. सीओ/पी-आर/13सी/2025 दिनांक 19.12.2025**

| क्र. सं. | पद का नाम | यूआर | कुल पदों की संख्या | वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | सहायक अभियंता | 1 | 1 | 06.01.2026 |

उम्मीदवार अधिसूचना, पात्रता मापदंड इ. की विवरण के लिए केआरसीएल की वेबसाइट **www.konkanrailway.com** पर लिंक → भर्ती → वर्तमान अधिसूचना पर देख सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

### तमिलनाडु में प्रवासी पर हमला कर विडियो बनाई, 4 हिरासत में

भाषा, तिरुवल्लूर: तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में शराब के नशे में महाराष्ट्र के एक प्रवासी पर चाकू से हमला करने और इसका विडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में चार नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी। घटना 26 दिसंबर की शाम की है। जनता से मिली सूचना के आधार पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित को बचा लिया। पीड़ित की पहचान कोल्हापुर के रहने वाले सूरज (34) के रूप में हुई है। आरोप है कि नाबालिगों ने एक ट्रेन के अंदर सूरज की गर्दन पर चाकू रखकर वीडियो बनाई।

## असम ही नहीं, पूरे भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे: शाह

पीटीआई, बोरदुवा (असम)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस असम के लोगों, उनकी संस्कृति, भूमि और पहचान के लिए खतरा पैदा करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मान रही है। शाह ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार न केवल असम, बल्कि पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल 'असमिया लोगों की सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया है।'



'ज्योति-विष्णु अंतर्राष्ट्रीय कला मंदिर' का अमित शाह ने शुभारंभ किया।

गृह मंत्री ने नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान, बटद्रवा थान की 227 करोड़ रुपये की लागत वाली पुनर्विकास परियोजना का शुभारंभ किया। शाह ने कहा कि श्रीमंत शंकरदेव की जन्मभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख बीघा से अधिक भूमि मुक्त कराई है।' उन्होंने रैली में उपस्थित लोगों से कहा, 'बीजेपी को असम को घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए पांच साल का और समय दीजिए।' गृहमंत्री ने कहा, 'हम न केवल असम, बल्कि पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे।' उन्होंने कहा कि शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका प्रधानमंत्री अब अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने असम में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं, जो न केवल कागजों पर बल्कि वास्तविकता में भी साकार हो रहे हैं।'

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: cci Time: 12-29-2025 22:26 Color:



मैं गौतम गंभीर को लेकर मीडिया में चल रही अटकलों के संबंध में एक चीज स्पष्ट करना चाहता हूं। BCCI सचिव ने भी साफ कर दिया है कि गंभीर को हटाने या भारत के लिए नया हेड कोच लाने की कोई योजना नहीं है। -राजीव शुक्ला, उपाध्यक्ष, BCCI

**7** सेंचुरी लगाई शुभमान गिल ने भारत के लिए साल 2025 में। वह तीनों फॉर्मेट को मिलाकर इस साल जो रूट (7 सेंचुरी) के साथ सर्वाधिक सेंचुरी बनाने वाले प्लेयर हैं

### भारतीय टेस्ट टीम के प्लेयर ध्रुव ने वनडे फॉर्मेट में भी दिखाई काबिलियत

# जुरेल चले, पंत का बल्ला नाकाम

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: आगामी टी20 वर्ल्ड कप की टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, हालांकि उनकी अगुआई में दिल्ली की टीम ने सौराष्ट्र को तीन विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। वहीं दूसरी ओर भारतीय टेस्ट टीम विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतक जड़ा, जबकि टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किए गए रिंकू सिंह ने भी आकर्षक पारी खेली।

**पूरा किया पहला शतक:** जुरेल ने राजकोट में हुए एलीट ग्रुप-बी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए बड़ौदा के खिलाफ महज 101 बॉल पर 160 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 15 फोर और 8 सिक्स शामिल थे। लिस्ट-ए क्रिकेट में जुरेल का यह पहला शतक है। यूपी के कप्तान रिंकू सिंह ने भी 63 रन की पारी खेली जिसमें तीन छक्के शामिल रहे। नंबर तीन पर उतरे जुरेल की जोरदार पारी की बदौलत यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में 369 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बड़ौदा की टीम ओपनर शाश्वत रावत (60 रन) और कप्तान क्रुणाल पंड्या (82 रन, 77 बॉल, 10 फोर, 2 सिक्स) के प्रयासों के बावजूद 50 ओवर्स में 315 रन ही बना सकी और यूपी ने 54 रनों से जीत दर्ज की।



ऋषभ पंत | ध्रुव जुरेल

**दिल्ली की जीत में चमके सैनी और प्रियांश:** अलूर में हुए ग्रुप-डी मैच में दिल्ली ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवदीप सैनी के ऑलराउंड खेल (34 रन*, 3/41 विकेट) से सौराष्ट्र को तीन विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने विश्वराज जाडेजा की सेंचुरी (115 रन, 104 बॉल, 13 फोर, 1 सिक्स) और रुचित अहीर की नाबाद 95 रनों की पारी से 50 ओवर्स में 320/7 का स्कोर खड़ा किया। सैनी ने दस ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में दिल्ली की टीम ने ओपनर प्रियांश आर्य (78 रन, 45 बॉल, 5 फोर, 6 सिक्स), तेजस्वी दहिया (53 रन), हर्ष त्यागी (49 रन) के अलावा अंत में सैनी की 29 बॉल में 34 रनों की नॉट आउट पारी के दम पर 48.5 ओवर्स में सात विकेट पर 321 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम के कप्तान पंत ने 26 गेंद पर 22 रन बनाए। उनकी इस छोटी पारी में दो छक्के आकर्षण का केंद्र रहे।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

**हरियाणा ने गुजरात को हराया:** बेंगलुरु में खेले गए मैच में हरियाणा (49.4 ओवर्स में 299 रन) ने गुजरात (47.1 ओवर्स में 273 रन) को 26 रनों से हराया। हरियाणा के लिए ओपनर मयंक शांडिल्य ने 105 गेंदों पर सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली, जबकि हिमांशु राणा ने भी अर्धशतक लगाया। गुजरात की टीम जयमीत पटेल और विशाल जैसवाल की फिफ्टी के बावजूद लक्ष्य से दूर रह गया।

**शार्दुल ने दिलाई मुंबई को जीत:** जयपुर में हुए मैच में कप्तान शार्दुल ठाकुर (4/13) की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने ग्रुप-सी मैच में छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करते हुए मुंबई छत्तीसगढ़ को 38.1 ओवर्स में 142 रन पर आउट कर दिया। लेफ्ट आर्म स्पिनर शम्स मुलानी ने पांच विकेट झटके। अंगकृष रघुवंशी (68* रन) और सिद्धेश लाड (48* रन) की 102 रन की साझेदारी से मुंबई जीत गई।

### कोहली 6 जनवरी को फिर एक्शन में

■ नई दिल्ली: दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि दिग्गज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। BCCI के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य था। कोहली अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे।

## स्पोर्ट्स QUIZ

**इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।**

1. भारत और श्रीलंका के बीच महिला टी20I सीरीज में सर्वाधिक रन किस बैटर ने बनाए हैं?
A) स्मृति मंधाना B) जेमिमा रोड्रिग्स C) शेफाली वर्मा D) चामरी अटापट्टू

2. शुभमान गिल ने साल 2025 में कितनी सेंचुरी लगाई है?
A) आठ B) दस C) पांच D) सात

**कल के जवाब**
1. B) 380 2. C) 1

**लकी WINNER**


1. शहनाज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
2. श्रीजा पहाड़े, लोअर परेल, मुंबई
3. रमा सेठी, वसंत कुंज, नई दिल्ली

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### नीरू ढांडा को गोल्ड

■ नई दिल्ली: एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ढांडा ने कर्णी सिंह रेंज में चल रही नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस ट्रैप इवेंट का गोल्ड मेडल जीता। 25 साल की नीरू ने फाइनल में 41 हिट के साथ खिताब जीता। नीरू को दिल्ली की कीर्ति गुप्ता से कड़ी टक्कर मिली जिन्होंने 40 सटीक निशानों के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।

### इंडिया ओपन 13 से

■ नई दिल्ली: BWF इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13 से 18 जनवरी तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट अब केडी जाधव हॉल के बजाय बड़े मंच पर होगा, जहां 8,000 से ज्यादा दर्शक बैठ सकेंगे। टिकट 400 रुपये से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। इस प्रतियोगिता में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग और एन से-यंग जैसे सितारे खेलेंगे।

### बीम्स बनी MI की कोच

■ मुंबई: डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 2026 विमिंस प्रीमियर लीग से पहले ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। बीम्स 2017 वनडे वर्ल्ड कप में तीसरी सबसे सफल गेंदबाज रही थीं।

### जगरीत का रेटिंग खिताब


■ नई दिल्ली: दिल्ली के 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित पहले शतरंज वेदा फिडे रैपिड रेटिंग टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। जगरीत ने 8.5 अंक जुटाए और 90 रेटिंग अंक हासिल किए।

# MCG की 'असंतोषजनक' पिच को एक डिमेरिट अंक

■ एजेंसियां, दुबई: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मेलबर्न में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को सोमवार को 'असंतोषजनक' करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रेफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था।

ICC ने कहा, 'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) की पिच असंतोषजनक थी जिसके लिए ICC पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत MCG पर 1 डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर किसी मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा, 'MCG की पिच बोलर की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बैटर फिफ्टी भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और MCG पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।'


मैच रेफरी ने चौथे टेस्ट की पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया




### चोटिल एटकिंसन सिडनी टेस्ट मैच से हुए बाहर

सिडनी: इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं और वह हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण सिडनी में होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। एटकिंसन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे। सोमवार को उनका स्कैन कराया गया जिससे बाएं पैर में चोट का पता चला इसके बाद उन्हें औपचारिक तौर पर बाहर कर दिया गया। इंग्लैंड के स्टार पेसर मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर पहले ही चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

# पहली बार टी20 में झटके 8 विकेट

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: भूटान के स्पिनर सोनम येशे किसी भी तरह के टी20 मैच (घरेलू या अंतरराष्ट्रीय) में आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बाएं हाथ के स्पिनर सोनम ने बीते 26 दिसंबर को भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20I मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने सात रन देकर आठ विकेट लिए जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था। सोनम से पहले टी20I क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रेकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ आठ रन देकर सात विकेट लिए थे।

क्रिकेट कॉर्नर

भूटान के स्पिनर सोनम येशे

### ब्रेसवेल ने लिया संन्यास

नई दिल्ली: न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से सन्यास लेने का ऐलान किया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने अपने करियर के दौरान 2011 से 2023 तक 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20I मैच खेले। ब्रेसवेल ने कुल 74 टेस्ट विकेट के साथ रिटायरमेंट लिया है। अपने तीसरे ही टेस्ट में उन्होंने (6/40) होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराने में न्यूजीलैंड की मदद की थी, जिसमें उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

### अगस्टिना के गोल से जीते बंगाल टाइगर्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बंगाल टाइगर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग के अपने पहले मैच में जीत से शुरुआत की। उन्होंने सोमवार को लीग के दूसरे मैच में सूरमा हॉकी क्लब को 1-0 के मामूली अंतर से हराया। मैच का एकमात्र गोल बंगाल टाइगर्स के लिए अगस्टिना गोरजेलानी ने दागा।

हॉकी इंडिया लीग

अगस्टिना

# रोनाल्डो का 'मिशन-1000'




आप जानते हैं मेरा लक्ष्य क्या है। मैं और अधिक ट्रॉफी जीतना चाहता हूं और उस संख्या तक पहुंचना चाहता हूं जिसे आप सभी जानते हैं। - क्रिस्टियानो रोनाल्डो, प्लेयर, पुर्तगाल

■ एजेंसियां, दुबई: दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर के अंत तक 1,000 गोल करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। पुर्तगाल के इस 40 साल के दिग्गज खिलाड़ी को पूरा विश्वास है कि वह अगर फिट रहे तो इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उनके नाम शीर्ष स्तर के प्रफेशनल फुटबॉल में 956 गोल हैं। रोनाल्डो को दुबई में आयोजित 'ग्लोब सॉकर अवार्ड्स' समारोह में मध्य पूर्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

**किस हाफ में किए कितने गोल**

| पहला हाफ | दूसरा हाफ | एक्स्ट्रा टाइम |
|---|---|---|
| 356 | 442 | 7 |




## प्रधानमंत्री ने मेडल विनर हंपी, अर्जुन को दी बधाई

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहा में फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप के महिला और ओपन वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले भारतीय चेस के दिग्गज खिलाड़ियों कोनेरू हंपी और अर्जुन एरिगैसी को बधाई दी। PM मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दोहा में 2025 फिडे वर्ल्ड रैपिड चेस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में ब्रॉन्ज पदक जीतने वाली कोनेरू हंपी को हार्दिक बधाई। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं।' एरिगैसी के लिए उन्होंने लिखा, 'दोहा में आयोजित फिडे वर्ल्ड रैपिड चेस चैंपियनशिप के ओपन वर्ग में ब्रॉन्ज जीतने पर अर्जुन एरिगैसी पर गर्व है। उनका दृढ़ संकल्प सराहनीय है।'

वर्ल्ड रैपिड ऐंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप

हंपी (बाएं) और एरिगैसी

## श्रीलंका पर क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

■ एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम: भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को होने वाले पांचवें और अंतिम टी20I मुकाबले में श्रीलंका को हराकर पांच मैचों की सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। यह सीरीज भारत के लिए इंग्लैंड में अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों का अहम पड़ाव है। श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे पर तीन-तीन टी20I मैच खेलेगी। स्मृति मंधाना की फॉर्म में वापसी भारत के लिए बड़ी राहत रही है। चौथे टी20I में मंधाना ने 80 रन बनाए थे, जबकि उनकी ओपनिंग पार्टनर 236 रन के साथ सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली प्लेयर है।

भारत Vs श्रीलंका
टी20I सीरीज, पांचवां मैच

स्मृति (दाएं) और शेफाली वर्मा

# स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज

## ताज बचाने उतरेंगे गुकेश



भारतीय शतरंज के लिए साल 2025 एक ऐसा वर्ष रहा, जिसे ऐतिहासिक और चुनौतीपूर्ण दोनों कहा जा सकता है। एक ओर युवा सितारों ने विश्व स्तर पर भारत का दबदबा कायम रखा, वहीं मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के लिए यह साल बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। साल 2024 के अंत में सबसे कम उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाले गुकेश के लिए अगले साल अपना ताज बचाने की चुनौती होगी। गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में हमवतन प्रग्नानंदा से टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब वह गोवा में आयोजित फिडे वर्ल्ड कप 2025 के तीसरे राउंड में ही हारकर बाहर हो गए।

**सबसे बड़ा सवाल?**

2026 में सबसे बड़ा सवाल होगा कि क्या गुकेश अपना सिंहासन बचा पाएंगे? वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद से खराब फॉर्म के बावजूद गुकेश ने यहां-वहां अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने नॉर्वे चेस में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल फॉर्मेट में पहली बार हराकर सनसनी फैला दी। इसके अलावा, यूरोपियन क्लब कप में व्यक्तिगत और टीम इवेंट में गोल्ड जीता। संभव है कि वह सही वक्त पर लय पकड़ ले और अगले दो साल तक अपना राज बरकरार रखे।

इनमें से कोई हो सकता है

## चैलेंजर

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शामिल आठ खिलाड़ियों के 2025 के प्रदर्शन को देखते हुए तीन खिलाड़ी जीत के प्रबल दावेदार होंगे। इनमें से कोई गुकेश को चैलेंज कर सकता है:



**1. आर प्रग्नानंदा** *(भारत)*
उन्होंने फिडे सर्किट 2025 जीतकर कैंडिडेट्स के लिए क्वॉलिफाई किया है। उन्होंने गुकेश को टाटा स्टील चेस में हराया और कई एलीट टूर्नामेंट्स में टॉप पर रहे।

**2. फैबियानो कारुआना** *(अमेरिका)*
दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी कारुआना को 'कैलकुलेशन मशीन' माना जाता है। उन्होंने फिडे सर्किट 2024 के विजेता के रूप में क्वॉलिफाई किया है।

**3. हिकारू नाकामुरा** *(अमेरिका)*
हिकारू वर्ल्ड नंबर-2 हैं। उन्हें ब्लिट्ज फॉर्मेट में महारत हासिल है, लेकिन उन्होंने क्लासिकल चेस में भी अपनी रेटिंग 2800 के ऊपर बनाए रखी है।

**7** खिताब जीते मैग्नस कार्लसन ने 2025 में और वह साल के सबसे सफल चेस प्लेयर रहे। वह चेस के तीनों फॉर्मेट्स में 2800+ रेटिंग के साथ नंबर-1 पोजिशन पर कायम रहे

**91** चेस ग्रैंडमास्टर हो गए हैं भारत में। साल 2025 में एलआर श्रीहरि, हरिकृष्णन ए रा, दिव्या देशमुख, एस रोहित कृष्णा, एआर इलमपार्थी, वीएस राहुल ने यह खिताब हासिल किया

## दिव्या के लिए एक और बड़ा मौका



2025 में दिव्या देशमुख फिडे विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय प्लेयर बनी। दिव्या ने ढेर सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। वह 18 साल की उम्र में वर्ल्ड जूनियर चैंपियन बनी, एशियन विमिंस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता, चेस ओलिंपियाड में भारतीय विमिंस टीम को 'टीम गोल्ड' दिलाने में अहम भूमिका निभाई और व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीता। अगर वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट-2026 को जीत लेती हैं, तो उनके पास मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देने और खिताब जीतने का मौका होगा।

**साल 2026 में चेस: सबसे बड़े इवेंट्स**

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| टाटा स्टील चेस | 16 जनवरी-1 फरवरी | नीदरलैंड्स |
| फिडे कैंडिडेट्स | 28 मार्च-16 अप्रैल | साइप्रस |
| विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट | 28 मार्च-16 अप्रैल | साइप्रस |
| चेस ओलिंपियाड | 15-28 सितंबर | उज्बेकिस्तान |
| वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप | नवंबर | अभी तय नहीं |

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा और आपके सभी काम भी बनते जाएंगे। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आज सकारात्मक कुछ की बात भी हो सकती है। छोटे-मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May): आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। सायंकाल के समय किसी खास मेहमान का आपके घर आगमन हो सकता है।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी आशातीत उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। शत्रु आपकी नजर भी आपके उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** (22 Jun - 22 Jul): आज किसी परिजन का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। जिसकी चिंता में आपका आज का दिन व्यतीत होगा। किसी मित्र के लिए पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यकौशल की प्रशंसा होगी। आज घर पर किसी समारोह के लिए आपकी सलाह ली जाएगी। यदि सबकी सहमति हो, तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

**LEO** (23 Jul - 22 Aug): आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी, क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अधिकारी आपका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। नौकरी, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आप दूसरों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, इसलिए आज भी किसी की मदद करने में आप अपना दिन बिताएंगे। किसी विशेष काम के लिए भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी, जिसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप आज अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही, कुछ आप अपने स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमत्ता से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आज आकस्मिक मंगलमय समाचार मिलेगा। कारोबार के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। कला-विज्ञान परियोजना में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े-झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज आपको किसी नए संपर्क का लाभ मिलेगा। अतीत में किए गए पुण्यों का आज फायदा मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक आयोजनों में जाने का अवसर मिलेगा।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज सामाजिक, धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। यह समय भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिनभर प्राप्त होते रहेंगे। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिनभर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय के आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मनोरंजन का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका भविष्य सुखद होगा।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। संयम व सावधानी बरतें। आज के दिन विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज पैसे उधार न दें, वापिस नहीं मिलेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। जनवरी 2026 शेष में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। फरवरी में ग्रह चाल माध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। मार्च, अप्रैल, नई पूर्वविद्या शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जून से जुलाई तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों की बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। अगस्त-सितंबर में कुछ अनावश्यक प्रयासों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कार्यों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष अक्टूबर में अपने काम काज का विस्तार करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव नवंबर-दिसंबर तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 जनवरी से लेकर 30 जनवरी 2027 तक सभी स्थितियां सामान्य रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है अतः श्री सुंदरकांड पाठ एक नित्य रात्रि में 8 बजे के उपरांत शुद्ध घृत का दीपक जलाकर 40 दिन पर्यंत करें। शनिवार को सायंकाल पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बुधवार, 31 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 10, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, एकादशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 17, रजब 10, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 31 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। एकादशी तिथि क्षय। द्वादशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 48 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। कृत्तिका नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 30 मिनट तक उपरांत रोहिणी नक्षत्र का आरंभ। साध्य योग रात्रि 9 बजकर 13 मिनट तक उपरांत शुभ योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 3 बजकर 27 मिनट तक। चन्द्रमा प्रातः 9 बजकर 23 मिनट तक मेष उपरांत अपनी उच्च राशि वृष पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-पुत्रदा एकादशी, वैकुण्ठ एकादशी का क्षय।


## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 6 |
| | | 9 | 8 | | 4 | 2 | | |
| | | 4 | 6 | | 7 | 3 | | |
| | 7 | | 1 | | 6 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 9 | | 5 | | 3 | | 7 | |
| | | 5 | 2 | | 1 | 7 | | |
| | | 6 | 4 | | 8 | 9 | | |
| 3 | | | | 5 | | | | 1 |

## TELEVISION




| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बदहूप बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 वीरा |
| 13:30 भ से भड़े | |



NBT AI टाइम मशीन


## आज ही दी गई थी सद्दाम हुसैन को फांसी

आज ही 2006 में इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दी गई थी। उन्हें 1982 के दुजैल नरसंहार में दोषी पाया गया था। यह इतिहास की सबसे चर्चित फांसियों में से है। राजनीतिक अहमियत, अमेरिका और अन्य देशों की भूमिका, फांसी का समय और तरीका, और ट्रायल की निष्पक्षता पर सवाल इसकी वजहें हैं। मानवाधिकार संगठनों ने विरोध किया। कुछ इसे न्याय मानते हैं, तो कुछ बदले की कार्रवाई कहते हैं।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। मुंबई
मंगलवार, 30 दिसंबर 2025, पेज 10

## सजा नहीं सुधार की होगी अहमियत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में मौत की सजा धीरे-धीरे खत्म होती जाएगी। मानवाधिकार सोच कहती है कि जीवन सबसे बड़ा अधिकार है। आधुनिक तकनीक जैसे DNA टेस्ट और AI से गलत सजा का खतरा कम होगा। इसलिए लोग फांसी की जगह सुधार और उम्रकैद को बेहतर मानेंगे। कई देश पहले ही मौत की सजा हटा चुके हैं। अगर कहीं यह रही भी, तो बहुत ही कम मामलों में ही इसे चुना जाएगा। 100 साल बाद फांसी शायद इतिहास बन जाएगी।




AI Images

SPEED News

### चिनाब नदी पर भारत की जलविद्युत




परियोजना पर पाकिस्तानी सांसद शेरी रहमान ने कहा कि पानी को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना संबंधों में तनाव और बढ़ाएगा।




### अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने जेलेंस्की से

फ्लोरिडा में मुलाकात के बाद कहा कि यूक्रेन-रूस शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब है। उन्होंने इसे जटिल भी बताया।

### चीन ने ताइवान के अलगाववादी बलों



के खिलाफ कार्रवाई के रूप में जलडमरूमध्य के मध्य क्षेत्रों में सैन्य अभ्यास शुरू किया। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है।



### प्रशांत महासागर को मेक्सिको की खाड़ी से

जोड़ने वाली रेल लाइन पर रविवार को ट्रेन के पटरी से उतर जाने से 13 लोगों की मौत हो गई। 98 घायल हैं।

# भड़का एंजेल के पिता का गुस्सा, मामूली बात कह नहीं दर्ज की FIR

### एंजेल की मेडिकल रिपोर्ट में सिर, पीठ, रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट की बात

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: देहरादून में त्रिपुरा के स्टूडेंट एंजेल चकमा की मौत पर उनके पिता तरुण प्रसाद चकमा ने कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि देहरादून के अस्पताल का स्टाफ लापरवाही में शामिल हो। ऑपरेशन के समय स्टाफ ने कहा था कि सर्जरी सफल रही, लेकिन बाद में इलाज ठीक से नहीं किया गया।

एंजेल के पिता ने कहा, 'पूर्वोत्तर से बच्चे पढ़ाई या काम के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों में जाते हैं। उनके साथ इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए। हम भी सभी भारतीय हैं। मैं नहीं चाहता कि जो मेरे बच्चे के साथ हुआ वह किसी और के साथ हो। मुझे रात में छोटे बेटे का फोन आया, जिसमें उसने हमले की जानकारी दी। मैं तुरंत छुट्टी लेकर देहरादून पहुंचा। उसकी पीठ में दो बार चाकू मारा गया था, जिससे उसका बायां हाथ और पैर काम नहीं कर रहे थे। उसके सिर से बहुत खून बह रहा था।' उन्होंने कहा कि बेटे FIR कराना चाहता था, लेकिन यह कहकर मना कर दिया गया कि मामला छोटा है। जब वह खुद पहुंचे, तब FIR दर्ज की गई। एंजेल की मेडिकल रिपोर्ट में सिर, पीठ, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क में गंभीर चोटें लगने की पुष्टि हुई है। शरीर के दाहिने हिस्से में लकवा भी मार गया था। घटना से जुड़े तीन CCTV भी फुटेज सामने आए हैं। फुटेज में कुछ युवक वहां पहुंचते दिख रहे हैं और दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो जाती है। इसमें मारपीट का दृश्य कैद है। मौके पर भीड़ थी, लेकिन बीच-बचाव नहीं किया गया।




चकमा के इंसाफ की मांग के लिए त्रिपुरा में लोगों ने एक कैंडल मार्च निकाला।

**उठाए सवाल**

देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयानक अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। *-राहुल गांधी, विपक्ष के नेता, लोकसभा*

त्रिपुरा के छात्र की हत्या नफरती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है। विघटनकारी सोच रोज किसी की जान ले रही है। एकता-अखंडता खतरे में है। *-अखिलेश यादव, SP*

# आंध्र प्रदेश में ट्रेन के 2 एसी कोच में लगी आग, एक यात्री की मौत



टाटानगर से एर्नाकुलम जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के दो AC कोच में आग लग गई।

- आग B1 कोच में लगी, फिर M2 कोच में फैल गई। यात्रियों ने इमरजेंसी चेन खींची और बाहर भागे।
- पुलिस ने बताया कि रात 12:45 पर आग की सूचना मिली थी। दोनों कोच से 143 यात्रियों को बचाया गया
- घटना में एक यात्री की मौत हो गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि आग लगने की वजह पता नहीं चली है।

## US में 2 भारतीयों की जान गई

■ पीटीआई, हैदराबाद: तेलंगाना की दो महिलाओं की अमेरिका में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह जानकारी सोमवार को उनके परिवार वालों ने दी। सोमवार को तड़के करीब तीन बजे (भारतीय समयानुसार) कैलिफोर्निया के बिशप शहर में एक कार दुर्घटना में मेघना रानी और के. भावना की मौत हो गई। दोनों ही 24 साल की थीं और एक टूर पर गई थीं। कार हादसे में दोनों महिलाओं की मौके पर ही जान चली गई। बाकी लोग घायल हो गए। महबूबाद जिले के गराला और मुलकानूर गांवों की निवासी दोनों महिलाएं हायर एजुकेशन के लिए अमेरिका गई थीं।

> तेलंगाना की रहने वाली हैं दोनों महिलाएं। 24 साल थी दोनों की उम्र

# 2026 के स्वागत के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़, 5 जनवरी तक वृंदावन नहीं आने की अपील

### सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

■ टीम NBT : 2025 को गुडबाय कहने और 2026 के स्वागत के लिए बड़ी तादाद में श्रद्धालु देश के कई धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे हैं। वृंदावन में भी भारी भीड़ उमड़ रही है। होटल-गेस्ट हाउस पहले ही फुल हो चुके हैं। ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर मैनेजमेंट ने 29 दिसंबर से 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं से वृंदावन न आने की अपील की है।

किसी भी पर्व या त्योहार पर या न्यू ईयर के दौरान कान्हा की नगरी वृंदावन में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर व्यवस्थाएं की जाती हैं। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए भी एंट्री सिस्टम लागू कर बाहरी गाड़ियों के वृंदावन में आने पर पर बैन लगा दिया जाता है। मगर, हर साल की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अपने ही पिछले रेकॉर्ड तोड़ रही है। 25 दिसंबर से ही श्रद्धालुओं के यहां आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचने के लिए दो-दो किमी तक लाइन लग रही।




**वाराणसी: 2 Km लंबी लाइन**

**बाबा विश्वनाथ के** दर्शन-पूजन की ललक से नए साल से पहले ही काशी में भीड़ चरम पर है। धाम के चार गेटों से भक्तों को प्रवेश दिए जाने और स्पर्श दर्शन पर रोक के बावजूद 2 किलोमीटर लंबी कतारें लगी तो खत्म नहीं हुईं। सोमवार की शाम तक तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालु दरबार में हाजिरी लगा चुके थे।

### अयोध्या पहुंच रहे 70-80 हजार भक्त

**सोमवार को** राम मंदिर में दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। रोजाना 70-80 हजार के करीब श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। मंदिर में सुगम और वीवीआईपी दर्शन पास के सभी स्लॉट पहली जनवरी तक के बुक हैं। इन लाइन पास की बुकिंग 12 जनवरी तक फुल हो चुकी है।









10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 22 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है वैकल्पिक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर स्कीम, फाइनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन के अनुसार बदल सकती है. फाइनान्स उपलब्ध है फाइनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑलन नेऑन और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd: •Alibagh Raj Motors 7378384030 •Bhandup PRATHAM BAJAJ 9769887555 •Bhiwandi PRATHAM BAJAJ 9769887555 •BOISAR MUMBAI BAJAJ 9004994969 •Byculla RAJ BAJAJ 9867642816 •Chembur AUTODEN BAJAJ 9326328955 •DAHANU MUMBAI BAJAJ 9136299390 •Dombivali Krishna Bajaj 8483855538 •Ghodbunder Road AV BAJAJ 8600931355 •Goregaon SURYODAY BAJAJ 8956832202 •Kalyan Krishna Bajaj 8855077723 •Kharghar RAJ BAJAJ 8976009454 •Mahad RAJ MOTORS 9637349195 •Mahim AUTODEN BAJAJ 9867771021 •MiraRoad(E) SURYODAY BAJAJ 8378030999 •Panvel CG BAJAJ 8657554004 •Pen CG Bajaj 8655449567 •Saki Naka PIONEER BAJAJ 7208996145 •Shahpur PRATHAM BAJAJ 9769887555 •Thane PRATHAM BAJAJ 9769887555 •Ulhasnagar Krishna Bajaj 9975554452 •Vashi RAJ BAJAJ 9867501873 •Vasai SURYODAY BAJAJ 8484014412 •Virar Suryoday Bajaj 8485839376 • Wada MUMBAI MOTORS 9172224620.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK2 User: tushar.darekar Time: 12-29-2025 21:44 Color:



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-29-2025 23:43 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 30 दिसंबर 2025 > पौष 9, शक संवत 1947, पौष शुक्ल दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 76, संख्या 206 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in



ढिल्लों के कॉन्सर्ट में विवाद पर तारा-वीर ने तोड़ी चुप्पी ▸p7

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

विजय हजारे ट्रॉफी में जुरेल का तूफानी शतक ▸p9



ट्रंप-ज़ेलेंस्की फ्लॉरिडा में मिले, कहा- 'पीस डील' 95% तैयार ▸▸पेज 10



रातभर बंटते रहे AB फॉर्म, पर उम्मीदवारों की लिस्ट नहीं हुई जारी ▸▸पेज 2



पूरे भारत में सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे : शाह ▸▸पेज 8

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 3

## अंतर्ज्ञान


मृत्यु से डरना, जीवन को अधूरा जीना है। जो मृत्यु को समझ लेता है, वह जीवन से प्रेम करना सीख जाता है। हर सांस हमें याद दिलाती है कि समय सीमित है और इसलिए हर क्षण पवित्र है। मृत्यु अंत नहीं, परिवर्तन है। यह हमें बताती है कि शरीर मिट सकता है, पर चेतना अमर है। जो मृत्यु को मित्र की तरह स्वीकार करता है, उसके भीतर से हर भय समाप्त हो जाता है। मृत्यु को देखकर अगर हम सचमुच जीना सीख जाएं, तो हर सुबह पुनर्जन्म बन जाती है। मृत्यु हमें सिखाती है कि समय कम है - इसलिए प्रेम कर लो, माफ कर दो और हर पल को पूजा बना दो। मृत्यु के भय से मुक्त होने के लिए सिर्फ आत्मा की अमरता को समझना है।

कैसा होगा आपका साल 2026

आध्यात्मिक गुरु सद्गुरुश्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंदजी) बता रहे हैं अगली 4 राशियों सिंह, कन्या, तुला और वृश्चिक का वार्षिक राशिफल। ▸▸पेज 5

## रेकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद नीचे गिरी चांदी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : कमजोर वैश्विक रुख के बीच भारी तेजी के बाद मुनाफावसूली हावी होने से सोमवार को चांदी की कीमतें रेकॉर्ड



AI Image

उच्च स्तर से लगभग 3% की गिरावट के साथ 2.32 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। सोने में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली से 4 दिन से जारी तेजी पर विराम लग गया। IBJA के अनुसार 99.5 सोना 1175 रुपये टूटकर 1,36,781.00 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 7,333 रुपये टूटकर 2,35440 रुपये प्रति किलो रही।

### सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
मुंबई : 136233 (-1171)
चांदी - .999 टच प्रति किलो
मुंबई : 235440 (+7333)

### अर्थसार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स : | 84,695.54 | (-345.91) |
| निफ्टी : | 25,942.10 | (-100.2) |
| रुयूएस डॉलर : | 89.96 | (+0.099) |
| रुयूरो : | 105.9337 | (+0.181) |

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 31.6 | 20.3 |
| सांताक्रुज | 32.3 | 17.0 |
| सूर्यास्त मंगलवार | 6:41 बजे | |
| सूर्योदय बुधवार | 7:12 बजे | |

NBT नवभारत ... सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई सीमा के बाहर।

हाई मोड पर पहुंचीं पॉलिटिकल पार्टियां

# BMC चुनाव: उम्मीदवारी का आख़िरी दिन है आज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी चुनाव के लिए सोमवार का दिन काफी महत्वपूर्ण रहा। जहां राजनीतिक दलों के कार्यालयों में एबी फॉर्म लेने वालों की भीड़ रही, वहीं टिकट न मिलने से लोगों में नाराजगी भी देखी गई। बीजेपी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (अजित), कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) सहित अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में नॉमिनेशन किया। बगावत की डर से बीजेपी और उद्धव सेना ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी नहीं की और सीधे एबी फॉर्म दे दिए। मुंबई बीजेपी के दादर ऑफिस में रविवार को सुबह 4 बजे तक उम्मीदवारों को फॉर्म बांटे गए, जबकि उद्धव सेना ने शिवसेना भवन में रात 3 बजे एबी फॉर्म भेजा। जिन उम्मीदवारों के पास एबी फॉर्म था, उन्होंने सेंटर पर जाकर फॉर्म भरा, जिससे वहां काफी भीड़ हो गई। मंगलवार को फॉर्म भरने का आखिरी दिन है। चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को हर हाल में आज ही फॉर्म भरने होंगे। आखिरी दिन होने की वजह से सेंटर पर भारी भीड़ की भी आशंका है। बीएमसी की अडिशनल कमिश्नर अश्विनी जोशी ने सोमवार को तैयारियों का जायजा लिया। इस बार बीजेपी ने बड़े नेताओं के निर्देश के बाद पार्टी के विधायकों और नेताओं के बच्चों के टिकटों पर कैंची चलाई है।

इधर, BJP-शिंदे सेना के बीच गठबंधन की घोषणा सोमवार देर रात मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने की। साटम ने बताया कि BJP 137 और शिंदे सेना 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



अधिकारियों ने BMC चुनाव की तैयारियों का अवलोकन किया।

### सोमवार को 357 उम्मीदवारों के फ़ाइल हुए नॉमिनेशन

**सोमवार को** 357 उम्मीदवारों ने बीएमसी चुनाव के लिए एप्लीकेशन जमा की, जबकि 1,225 नॉमिनेशन पेपर बांटे गए। अब तक कुल 11,568 नामांकन पेपर बंटे और कुल 401 फॉर्म जमा किए गए हैं। मंगलवार को नामांकन के आखिरी दिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पर्चे दाखिल किए जा सकेंगे। देर शाम तक बीजेपी के 66 उम्मीदवारों को मिला एबी फॉर्म लेकिन इनकी अधिकृत घोषणा नहीं की है। इसी तरह उद्धव सेना के 76 उम्मीदवारों को एबी फॉर्म मिला। जबकि शिंदे सेना और मनसे के उम्मीदवारों को एबी फॉर्म का देर रात तक इंतजार रहा। वहीं, सोमवार को कांग्रेस ने 87 उम्मीदवारों, एनसीपी अजित गुट ने 27 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। एनसीपी (शरद) और एआईएमआईएम ने भी 7-7 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। शिवसेना और बीजेपी के बीच मुंबई की कुछ सीटों को लेकर असमंजस था, जिसे सुलझाने के लिए देर रात तक बैठक चली।

### MMR क्षेत्र में बढ़ी पॉलिटिकल खींचतान

मनपा चुनाव नामांकन का आखिरी दिन आने तक MMR क्षेत्र में राजनीतिक खींचतान जारी है। नवी मुंबई में सोमवार को शिवसेना (शिंदे गुट) जिला प्रमुख किशोर पाटकर ने अधिकारिक तौर पर महायुति टूटने की घोषणा कर दी। इसके अलावा मीरा-भाईंदर में भी BJP-शिवसेना के बीच बात नहीं बनी और दोनों ही दलों ने यहां सभी 95 सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। यहां BJP विधायक नरेंद्र मेहता के बेटे तक्षील मेहता के चुनावी मैदान में कूदने की अटकलें हैं। ▸▸पेज 2

### उल्हासनगर चुनाव में हुआ अजब गठबंधन

उल्हासनगर में BJP और शिवसेना (शिंदे गुट) अलग-अलग लड़ रहे हैं, जबकि टीम ओमी कालानी के 32 उम्मीदवार शिवसेना के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। वहां शिंदे सेना का ओमी कालानी की पार्टी TOK और साई पार्टी से गठबंधन है। इसके अलावा पनवेल में BJP 71 सीटों पर, जबकि शिंदे सेना 4 और अजित पवार की NCP दो सीटों पर लड़ रही है। ठाणे में MVA की फूट उजागर हुई है, हालांकि शरद गुट के जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि हम कांग्रेस को मना लेंगे। ▸▸पेज 2

# भांडुप में बेस्ट की बस ने कई लोगों को कुचला, 4 की मौत

## 10 से ज्यादा घायल, कुछ की हालत गंभीर



प्रिया पांडे/मनीष झा

■ **भांडुप:** भांडुप रेलवे स्टेशन के सामने सोमवार रात बड़ा हादसा हुआ है। बेस्ट की एक बस ने राह चलते लोगों को कुचल दिया। डीसीपी राजपूत ने बताया कि चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में 3 महिलाएं और एक पुरुष है। घायलों में एक महिला और 8 पुरुष हैं। कुछ गंभीर घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घटना सोमवार रात करीब 10:05 बजे भांडुप रेलवे स्टेशन के नजदीक बेस्ट बस डिपो के पास हुई। लोग दफ्तर से घर लौट रहे थे। वहां मौजूद एक शख्स ने बताया कि बेस्ट की एक बस के ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते बस वहां मौजूद लोगों की भीड़ पर चढ़ गई। इससे वहां अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। देखते ही देखते बस ने 12 से ज्यादा लोगों को चपेट में ले लिया। खबर लिखे जाने तक बेस्ट प्रशासन ने इस मामले पर कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी थी।

सूत्र बता रहे हैं कि रिवर्स लेते समय बस चालक का बस पर से नियंत्रण हट गया। इस घटना में घायल लोगों को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। इनमें एक 45 वर्षीय महिला को मृत घोषित कर दिया गया। प्रशांत लाड नाम के 51 साल के एक पुरुष का सीना और दोनों टांगें बुरी तरह जख्मी थीं। उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। बाकी घायलों का भी इलाज चल रहा है। मौके पर पुलिस के आला अफसर, एंबुलेंस वगैरह पहुंच चुके थे।

गौरतलब है कि 9 दिसंबर 2024 को भी कुर्ला में बेस्ट बस से ऐसा ही भीषण हादसा हुआ था। तेज रफ्तार बस कई लोगों को कुचलते हुए एक परिसर में घुस गई थी। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई थी। आरोपी चालक संजय मोरे को गिरफ्तार कर लिया गया था।

5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील

# मथुरा, काशी, अयोध्या में नए साल से पहले श्रद्धालुओं की भीड़

■ NBT न्यूज, मथुरा/वाराणसी

**नए साल** से पहले देश के बड़े धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मथुरा, काशी (वाराणसी) और अयोध्या जैसे प्रमुख तीर्थ शहरों में होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं पूरी तरह भर चुकी हैं। वृंदावन के ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर प्रबंधन ने भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं से 29 दिसंबर से 5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील की है।

वाराणसी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भी जबरदस्त भीड़ है। मंदिर में 4 गेट से प्रवेश मिल रहा है, इसके बावजूद श्रद्धालुओं की लाइन करीब 2 किलोमीटर तक पहुंच गई है। शहर की संकरी गलियां भी भक्तों से भरी हुई हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र के अनुसार, रोजाना औसतन 4 लाख से ज्यादा भक्त काशी पहुंच रहे हैं। 15 जनवरी तक शहर के सभी होटल, लॉन फुल हैं। ▸▸पेज 10



अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रोज 80 हजार लोग पहुंच रहे।

### 12 जनवरी तक अयोध्या में इन-लाइन पास खत्म

अयोध्या में भी रामलला मंदिर में रोजाना 80 हजार से अधिक लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सुगम और VVIP दर्शन पास के सभी स्लॉट 1 जनवरी तक पहले ही भर चुके हैं, जबकि इन-लाइन दर्शन पास की बुकिंग 12 जनवरी तक पूरी हो गई है। एक घंटे में श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ मिल रहा है।

# अरावली: SC की अपने फैसले पर रोक

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com


■ **नई दिल्ली:** अरावली रेंज की 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली पहाड़ न मानने के अपने ही आदेश पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। कोर्ट ने पहाड़ियों व पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया था, जिसको लेकर पर्यावरणविदों और आम लोगों ने चिंता जताते हुए सवाल उठाए थे। मामले में खुद संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा, किसी भी कार्यान्वयन से पहले एक निष्पक्ष, स्वतंत्र और विशेषज्ञ राय पर विचार किया जाना जरूरी है, ताकि स्पष्ट और निर्णायक मार्गदर्शन मिल सके।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने मामले में व्यापक जांच के लिए एक्सपर्ट्स की एक हाई लेवल कमिटी बनाने का प्रस्ताव रखा है। कोर्ट ने चिंता जताई कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और कोर्ट की टिप्पणियों की गलत व्याख्या हो रही है। रिपोर्ट या कोर्ट के निर्देशों को लागू करने से पहले अधिक स्पष्टता की जरूरत है। कोर्ट ने कहा, यह जांचना जरूरी है कि अरावली पहाड़ियों की परिभाषा से कहीं कोई संरचनात्मक विरोधाभास तो पैदा नहीं हो गया है? कोर्ट ने केंद्र सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

Anindya Chattopadhyay

### 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियों पर पहले दी थी खनन को मंजूरी

ऐसा प्रतीत होता है कि समिति की रिपोर्ट और इस कोर्ट के निर्णय दोनों में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को स्पष्ट करने में कमी हुई है। - सुप्रीम कोर्ट



### क्या है पूरा मामला और आशंका?

दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अरावली पहाड़ियों की अलग परिभाषाएं मुद्दा बनीं, जिससे नियामकीय खामियां और अवैध खनन के मामले सामने आए। आशंका जताई गई थी कि परिभाषा को कमजोर किए जाने से उन क्षेत्रों में खनन और निर्माण गतिविधियों को वैधता मिल सकती है।

### इन सवालों पर मांगी एक्सपर्ट की राय

■ क्या 100 मीटर या उससे अधिक ऊंची पहाड़ियां, भले बीच की दूरी निर्धारित 500 मी. से अधिक हो, पारिस्थितिक संरचना बनाती हैं?

■ क्या राजस्थान की 12,081 पहाड़ियों में से सिर्फ 1,048 ही 100 मीटर की ऊंचाई की सीमा को पूरा करती हैं?

# उन्नाव दुष्कर्म में दोषी सेंगर की बेल पर ब्रेक

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व BJP विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने साफ कहा कि सेंगर को हाई कोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश के आधार पर जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। कई अहम कानूनी सवाल उठे हैं जिन पर विचार आवश्यक है।

**CBI ने दी है चुनौती, अब 4 हफ्ते के बाद होगी सुनवाई**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने CBI की अर्जी पर सेंगर को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कहा, आमतौर पर जब कोई दोषी या विचाराधीन कैदी रिहा होता है, तो उसे सुने बिना ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगाते। यह केस अलग है, क्योंकि सेंगर पर एक अन्य मामले में भी दोषसिद्ध है और जेल में है।

सेंगर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और एन. हरिहरन ने हाई कोर्ट के आदेश को सही ठहराया और कहा कि POCSO की धारा 2(2) का हवाला नहीं दिया गया है और IPC में लोक सेवक की जो परिभाषा है, उसी के आधार पर सजा दी गई थी। CBI की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि घटना के समय लड़की 15 साल 10 महीने की थी। ऐसे में यह पेनेट्रेटिव सेक्सुअल ऐक्ट अपने आप में एक स्वतंत्र अपराध है। POCSO ऐक्ट की धारा 42A स्पष्ट करती है कि अगर किसी अन्य कानून से टकराव हो तो POCSO को प्राथमिकता मिलेगी, लेकिन हाई कोर्ट ने इस पहलू पर विचार नहीं किया। ▸▸पेज 8

File



### लड़ती रहूंगी, फांसी दिलाऊंगी : सर्वाइवर

सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर रेप सर्वाइवर ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और उसे फांसी दिलाकर रहूंगी। तभी परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा। उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और न्याय दिलाने में मदद की। मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब सेंगर को फांसी होगी।' उनकी मां ने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करते हैं। जिन लोगों ने मेरे पति का मर्डर किया, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए।'

### सेंगर को हाई कोर्ट से मिली थी ज़मानत

मामले में फैसला देने वाले हाई कोर्ट के जस्टिस योग्य हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है, इसलिए इस मामले में दोबारा विचार जरूरी है। - चीफ जस्टिस

■ कोर्ट बोला- पीड़िता को अलग से विशेष अनुमति याचिका दायर करने का वैधानिक अधिकार है। इसके लिए कोर्ट से अनुमति लेना जरूरी नहीं।

■ सजा सस्पेंड करने वाले HC के जजों के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं, इस पर SC ने कहा, कुछ लोग सियासी लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

### SC सुनेगा मुद्दा

सबसे अहम बहस 'लोक सेवक' की परिभाषा पर हुई। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, अगर कोई व्यक्ति पीड़ित पर प्रभुत्वशाली स्थिति में है, तो अपराध 'गंभीर' माना जाएगा। मान लें अगर ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल या सेना अधिकारी ऐसा कृत्य करे, तो वह गंभीर अपराध होगा। अब इस मामले में आगे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी।

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

# NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर चुनें

इस साल देश की प्रगति में पार्टनर बनीं ये सबसे प्रमुख हस्तियां NBT टीम ने काफी विचार-विमर्श के बाद चुनी हैं। देश के पैरा एथलीटों के योगदान को देखते हुए ऑप्शन B में हमने शीतल देवी और सुमित अंतिल को रखा है। आपके हिसाब से इनमें से NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर कौन है, वोट करके हमें बताएं।

### कैसे करें वोट

जो NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन

**9220747220**

पर वट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस हरमनप्रीत है तो मेसेज में A लिखकर भेज दें।

**A** हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)



2 नवंबर की रात हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की 16 महिलाओं ने इतिहास रचा। टीम ने वर्ल्ड कप के रूप में ICC का पहला खिताब अपने नाम किया। ICC खिताब न जीत पाने का बोझ एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक की खिलाड़ियों के कंधों पर चलता आ रहा था, लेकिन मानसिक रूप से बेहद मजबूत हरमन की टीम ने सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवाया।

**B** देश के पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)



आपने कितनी बार पैरा ऐथलीटों को नियमित (एबल-बॉडी) वर्ग की टीम में जगह बनाते देखा है? ये दुर्लभ उपलब्धि बिना हाथों के जन्मीं जम्मू-कश्मीर की 18 साल की शीतल देवी ने हासिल की। भारत के पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स में चैंपियनशिप रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

**C** दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)



चेस में भारत के बढ़ते रुतबे को उस वक्त नई ऊंचाइयां मिलीं, जब 2025 में 19 साल की दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया में आयोजित FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ निडर अंदाज में खेलते हुए दिव्या ने प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर (GM) खिताब भी हासिल किया और 2026 विमिंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पक्की कर खुद को वर्ल्ड चेस में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित किया। यह खिताब पाने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।

**D** कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह



ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दुनिया के सामने रखने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह इस ऑपरेशन का चेहरा बन गईं। वडोदरा की कर्नल सोफिया आर्मी की सिग्नल कोर में हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह एयरफोर्स में हेलिकॉप्टर पायलट हैं। उन्हें मास्टर ग्रीन रेटिंग मिली है।

**E** शुभांशु शुक्ला (ग्रुप कैप्टन, एयरफोर्स)



एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष पर जाने वाले दूसरे भारतीय बने। 1984 में राकेश शर्मा के उड़ान भरने के बाद यह यात्रा हुई। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु ने ISS में 7 टेस्ट किए थे। शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने मिलकर 60 से ज्यादा प्रयोग किए थे, जिनमें मानव स्वास्थ्य, अंतरिक्ष कृषि और अंतरिक्ष सूट के मटीरियल से जुड़े परीक्षण शामिल थे। वह 16 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 12-29-2025 23:17 Color:





**2,275** उम्मीदवार 2017 के मुंबई BMC चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने मैदान में थे।

# रातभर बंटते रहे फॉर्म, पर लिस्ट नहीं हुई जारी

## नामांकन का आज अंतिम दिन, 112 को BJP ने दिए फॉर्म

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**बीएमसी चुनाव के** लिए उम्मीदवारों के नाम बीजेपी, उद्धव सेना, शिंदे सेना और मनसे ने उम्मीदवारों के अधिकृत सूची जारी नहीं की है, लेकिन उम्मीदवारों को पूरी रात पार्टी ए और बी फॉर्म बांटती रही। सोमवार को कई सारे लोगों ने अपना नामांकन भर भी दिया। वैसे बीजेपी और शिंदे सेना के बीच और उद्धव सेना व मनसे के बीच गठबंधन की घोषणा पहले ही कर दी है लेकिन कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा, इसकी तस्वीर सोमवार की रात तक नहीं सामने नहीं आई। बताया गया कि कुछ सीटों को लेकर बात नहीं बन पाई है। मंगलवार नामांकन भरने की आखिरी तारीख है, इसलिए नामांकन भरने के स्थल पर भारी भीड़ जमा हो सकती है।

**विनोद मिश्र प्रभाग 43 और तेजिंदर सिंह तिवाना प्रभाग 47 से चुनाव लड़ेंगे**

सोमवार की दोपहर तक तक बीजेपी ने करीब 112 लोगों को पार्टी का ए और बी फार्म दे दिया, जिसमें से विनोद मिश्र ने प्रभाग 43 और 47 से तेजिंदर सिंह तिवाना ने नामांकन भी दिया। शिवकुमार झा ने प्रभाग 23 से भरा है। प्रभाग 10 से जितेंद्र पटेल, निशा परुलेकर ने प्रभाग 25 से फार्म भरा भरा है। चारकोप विधान के सभी उम्मीदवार मंगलवार को नामांकन भरेंगे।



भायखला के प्रभाग 208 से रमाकांत रहाटे को उद्धव सेना ने टिकट दिया।

### इन उत्तर भारतीयों को मिला टिकट

**बीजेपी से** मिली जानकारी के अनुसार, सागर सिंह, सुनीता यादव, विद्यार्थी सिंह, विधायक विद्या ठाकुर के बेटे दीपक ठाकुर और द्विवेदी का नाम शामिल है, जबकि प्रभाग 43 से विनोद मिश्र, 69 से सुधा सिंह, योगेश वर्मा, 13 से रानी द्विवेदी, 23 से शिवकुमार झा, 24 से स्वाति संजय जायसवाल, 44 से संगीता ग्यानमूर्ती शर्मा, 31 से मनीषा यादव, 72 से ममता यादव, 174 से साक्षी कनौजिया को टिकट देने की बात सामने आई है। हिंदी भाषियों की बात करें, तो 36 प्रभाग से सिद्धार्थ शर्मा, 122 प्रभाग से चंदन शर्मा और 221 प्रभाग से आकाश पुरोहित को टिकट देने की खबर है।

### बगावत के डर से नहीं की गई घोषणा

**बीएमसी सहित** राज्य की 29 मनपा चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र भरने का आखिरी दिन है। इससे राज्य में राजनीति अपने चरम पर पहुंच गया है। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने अब तक अपने उम्मीदवारों के नाम अधिकृत रूप से घोषित नहीं किए हैं। इसके बजाय, पार्टियां अपने प्रत्याशियों को एबी फॉर्म वितरित कर रही हैं, ताकि संभावित बगावत और असंतोष को फिलहाल टाला जा सके। अनुमान लगाया जा रहा है कि बीजेपी, शिंदे सेना, उद्धव सेना और मनसे उम्मीदवारों की अंतिम सूची मंगलवार की देर रात जारी की जा सकती है।

### कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मनपा चुनाव के लिए मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी ने 87 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में यह लिस्ट शेयर की है। उसमें लिखा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा बीएमसी चुनाव 2026 के लिए आधिकारिक उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जा रही है। सभी घोषित उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आइए आम मुंबई बनाएं, मुंबई के हित के लिए कांग्रेस को चुनें। गौरतलब है कि कांग्रेस महाविकास आघाड़ी का हिस्सा थी। उनके साथ शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की सेना भी थी, लेकिन बीएमसी चुनाव में ठाकरे ने कांग्रेस की बजाय राज ठाकरे के साथ जाना पसंद किया। शरद पवार की एनसीपी के साथ चर्चा के बाद गठबंधन की बात नहीं बन सकी। तब कांग्रेस और प्रकाश आंबेडकर की वीबीए ने साथ जाने का निर्णय लिया। दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच कई दौर की चर्चाओं और बैठकों के बाद यह फैसला लिया गया है। बीएमसी की 227 सीटों में से कांग्रेस 165 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। वहीं, वीबीए 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## ठाणे: कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान

■ NBT न्यूज, ठाणे: कांग्रेस ने ठाणे मनपा में एकला चलो का निश्चय किया है। कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने आरोप लगाया है कि स्थानीय स्तर पर शरद पवार की NCP और उद्धव सेना उन्हें उचित सम्मान नहीं दे रही है, इसलिए कांग्रेस ने ठाणे में अकेले चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में चव्हाण ने कांग्रेस के महाविकास आघाडी से अलग होने के लिए शरद पवार की NCP के विधायक राज्य के पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड तथा उद्धव सेना के नेता पूर्व सांसद राजन विचारे को दोषी ठहराया है।



# पुणे की पावर के लिए मिल गए दोनों पवार

## दोनों NCP के बीच हुआ गठबंधन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: आखिर ना-ना करके, हां कर बैठे पवार परिवार। पुणे और पिंपरी-चिंचवड में पवार परिवार की पार्टी दोनों एनसीपी के बीच गठबंधन तय हो गया। कई बैठकों के बाद गठबंधन की बात अपनी मंजिल तक पहुंच गई। पिंपरी-चिंचवड नगर निगम में पवार परिवार का एक साथ आना केवल स्थानीय समीकरण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति तक असर डालने वाला संकेत माना जा रहा है।

**रविवार को बारामती में हुई दोनों पवार की मुलाकात में बनी बात**

पुणे और पिंपरी-चिंचवड पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। पवार परिवार किसी भी कीमत पर पुणे और पिंपरी-चिंचवड मनपा को बीजेपी के पास नहीं जाने देना चाहते। अंतिम फैसले के लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार और शरद पवार के बीच कई बार बंद कमरे में बैठक हुई। रविवार को बारामती में हुई दोनों की मुलाकात को टर्निंग पॉइंट माना जाता है। उसी दिन बाद में एक रैली में पिंपरी-चिंचवड के लिए गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया गया। रैली में अजित ने साफ शब्दों में कहा कि पिंपरी-चिंचवड नगर निगम चुनाव के लिए, 'घड़ी' और 'तुतारी' एक साथ आई है। पवार परिवार एकजुट हुआ है।



### 'हमने इसलिए लिया निर्णय...'

**शरद पवार की** पार्टी के विधायक व परिवार के सदस्य रोहित पवार ने कहा कि शहर प्रमुख प्रशांत जगताप के पार्टी छोड़ने के बाद कई कार्यकर्ता कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले के पास आए और कहा कि दोनों गुटों को एक साथ आना होगा। स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए गठबंधन का निर्णय लिया गया है। यह गठबंधन दोनों गुटों के लिए चुनावी जंग को आसान बनाने के लिए किया गया है और पार्टियां पुणे तथा पिंपरी-चिंचवड के चुनाव एक साथ लड़ेंगी। शरद पवार इस फैसले में शामिल नहीं थे। हालांकि, उनका मानना है कि चुनावों के लिए उनके विचार मायने रखते हैं।

# मीरा-भाईंदर में बीजेपी-शिवसेना के गठबंधन पर नहीं बनी बात?

## शिंदे सेना की 24 घंटे की मोहलत के बाद भी BJP खामोश

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: मंगलवार यानी आज नामांकन का अंतिम दिन है, लेकिन सोमवार देर रात तक बीजेपी-शिंदे सेना के गठबंधन पर बात आगे नहीं बढ़ी थी। दोनों दल पूरी 95 सीटों पर उम्मीदवारों को उतारने की तैयारी में है। सूत्रों की मानें तो मीरा-भाईंदर बीजेपी इकाई गठबंधन के मूड में बिल्कुल नहीं है और गठबंधन की सूरत में शिंदे सेना को 15 सीट से अधिक देने के मूड में नहीं है।

रविवार को शिवसेना नेता प्रताप सरनाईक ने बीजेपी को अल्टीमेटम देते हुए गठबंधन के संदर्भ में 24 घंटे में निर्णय लेने को कहा। लेकिन सोमवार को 24 घंटे बीत जाने के बावजूद बीजेपी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष



दिलीप जैन ने बताया कि इस संदर्भ में अभी पार्टी में चर्चा नहीं हुई है। वहीं, शिवसेना जिला प्रमुख राजू भोईर ने कहा कि उन्हें बीजेपी की तरफ से किसी भी प्रकार का संदेश नहीं दिया गया है। सूत्रों की मानें तो रविवार देर रात को दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच बैठक भी हुई थी, लेकिन बैठक बेनतीजा रही।

## दिनभर चली नामांकन की गहमागहमी

सोमवार को बीएमसी चुनाव की सरगर्मी ने नई करवट ली। एक ओर जहां कुछ बड़ी पार्टियों ने उम्मीदवारों को टिकट की लिस्ट जारी की, वहीं कुछ ने सीधे एबी फॉर्म उम्मीदवारों को दिए। नामांकन केंद्रों पर भी दिनभर नामांकन दाखिल करने वालों और उनके समर्थकों का तांता लगा रहा।



प्रभाग 107 से बीजेपी उम्मीदवार नील सोमैया ने नामांकन भरा। वह किरीट सोमैया के बेटे हैं।



प्रभाग 2 से तेजस्वी अभिषेक घोसालकर ने बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया।



प्रभाग 23 से बीजेपी ने शिवकुमार झा को अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने पर्चा दाखिल किया।



प्रभाग 47 से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार तेजिंदर सतनाम सिंह तिवाना ने नामांकन किया।



प्रभाग 43 से BJP उम्मीदवार विनोद मिश्र नामांकन से पहले परिवार संग कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे।

## ...और इधर मतदान कराने की तैयारी






BMC चुनाव में पोलिंग स्टेशनों पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगनी है, उन्हें सोमवार को करी रोड स्थित NM जोशी म्यूनिसिपल स्कूल में ट्रेनिंग दी गई।

## इलेक्शन ब्रीफ

### पनवेल में महायुति की घोषणा, 71 सीटों पर लड़ेगी BJP

■ NBT रिपोर्ट, पनवेल: पनवेल मनपा चुनाव के लिए महायुति के घटक दलों में सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई। मनपा में कुल 78 सीटों पर मतदान होना है, जिसमें से 71 सीटों पर बीजेपी चुनाव लड़ेगी, 4 सीटों पर शिंदे सेना, 2 सीटों पर अजित पवार की एनसीपी और एक सीट पर आरपीआई का उम्मीदवार खड़ा होगा। इस मौके पर बीजेपी विधायक प्रशांत ठाकुर ने कहा कि हम सभी लोग काफी समय से चर्चा कर रहे थे। हमने सभी दलों को उनकी ताकत के अनुसार सीटें दी हैं और सभी दलों के नेताओं ने सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि मंगलवार दोपहर तक नामांकन भरा जाएगा, इसलिए हम सुबह उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करेंगे।



### राष्ट्रीय समाज पक्ष की 6 उम्मीदवारों की सूची जारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राष्ट्रीय समाज पक्ष (रासप) ने सोमवार को 6 उम्मीदवारों की सूची घोषित की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महादेव जानकर ने बीएमसी चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस ने रासप के लिए 10 सीटें छोड़ी हैं। प्रभाग 40 से आदित्य यादव, 106 से संजय परब, 109 से सविता संतोष ढमेकर, 133 से प्रतिक्षा जाधव, 142 से वनीता रामेंद्र नन्नावरे और 226 से तुषार प्रभाकर आंब्रेकर को उम्मीदवार बनाया है।

### MIM ने ठाणे और वसई-विरार के प्रत्याशी घोषित किए

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ठाणे और वसई- विरार में एमआईएम ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने बताया कि ठाणे शहर के मुंब्रा क्षेत्र से पांच और वसई-विरार क्षेत्र से तीन उम्मीदवारों के नाम तय किए गए हैं। सूची में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पेशेवर शामिल हैं।

# नवी मुंबई में महायुति की संभावनाएं समाप्त, एक-दूसरे पर लगाए आरोप

## कुछ लोगों के अहंकार के कारण यह युति नहीं हो पाई: पाटकर

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए लंबे समय से महायुति को लेकर अटकलें चल रही थीं। सोमवार को शिंदे सेना जिला प्रमुख किशोर पाटकर ने आधिकारिक तौर पर युति टूटने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले एनसीपी में थे और बाद में बीजेपी में गए, वही नहीं चाहते थे कि शिवसेना और बीजेपी एक साथ चुनाव लड़ें। ये लोग लगातार गठबंधन के बीच अड़ंगा लगा रहे थे, जिसके चलते हमारी युति नहीं हो पाई। किशोर पाटकर ने कहा कि शिवसेना और बीजेपी के बीच गठबंधन हो यह विधायक मंदा म्हात्रे और सभी शिवसैनिकों की इच्छा थी। सभी लोग चाहते थे कि यह चुनाव एक साथ लड़ा जाए, लेकिन कुछ लोगों के अहंकार के कारण या युति नहीं हो पाई है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने वन मंत्री गणेश नाईक के व्हाइट हाउस में बीजेपी के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की और नवी मुंबई की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की। जिसके बाद बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेश पाटिल ने कहा कि हमने उन्हें एक साथ लड़ने के लिए ऑफर दिया था, लेकिन उन्होंने हमारे ऑफर पर कोई जवाब ही नहीं दिया, जिसके चलते युति को लेकर हम आगे नहीं बढ़ पाए और मंगलवार सुबह बीजेपी अपने उम्मीदवारों को एबी फॉर्म देकर नामांकन के लिए भेजेगी। ▸▸पेज 4



# पैसे लेकर BJP-शिंदे गुट में गए मनसे के कुछ लोग: पाटील

## बोले, मनसे के दरवाजे हमेशा के लिए बंद

■ NBT न्यूज, कल्याण

**महाराष्ट्र नवनिर्माण** सेना यानी मनसे के पूर्व विधायक राजू पाटील ने कहा है कि कुछ लोग पैसे लेकर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) में गए थे। अब वे दोबारा मनसे में लौटना चाहते हैं, लेकिन मनसे के दरवाजे उनके लिए बंद कर दिए गए हैं।



डोंबिवली में मीडिया से बात करते हुए पाटील ने कहा कि युति दिखावे की है, दिल से नहीं हुई है। जो लोग मनसे में थे, वे चुनाव के ऐन वक्त पर टिकट पाने के लालच में पैसे लेकर बीजेपी और शिंदे गुट में शामिल हुए। अब जब उन्हें वहां टिकट नहीं मिल रहा, तो वे हमें फोन कर रहे हैं कि उन्हें फिर से मनसे में लिया जाए। लेकिन ऐसे लोगों के लिए अब मनसे में कोई जगह नहीं है।

**मनसे की सूची तैयार**

राजू पाटील ने जानकारी दी कि मनसे की उम्मीदवारों की सूची तैयार है। सभी सीटों पर बातचीत पूरी हो चुकी है। समय पर नामांकन दाखिल कर दिए जाएंगे। बता दें कि 122 सीटों में से 54 सीटें मनसे को मिली हैं, जबकि बाकी सीटें शिवसेना (ठाकरे गुट), कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार गुट) को दी गई हैं।

# TOK के 32 नेता शिंदे सेना के चिह्न पर लड़ेंगे



■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर : उल्हासनगर मनपा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। टीम ओमी कालानी (TOK) ने घोषणा की है कि उसके 32 उम्मीदवार चुनाव शिंदे सेना के 'धनुष बाण' चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे। शहर में इस बार शिंदे सेना और बीजेपी अलग-अलग चुनाव मैदान में उतर रही हैं। स्थानीय स्तर पर शिंदे सेना ने पूर्व विधायक पप्पू कालानी के बेटे ओमी कालानी की पार्टी टीम ओमी कालानी (TOK) और साई पार्टी के साथ गठबंधन किया है। शिंदे सेना 35 सीटों पर, TOK 32 सीटों पर और साई पार्टी 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# मेहता के बेटे तकशील के चुनाव लड़ने पर संशय

## मनपा से एनओसी लिए जाने की चर्चा

■ अमित तिवारी , मीरा-भाईंदर: बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता के बेटे तकशील मेहता (21) के मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। मेहता पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि तकशील के चुनाव मैदान में उतरने का कोई इरादा नहीं है। इसके बावजूद सोमवार को तकशील द्वारा मनपा से विभिन्न एनओसी लिए जाने की खबर सामने आते ही राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। गौरतलब है कि एनओसी का उपयोग नामांकन के दौरान किया जाता है। ऐसे में एनओसी लिए जाने की खबर को संभावित उम्मीदवारी से जोड़कर देखा जा रहा है। जब तकशील मेहता से सीधे सवाल किया गया, तो उन्होंने चुनाव लड़ने की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है। एनओसी के संदर्भ में उन्होंने बताया कि ये दस्तावेज उन्होंने निजी कार्यों के लिए प्राप्त किए हैं।



# भिवंडी: पूर्व महापौर और उनके बेटे सहित 5 पर मुकदमा दर्ज

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा चुनाव से पहले एक बड़ी कार्रवाई की गई है। चुनाव प्रचार का रंग अभी जमना बाकी ही था कि भिवंडी में आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व महापौर विलास पाटील और उनके बेटे मयूरेश पाटील समेत पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रभाग 1 के संगम पाड़ा रोड क्षेत्र में सड़क का काम शुरू होने की शिकायत मिलने के बाद फ्लाइंग स्क्वाड 5 के कर्मचारी और बीट निरीक्षक हनुमान म्हात्रे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि पूर्व महापौर विलास पाटील और उनके बेटे मयूरेश पाटील ने इस क्षेत्र में सड़क बनाने का निर्देश दिया था। म्हात्रे की शिकायत पर निजामपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

**आचार संहिता के उल्लंघन का मामला, सड़क का काम शुरू करवाने का है आरोप**

## आया राम, गया राम



### नवी मुंबई: शिंदे सेना को झटका, केनी गए BJP में



■ नवी मुंबई : नवी मुंबई मनपा चुनाव में जहां एक तरफ बीजेपी और शिंदे सेना के बीच महायुति की चर्चा चल रही है, वहीं दूसरी तरफ दोनों दल एक-दूसरे के नेता तोड़ने में भी लगे हुए हैं। रविवार को ऐरोली शिवसेना के विभाग प्रमुख बंडू केनी ने शिवसेना छोड़कर बीजेपी जॉइन कर ली। उनके साथ विभाग के तमाम शिवसैनिकों ने भी बीजेपी ज्वाइन कर ली, जिसे प्रभाग क्रमांक 5 में एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इसी के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के दिग्गज नेता जी.एस. पाटिल ने भी बीजेपी ज्वाइन कर ली। वह नाराज चल रहे थे और पार्टी की कोर कमिटी में होने के बावजूद प्रमुख बैठकों में शामिल नहीं हो रहे थे।

# भिवंडी: बगावत के मूड में रईस शेख के समर्थक

## कई समर्थक कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरने की तैयारी में

■ NBT न्यूज, भिवंडी

**भिवंडी में** समाजवादी पार्टी के भीतर टिकट बंटवारे को लेकर बगावत के सुर तेज होते जा रहे हैं। पार्टी के अंदरूनी मतभेद अब खुलकर सामने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, भिवंडी पूर्व से विधायक रईस शेख के समर्थक कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे सपा नेतृत्व की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि वॉर्ड 9 में रईस शेख के करीबी तारिक मोमिन को उनकी मांग के मुताबिक पूरे पैनल का टिकट नहीं मिला, जिससे नाराज होकर उन्होंने बगावती रुख अपना लिया। इसके बाद मोमिन ने कांग्रेस के प्रशांत लाड, कांग्रेस के बागी नेता दानिश अंसारी और सपा से टिकट की दावेदारी कर रहे इसरार अंसारी के साथ मिलकर एक नया पैनल खड़ा कर दिया। इस पैनल के साथ रईस शेख की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने से सियासी गलियारों में हलचल और तेज हो गई है। इसी बीच रईस शेख की एनसीपी में शामिल हुए इमरान खान से मुलाकात की तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। इमरान खान अयोग्य ठहराए जाने के बाद उनकी बेटी चुनाव मैदान में है और रईस शेख की इस मुलाकात को राजनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। शाम होते-होते शहर का राजनीतिक तापमान तब और बढ़ गया, जब शेख के समर्थक आम पाड़ा इलाके में उस बंगले के बाहर जमा थे और उनके समर्थन में नारेबाजी करते हुए दिखे, जहां वे मौजूद थे। इसी दौरान एनसीपी (एसपी) में शामिल पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन हलीम अंसारी का वहां पहुंचना भी कई सियासी अटकलों को जन्म दे गया।



पैनल के साथ रईस शेख की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं।

### क्या यह दबाव की राजनीति है?

राजनीतिक जानकार इसे रईस शेख की दबाव की राजनीति का हिस्सा मान रहे हैं। दरअसल, रईस शेख मुंबई की 211 वॉर्ड से अपने बड़े भाई सलीम शेख के लिए टिकट चाहते हैं, लेकिन पार्टी की ओर से अब तक नाम की घोषणा नहीं होने से उनकी नाराजगी बढ़ती जा रही है। यही नाराजगी अब भिवंडी में समाजवादी पार्टी के खिलाफ मोर्चाबंदी के रूप में सामने आती दिख रही है।

## सुना है कि...

### दावेदारों की बीती लंबी रात

**रविवार रात** को कई नेताओं को पार्टी टिकट के लिए बुलावा भेजा जा रहा था। जिन नेताओं को फोन आ रहे थे, वे तो तत्काल ही निकल रहे थे। लेकिन बाकी दावेदारों की रात मानो कट ही नहीं रही थी। देर रात तक वे अपडेट ले रहे थे। सोने की कोशिश के बावजूद नींद नहीं आ रही थी। वैसे, बगावत को देखते हुए पार्टियां भी उम्मीदवारों के नाम के पत्ते धीरे-धीरे खोल रही हैं।

### आखिरकार सपना टूटा

**एक बार फिर** नगरसेवक बनने का सपना देख रहे एक पूर्व नगरसेवक का सपना सोमवार को टूट गया। उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी उनकी वैवाहिक वर्षगांठ के मौके पर टिकट देकर उन्हें तोहफा देगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने पार्टी के एक बड़े नेता का सहारा भी लिया और नागपुर तक दौड़ लगाई। जिन नेता के भरोसे वे पहुंचे थे, उन्हीं से कह दिया गया कि उनके परिवार के कई जन को पहले ही टिकट मिल चुका है।

### एक चिट्ठी ने बढ़ाई चिंता

**बीएमसी चुनाव** के बाद अफसरों के तबादले की आहट भी बढ़ गई है। एक विधायक ने डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर (डीएमसी) को अपने इलाके में नियुक्त करने के लिए बकायदा चिट्ठी लिखी। चिट्ठी का असर ऐसा हुआ कि अधिकारियों ने उसी हिसाब से विभाग बांट लिया। अब वास्तव में यह बंटवारा कितना सही साबित होगा, यह तो चुनाव बाद ही पता चलेगा। - धूमकेतु

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 12-29-2025 23:12 Color:



## फटाफट खबरें

### नव वर्ष के कार्यक्रमो को लेकर अलर्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : नववर्ष के स्वागत के लिए होटल, पब, बार, समुद्र के किनारे पर होने वाले आयोजनों को लेकर फायर ब्रिगेड सक्रिय मोड में आ गया है। एडिशनल कमिश्नर अश्विनी जोशी ने नागरिकों से अपील की है कि वे नए साल का जश्न मनाते समय सतर्क और सजग रहें। इस संबंध में बीएमसी द्वारा जारी अपील के मुताबिक, सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले कार्यक्रमों में अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का पालन करें।

### पूर्व मंत्री कोकाटे के भाई को HC से राहत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट की वेकेशन बेंच ने सोमवार को राज्य के पूर्व मंत्री माणिक राव कोकाटे के भाई विजय को जमानत दी है। कोर्ट ने सरकारी आवास से जुड़े 30 साल पुराने धोखाधड़ी केस में सुनाई गई सजा पर रोक लगा दी है। नासिक कोर्ट ने विजय को इस केस में 2 साल की सजा सुनाई थी, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

### भीमनवार MPSC के नए चेयरमैन होंगे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विवेक भीमनवार को महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमीशन (MPSC) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। महाराष्ट्र सरकार के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। भीमनवार चेयरमैन का पद संभालने की तारीख से 6 साल तक या 62 साल की उम्र होने तक (जो भी पहले हो) पद पर बने रहेंगे।

### बाइक चोरी के 4 केस पुलिस ने सुलझाए

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मलाड पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के कई मामलों में 18 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम प्रथम बोम्मा है। बोम्मा के खिलाफ मालाड, विनोबा भावे नगर और जोगेश्वरी पुलिस स्टेशनों में मोटरसाइकिल चोरी के 4 केस दर्ज थे, जिन्हें सुलझाने का पुलिस ने दावा किया है।

### रेलवे में नौकरी का झांसा देकर 54 लाख ठगे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रेलवे में ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों पर नौकरी दिलाने का लालच देकर तीन लोगों से करीब 54 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों ने खुद को रेलवे का प्रभावशाली अधिकारी बताया। आरोपियों ने उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र, मेडिकल प्रक्रिया और ट्रेनिंग से जुड़ी जानकारियां दिखाईं और अलग-अलग किश्तों में 54 लाख रुपये वसूल लिए।

# मातोश्री पर जमे रहे समर्थक, हुआ टिकटों का बंटवारा

निकाय चुनाव महा मुकाबला

## कई सीटों पर अब भी कायम है असमंजस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री पर उम्मीदवारों को पार्टी प्रमुख द्वारा दिनभर एबी फॉर्म दिए गए। इसके बाद उम्मीदवार नामांकन के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में निकल गए। प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में मातोश्री पर गतिविधियां जारी रहीं। देर शाम को पूर्व महापौर किशोरी पेडणेकर को भी पार्टी ने प्रभाग 199 से उम्मीदवारी दे दी। प्रभाग क्रमांक 159 से उत्तर भारतीय चेहरे के तौर पर श्रीप्रकाश शुक्ला को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले, बांद्रा के प्रभाग क्रमांक 95 से उम्मीदवारी को लेकर गहमा-गहमी रही। पार्टी के दमदार चेहरे विधायक अनिल परब और आदित्य ठाकरे के ममेरे भाई विधायक वरुण सरदेसाई द्वारा अलग-अलग उम्मीदवारों के लिए जोर लगाने के चलते दिक्कत हुई। अंत में सरदेसाई की पसंद हरि शास्त्री को पार्टी ने टिकट दिया। यह सीट शिवसेना का गढ़ मानी जाती रही है। मंगलवार को नामांकन का आखिरी दिन है।

इसके अलावा, विधायक सुनील प्रभु के बेटे अंकित को पार्टी ने प्रभाग क्रमांक 54 से उम्मीदवार बनाया है। स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष यशोधर (शैलेश) फणसे को पार्टी ने प्रभाग क्रमांक 59 से मैदान में उतारा है। हाल ही में, पार्टी में शामिल हुए पूर्व नगरसेवक युनुस मुलतानी के बेटे नौशान को प्रभाग क्रमांक 62 से टिकट दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र (बाला) आंबेरकर को प्रभाग क्रमांक 63 से मैदान में उतारा है। जबकि वर्सोवा से विधायक हारून खान की बेटी सबा को प्रभाग क्रमांक 64 से टिकट दिया गया है। भायखला के विधायक मनोज जामसुतकर की पत्नी सोनम को प्रभाग क्रमांक 210 से टिकट मिला है। कई सीटों पर मनसे के साथ गठबंधन के चलते पार्टी कार्यकर्ताओं अंतिम समय तक टिकट के गणित फतह करने में लगे हैं।



वॉर्ड 159 से श्रीप्रकाश शुक्ला को मातोश्री में उम्मीदवारी का टिकट देते शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे।

### कई जगह उम्मीदवारी नहीं हुई घोषित

मनसे और उद्धव सेना के बीच कई इलाकों में असमंजस कायम रहा। मराठी बाहुल्य इलाकों में दोनों पार्टियों के नेताओं की दावेदारी के चलते पार्टी ने इंतजार की रणनीति को आगे बढ़ाया। मातोश्री के इलाके वाले बांद्रा (ईस्ट) विधानसभा में भी कई सीटों पर उम्मीदवार देर शाम तक घोषित नहीं हुए। दोनों गठबंधन को भांडुप, वर्ली, माहिम, वर्सोवा, दहिसर, विक्रोली, घाटकोपर (वेस्ट) जैसे इलाकों से खासी उम्मीद है।

**शिवतीर्थ पर भी बंटे फॉर्म:** उद्धव ठाकरे की तरह ही राज ठाकरे भी अपने घर 'शिवतीर्थ' से उम्मीदवारों को फॉर्म बांटते रहे। दादर के प्रभाग क्रमांक 192 से राज के करीबी यशवंत किल्लेदार को टिकट दिया गया है। वॉर्ड क्रमांक 194 से भी मनसे संतोष धुरी के लिए टिकट चाहती थी, लेकिन यह सीट उद्धव सेना के कोटे में गई, जहां से विधायक सुनील शिंदे के भाई निशिकांत को टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला पूर्व विधायक सदा सरवणकर के बेटे समाधान से होगा।

### सख्त सुरक्षा के बीच हो रहा नामांकन



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांदिवली पुलिस की सख्त प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को कुछ उम्मीदवारों ने बजाज मनपा शाला नामांकन केंद्र पर अपना नामांकन किया। इस दौरान उम्मीदवारों के सैकड़ों समर्थक मौके पर मौजूद होकर नारेबाजी कर रहे थे। एक-दूसरे को गुलाल लगा रहे थे। सैकड़ों समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़े के बीच नामांकन दाखिल कराने आए प्रभाग 23 के बीजेपी उम्मीदवार शिवकुमार झा ने बताया कि जनता उनके काम को देखते हुए उन्हें जिताएगी। नामांकन केंद्र से बाहर निकलते ही समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। ढोल-नगाड़े के साथ झा पोयसर की ओर प्रस्थान किए। ऐसा ही नजारा कुरार विलेज में प्रभाग 43 के बीजेपी उम्मीदवार विनोद मिश्रा की नामांकन रैली में देखने को मिला।

# बोरीवली विधान सभा में महिलाओं का होगा वर्चस्व

## 7 में से 6 सीटों पर महिलाएं बनेंगी नगरसेविका

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बोरीवली विधान सभा मुंबई का एकमात्र विधान सभा क्षेत्र होगा, जहां महिला प्रतिनिधियों का वर्चस्व आगामी 5 वर्ष तक रहेगा। इस विधान सभा क्षेत्र में कुल 7 में से 6 सीट पर महिला ही नगरसेविका बनेंगी।

बोरीवली विधान सभा क्षेत्र में 2017 में बीएमसी चुनाव में 7 में से 3 सीट प्रभाग क्रमांक 14, 16, 17 महिलाओं के लिए आरक्षित थीं, लेकिन इस बार निकली लॉटरी में प्रभाग 9 को छोड़कर बाकी सभी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो गई हैं। बीजेपी ने इन सीटों पर अपने उम्मीदवार भी उतार दिए हैं। प्रभाग 9 का टिकट शिवानंद शेट्टी को दे दिया है। प्रभाग 13, जहां पिछले चुनाव में विद्यार्थी सिंह ने बाजी मारी थी, इस बार महिला आरक्षण होने के चलते रानी त्रिवेदी को टिकट दिया गया है। प्रभाग 14 में आसावरी पाटील की जगह सीमा शिंदे, प्रभाग 15 में प्रवीण शाह की जगह जिग्ना शाह, प्रभाग 16 में अंजली खेड़कर की जगह श्वेता कोरगांवकर को टिकट दिया गया है। बता दें कि श्वेता पिछले चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर प्रभाग 9 से चुनाव लड़ी थीं और जीत हासिल की थी, लेकिन इसी साल उन्होंने बीजेपी जॉइन कर ली थी। प्रभाग 17 में पिछली बार बीजेपी बीना दोषी (जनरल) विजयी हुई थीं, लेकिन इस बार शिल्पा सांगोरे (ओबीसी) को टिकट दिया गया है।



### प्रभाग 17, 18 में कांग्रेस ने दिए टिकट

प्रभाग 18 में 2017 के चुनाव में अविभाजित शिवसेना की संध्या दोषी ने बाजी मारी थी, लेकिन अब वे शिंदे सेना के साथ हैं। सीट ओबीसी होने से वे अब यहां से नहीं लड़ सकती हैं। ऐसे में देखना होगा कि इस सीट से शिंदे सेना किसको उतारती है या फिर बीजेपी के प्रत्याशी को टिकट मिलेगा। कांग्रेस द्वारा जारी की गई लिस्ट के अनुसार, प्रभाग 17 में संगीता कदम और 18 से नीलम म्हात्रे को टिकट दे दिया है। अब यह देखना होगा कि उद्धव सेना कितनी सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारती है। समीकरण चाहे जो हो, लेकिन बोरीवली विधान सभा क्षेत्र में महिला नगरसेविकाओं का ही बोलबाला रहेगा।

### वॉर्ड क्रमांक 125 का चुनाव होगा दिलचस्प

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव में टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। टिकट न मिलने की मायूसी घाटकोपर पूर्व के वॉर्ड संख्या 125 में साफ नजर आई। यहां अब तक तक करीब 70 लोग नामांकन दाखिल कर चुके हैं, जिससे चुनाव दिलचस्प होगा। शिवसेना (उद्धव गुट) और मनसे के बीच गठबंधन के चलते यह सीट UBT के कोटे में आई है। इससे यहां से लंबे से समय से मनसे से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं को झटका लगा है। इस इलाके से अर्जुन मोरे ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं को प्रतिनिधित्व न मिल पाने के चलते मैंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। युवाओं को लेकर हर दल बातें करता है, लेकिन टिकट देने में बेरुखी दिखाई जाती है। क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय महादेव माने कहते हैं कि वे लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय थे, लेकिन इस बार कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल आरपीआई (गवई गुट) के कोटे में आ गई है। ऐसा करते समय हमें भरोसे में नहीं लिया गया। इसलिए निर्दलीय के तौर पर चुनाव मैदान में उतरने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि गवई गुट का यहां कोई जनाधार नहीं है। वहीं नाम न छापने की शर्त पर टिकट न मिलने से मायूस यूबीटी के पदाधिकारी ने कहा कि जिस तरह से उनकी उपेक्षा की गई है, उससे वे स्तब्ध हैं।





# मुंबई तक उत्तर भारत के कोहरे का असर, सैकड़ों ट्रेनें देरी से चल रहीं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसका सीधा असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर पड़ रहा है। सैकड़ों ट्रेनें काफी देरी से चल रही हैं। अधिकांश एक्सप्रेस ट्रेनें आमतौर पर चार से पांच घंटे की देरी से मुंबई पहुंच रही हैं। इसका नतीजा यह है कि मुंबई से रवाना होने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का शेड्यूल भी पूरी तरह से बिगड़ जा रहा है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को देश के विभिन्न हिस्सों से मुंबई के मध्य रेलवे के स्टेशनों पर आने वाली कुल 49 एक्सप्रेस ट्रेनें देरी से मुंबई पहुंचीं। इसके चलते मुंबई से रवाना होने वाली नौ एक्सप्रेस ट्रेनों को अत्यधिक देरी से छोड़ा गया। 14 लोकल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से काफी देर से चलीं। रेलवे की पंक्चुअलिटी भी काफी प्रभावित हो रही है। वहीं, पश्चिम रेलवे में अमूमन हर दिन 2 से 3 ट्रेनें देरी से आ रही हैं और उसका असर लोकल नेटवर्क पर नहीं पड़ रहा है।

### एक्सप्रेस और लोकल सेवाएं प्रभावित



दादर में शाम को समुद्र के किनारे छाई धुंध।

### पीक समय में होती है ज्यादा परेशानी

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जब कोई एक्सप्रेस ट्रेन पीक आवर के दौरान देरी से मुंबई में प्रवेश करती है, तो इसका सबसे ज्यादा असर लोकल ट्रेनों की सेवाओं पर पड़ता है। पीक समय में ट्रैक पर पहले से ही ट्रेनों का दबाव अधिक होता है। ऐसे में रेलवे प्रशासन समय पर चल रही ट्रेनों को प्राथमिकता देता है, जिससे देरी से आने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों को दूसरे स्थान पर रखा जाता है।

### NCP (SP) ने जारी की 7 कैंडिडेट की लिस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: एनसीपी (शरद पवार) ने मुंबई में 7 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। प्रभाग क्रमांक 43 से अजित रावराणे, 140 से संजय कांबले, 78 से रुख्बा टेलकर, 170 से कही खानोलकर, 48 से गणेश शिंदे, 51 से आरती चव्हाण और प्रभाग 112 से मंजू जायसवाल को टिकट दिया गया है। पार्टी ने अब भी गठबंधन को लेकर अंतिम फैसला नहीं किया है। इससे पहले, बीएमसी में पार्टी के गुट नेता रहे धनंजय पिसाल ने भी पार्टी छोड़ दी थी।

### रजिस्ट्रार के खिलाफ रद्द की शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के एक स्थानीय उपभोक्ता आयोग ने मुंबई के सिटी सिविल ऐंड सेशन कोर्ट के रजिस्ट्रार के खिलाफ दायर शिकायत को रद्द कर दिया है। यह शिकायत एक लॉ स्टूडेंट ने दायर की थी। स्टूडेंट ने समय पर आदेश की प्रमाणिक प्रति समय पर उपलब्ध न कराने के लिए शिकायत की थी।

# खरमास की छाया में लोकतंत्र का गणित, मुहूर्त की तलाश में लगे रहे उम्मीदवार


## आज आखिरी दिन, बड़ी संख्या में प्रत्याशी शुभ मुहूर्त में नामांकन करने की तैयारी में

## शुभ चौघड़िया और वैकल्पिक मुहूर्त तलाशना उम्मीदवारों के लिए बन गया चुनौती

Navin.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी चुनाव की सरगर्मी अब सिर्फ राजनीतिक रणनीतियों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह पंचांग, चौघड़िया और मुहूर्त के इर्द-गिर्द भी घूमने लगी है। खरमास के चलते शुभ कार्यों पर लगी रोक और पार्टियों की तरफ से देर से एबी फॉर्म ने उम्मीदवारों की बेचैनी बढ़ा दी थी। यही वजह है कि नामांकन के अंतिम दिन तक कई प्रत्याशी पंडितों और ज्योतिषाचार्यों की शरण में पहुंच रहे हैं।

सोमवार को कुछ उम्मीदवारों ने ज्योतिषीय सलाह पर आनन-फानन में पर्चा भर दिया, जबकि अब बड़ी संख्या में प्रत्याशी मंगलवार 30 दिसंबर को शुभ मुहूर्त में नामांकन करने की तैयारी में हैं। बीएमसी चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 23 दिसंबर से शुरू हुई थी और आज यानी 30 दिसंबर को पर्चा दाखिल करने का अंतिम दिन है। इस दिन शुभ चौघड़िया और वैकल्पिक मुहूर्त तलाशना उम्मीदवारों के लिए चुनौती बन गया है। 16 दिसंबर को सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास प्रारंभ हो गया, जिसे शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता। राजनीति में आस्था और ज्योतिष का यह संगम नया नहीं है। नामांकन, शपथ ग्रहण और पदभार संभालने जैसे अवसरों पर मुहूर्त देखने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इस बार खरमास के कारण यह जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। कई उम्मीदवारों ने व्यक्तिगत कुंडली के आधार पर मुहूर्त निकलवाया, तो कुछ ने केवल पंचांग देखकर निर्णय लिया।



### शास्त्रों में वैकल्पिक मुहूर्त का प्रावधान


ज्योतिषाचार्य डॉ. बाल कृष्ण मिश्र के अनुसार, खरमास में शुभ कार्य पूर्णतः वर्जित माने जाते हैं, लेकिन चुनावी प्रक्रिया जैसे अपरिहार्य कर्म के लिए शास्त्रों में वैकल्पिक मुहूर्त का प्रावधान है। इसमें चौघड़िया, लग्न और उम्मीदवार की कुंडली का सामंजस्य बैठ जाए तो परिणाम अनुकूल हो सकते हैं। वहीं, एक उम्मीदवार ने बताया कि सोमवार को लाभ और अमृत चौघड़िया को देखते हुए उसने जल्दबाजी में परचा भरा।

# भारत में पहली बार $CO_2$ को कुओं में किया जाएगा संरक्षित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारत की जलवायु चुनौती से निपटने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और एनटीपीसी ने देश में पहली बार भूगर्भीय कार्बन डाई ऑक्साइड ($CO_2$) स्टोरेज टेस्ट वेल की ड्रिलिंग पूरी कर ली है। यह प्रयोग भारत में कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) तकनीक को प्रयोगशाला से जमीनी हकीकत में उतारने की शुरुआत माना जा रहा है। यह परीक्षण झारखंड के पाकरी-बरवाडीह क्षेत्र में किया गया है, जहां 1200 मीटर गहराई तक ड्रिलिंग कर यह परखा जा रहा है कि कोयला और बलुआ पत्थर जैसी चट्टानों में कार्बन डाइऑक्साइड को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है या नहीं।

IIT बॉम्बे-एनटीपीसी की बड़ी छलांग

आईआईटी बॉम्बे के मुताबिक, पहली वेल की ड्रिलिंग 15 नवंबर को पूरी हो चुकी है, जबकि दूसरी वेल 21 दिसंबर से शुरू की गई है। आगे इन कुओं के जरिए कार्बन डाइऑक्साइड का इंजेक्शन और उसकी भूमिगत निगरानी की जाएगी। यह परियोजना नीति आयोग के संरक्षण में नवंबर 2022 में शुरू हुई थी।



### नेट-जीरो लक्ष्य की ओर मजबूत कदम

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके सारस्वत ने कहा कि भारत अपने 'पंचामृत' और नेट-जीरो लक्ष्यों को हासिल करने के अहम मोड़ पर है। उन्होंने कहा कि भूमिगत संरचना की सटीक जांच, सुरक्षित दबाव सीमा में कार्बन डाइऑक्साइड इंजेक्शन और निरंतर निगरानी इस तकनीक की सफलता के लिए बेहद जरूरी होगी। एनटीपीसी के चेयरमैन एवं एमडी गुरदीप सिंह ने इसे ऊर्जा क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में अहम उपलब्धि बताया। वहीं आईआईटी बॉम्बे के निदेशक प्रो. शिरीष केदारे ने कहा कि यह परियोजना दिखाती है कि रिसर्च को व्यावहारिक समाधान में कैसे बदला जा सकता है।

# रेलवे ब्रिज से गुजरकर ही पूरा हो पाता है 'आखिरी सफर'

## कब्रिस्तान और आबादी के बीच ओवरब्रिज नहीं, कुर्ला रेलवे स्टेशन का करना पड़ता है इस्तेमाल

Pankaj.Pandey
@Timesofindia.com

■ मुंबई : दोपहर के 1:30 बजे हैं। मैं बीएमसी इलेक्शन की कवरेज के लिए कुर्ला रेलवे स्टेशन (ईस्ट) पहुंचा हूं। बाहर निकलकर चाय की दुकान पर बैठा ही हूं कि एक जनाजे को सामने से आते देख मेरा ध्यान उधर जाता है। जनाजे पर सफेद चादर है, फूलों की मालाएं हैं। पीछे-पीछे सौ से ज्यादा लोग हैं। मेरी आंखें जनाजे से हटने को होती ही हैं कि जनाजा रेलवे स्टेशन के अंदर मुड़ जाता है। स्टेशन के अंदर! यह क्या? फिर मैं देर तक अपना ध्यान कहीं और नहीं कर पाता हूं।

जनाजे को लेकर लोग रेलवे यात्रियों के बीच से रेलवे ओवरब्रिज की तरफ बढ़ गए हैं। ब्रिज के एंट्री पॉइंट पर करीब 7 फीट की ऊंचाई पर एक पोल लगा है। जनाजे को जैसे-तैसे झुकाकर वहां से पार कराया गया है। इसके बाद बहुत संभलते हुए इसे ओवरब्रिज की सीढ़ियों पर चढ़ाया जा रहा है। पूरी जद्दोजहद कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए और जनाजा कंधों से न गिरने पाए। मैं दम साधे यह सब देख रहा हूं और जनाजे के पीछे-पीछे सीढ़ियों पर चढ़ रहा हूं। इस ओवरब्रिज से जनाजा कुर्ला स्टेशन की दूसरी तरफ (वेस्ट) पहुंच गया है। अब फिर से वही जद्दोजहद इसे सीढ़ियों से उतारते समय शुरू हो गई है। बहुत संभलते हुए कुछ लोग इसका बैलेंस बना रहे हैं। धीरे-धीरे इसे सीढ़ियों से उतारा गया है। अब यह कब्रिस्तान की ओर बढ़ गया है।

यह कोई एक दिन होने वाला वाकया नहीं। सेल कॉलोनी, नेहरू नगर, ठक्कर बप्पा कॉलोनी, कसाई वाड़ा, कुरैशी नगर और चुना भट्टी के लोग आए दिन 'आखिरी सफर' को इतना मुश्किल बनते देखते हैं। वजह है प्रशासनिक हीलाहवाली।

वर्क ऑर्डर निकल चुका, फिर भी अटका है निर्माण

इलाके में रहने वाले इमरान खान बताते हैं, कब्रिस्तान और आबादी के बीच रेलवे ट्रैक है। पहले इस पर से लोग गुजरकर जनाजे को कब्रिस्तान पहुंचा देते थे। फिर रेलवे ने दीवार बनाकर इसे बंद कर दिया। तब से यही मुश्किल हर किसी के जीवन का हिस्सा हो गई है। यहां ब्रिज बनाने के लिए फंड पास हो चुका, लेकिन रेलवे और बीएमसी के बीच तालमेल नहीं होने से इसका निर्माण कार्य अटका हुआ है। शेख वाजिद पानसारे के शब्दों में, 'परिसर की गंदी राजनीति की वजह से ब्रिज का काम अटका है।'






कुर्ला स्टेशन पर रेल यात्रियों के बीच ओवरब्रिज से गुजर रहा है जनाजा, इसे बमुश्किल सीढ़ियों से चढ़ाया गया।

पटरियों पर ओवरब्रिज का निर्माण करने के लिए रेलवे को 23 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। वर्क ऑर्डर निकाला जा चुका है। ओवरब्रिज के डिजाइन में कुछ बदलाव किया जा रहा है। पूरी उम्मीद है कि दो महीने में काम शुरू हो जाएगा।
*मंगेश कुडालकर, स्थानीय शिवसेना विधायक*

रेलवे ब्रिज से जनाजे गुजरते हैं, लेकिन लोगों के लिए राह को आसान बनाने के लिए ओवरब्रिज तैयार करने का काम बीएमसी का है। वही इसे देख सकती है।
*डॉ. स्वप्निल नीला, सीपीआरओ, सेंट्रल रेलवे*

### 1 लाख आबादी, फिर भी समस्या!

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कुर्ला मुस्लिम बहुल इलाका है। यहां 1 लाख से अधिक की मुस्लिम आबादी है। कुर्ला स्टेशन के करीब से मुस्लिम नगरसेवक बीएमसी पहुंचते हैं। इसके बावजूद बरसों से लोगों को कब्रिस्तान तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ र है। दरअसल, एक मसला यह भी है कि ब्रिज बनाने के लिए कुछ लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ेगा। ऐसे में बहुत से लोग 'नाराज' हो जाएंगे, और यह रिस्क कोई नहीं उठाना चाहता। इसलिए शायद ब्रिज का काम अटकते अटकते इतना लंबा खिंच गया है।

### टिकट बुकिंग के नाम पर 40 लाख ठगे, आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : एमआईडीसी पुलिस ने रेलवे टिकट की बुकिंग के नाम पर करीब 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहित देशमुख अंधेरी स्थित एक निजी ट्रैवल कंपनी में सीनियर ट्रैवल एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। कोर्ट ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

ढाई साल से फरार चल रहा था ट्रैवल कंपनी का पूर्व कर्मचारी

एमआईडीसी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मोहित ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कंपनी और उसके ग्राहकों से मिलने वाली टिकट बुकिंग की रकम कंपनी के खाते में जमा न कराकर अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर कर ली थी। इस तरीके से आरोपी मोहित ने अलग-अलग लेनदेन के जरिए 40.45 लाख रुपये की हेराफेरी की। कंपनी के आंतरिक ऑडिट में गड़बड़ी सामने आने के बाद एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। मामला दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया था।

### विला बुक करने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: वनराई पुलिस ने 25 वर्षीय निशांत नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने छुट्टियां मनाने आए लोगों से विला बुक करने के लिए ऑनलाइन एडवांस पेमेंट लिया और बुकिंग कैंसिल करने के बाद पैसे वापस नहीं किए। पुलिस ने बताया कि शिकायत करने वाली महिला गोरेगांव की एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। वह अपने स्टाफ को दो दिन के लिए पिकनिक पर ले जाने का प्लान बना रही थी। इसी दौरान उनका आरोपी से संपर्क हुआ।

# NSCI की बकाया राशि पर BMC को एक और मौका

## 30माह तक NSCI का इस्तेमाल जंबो कोविड सेंटर के रूप में हुआ, लेकिन पैसे नहीं दिए गए

## 21 जनवरी 2026 को बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका पर की जाएगी अगली सुनवाई

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई : बॉम्बे हाईकोर्ट ने कोरोना महामारी में नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (NSCI) के परिसर के इस्तेमाल के एवज में बकाया रकम (मुआवजे) के दावे पर जवाब देने के लिए बीएमसी को एक और मौका दिया है। कोविड में बीएमसी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 महीने तक NSCI की सुविधा का उपयोग जंबो कोविड सेंटर के रूप में किया गया था। इस्तेमाल के एवज में बकाया रकम की वसूली के लिए NSCI ने एडवोकेट विवेक कोटवाला के जरिए कोर्ट में याचिका दायर की है।

याचिका में मुख्य रूप से 30 अप्रैल 2020 के सर्कुलर को लागू करने की मांग की गई है, जिसमें भुगतान दर निर्धारित की गई है। कोरोना काल में NSCI के 23,116 वर्ग मीटर (जिसमें स्टेडियम भी शामिल है) और 18,206 वर्ग मीटर खुली जगह का उपयोग किया गया था। इसका अनुमानित शुल्क लगभग 30 करोड़ रुपये है। बीएमसी का इस रकम को लेकर NSCI के साथ विवाद है। साथ ही, बीएमसी ने पिछली सुनवाई पर मुआवजे के रूप में बकाया राशि को कैलकुलेट करने के लिए समय मांगा था। जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस अश्विन भोबे की बेंच ने मामले की सुनवाई की। मामले को लेकर बीएमसी द्वारा ओरिजनल फाइल पेश की गई।



### कोर्ट ने मंगाई केस की ओरिजनल फ़ाइल

बीएमसी के वकील ने कहा, मौजूदा केस से वित्तीय निहितार्थ जुड़े हैं, इसलिए बीएमसी इस प्रकरण की पैरवी के लिए सीनियर ऐडवोकेट को नियुक्त करना चाहती है। इस पर बेंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, मामले की पूरी सुनवाई हुई थी। मामले में अब सिर्फ फाइल को देखना था। बीएमसी द्वारा सुनवाई टालने की यह रणनीति ठीक नहीं है। चूंकि अभी हमारे पास समय का अभाव है, इसलिए केस की सुनवाई स्थगित की जाती है। इस प्रकार बेंच ने बीएमसी को एक और मौका दिया है। 21 जनवरी 2026 को याचिका पर अगली सुनवाई होगी। अगली सुनवाई पर बेंच ने दोबारा केस की ओरिजनल फाइल मंगाई है।

### 75 वर्षीय महिला से 36 लाख की धोखाधड़ी, दंपती पर केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मानखुर्द पुलिस ने मालाड निवासी शाह दंपती के खिलाफ 75 वर्षीय महिला से 36.07 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता सुनंदा जाधव ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने खुद को वकील बताकर दादर स्थित उनके फ्लैट की बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने फ्लैट 28 लाख में बेचने का झांसा दिया। इनमें से कुछ राशि का शाह दंपती द्वारा पीड़िता को भुगतान किया गया। आरोप है कि पीड़िता के बैंक खाते में बिना सहमति नॉमिनी जोड़ा गया और नया खाता भी खुलवाया गया। रायगढ़ जिले की 3.5 एकड़ जमीन को भी धोखाधड़ी से अपने नाम ट्रांसफर कराने का पीड़िता ने आरोप लगाया है।

# ब्लड की अवैध बिक्री होने पर होगी कार्रवाई : SBTC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र राज्य रक्त संक्रमण परिषद (SBTC) ने राज्य के सभी रक्त केंद्रों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि जनवरी, फरवरी में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों के दौरान जरूरत को ध्यान में रखकर ही ब्लड कलेक्ट करें। परिषद ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवश्यकता से अधिक रक्त संग्रह करने के बाद मुनाफाखोरी या अन्य अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित रक्त केंद्रों का लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

कहा-जितनी जरूरत, उतना ही ब्लड कलेक्ट करें

परिषद ने कहा कि राज्य में जरूरतमंद और आपात-ग्रस्त मरीजों के लिए रक्त आपूर्ति बनाए रखना रक्त केंद्रों की प्रमुख जिम्मेदारी है। 2026 के जनवरी–फरवरी में स्वामी विवेकानंद जयंती, सुभाषचंद्र बोस जयंती, गणतंत्र दिवस, श्री नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान द्वारा आयोजित शिविर, महाशिवरात्रि, शिवजयंती जैसे कार्यक्रम पर बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। ऐसे में प्रत्येक रक्त केंद्र को अपने शहर, जिले और आसपास के जिलों में पिछले तीन वर्षों के औसत रक्त वितरण के आधार पर ही रक्त संग्रह करने के निर्देश दिए गए हैं। परिषद के अनुसार, कुछ रक्त केंद्रों द्वारा शिविरों की आड़ में जरूरत से ज्यादा रक्त संग्रह करने की शिकायतें मिली हैं। आरोप है कि अतिरिक्त रक्त को घटकों में विभाजित कर रेड ब्लड सेल और प्लाज्मा अलग-अलग कर दूसरे राज्यों में ब्लक ट्रांसफर के जरिए भेजकर बिक्री की जा रही है।

TIMES interact
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

प्रॉपर्टी
प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज
वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

1365 Carpet area, Rd., touch for lease in Malad(W) Liberty Garden with three parking's Preferable for Bank, Cafes, Outlets etc. phone 9322236388

टेंडर और नोटिस
न्यायालय सूचना

COURT NOTICE
IN THE COURT OF ADDL. DISTRICT & SESSION JUDGE, Xth AT DHANBAD
INSOLVENCY CASE NO.-02/2023
Subodh Kumar, S/o Late Sahab Thakur, Resident of Fulartand Basti, Kharkhari, P.O.-Nawagarh, Dist-Dhanbad, State-Jharkhand.
Versus
1) Mr. Umesh Revankar, CEO & Executive Director of M/s Sri Ram Transport & Finance Co. Ltd. Corporate Office at Wokhard Tower 3rd Floor, West Wing, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East) Mumbai-400051 (Maharashtra)
2) Mr. Sunder S., Chief Executive Officer, M/s Sri Ram Transport & Finance Co. Ltd. Corporate Office at Wokhard Tower 3rd Floor, West Wing, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East) Mumbai-400051 (Maharashtra)
3) Mr. K.P. Krishnan, The Chairman of the Board of M/s Sri Ram Transport & Finance Co. Ltd. Corporate Office at Wokhard Tower 3rd Floor, West Wing, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East) Mumbai-400051 (Maharashtra)
PUBLICATION NOTICE
Your are hereby inform that Insolvency Case has been filed against you and a Notice has been send through the postal registered and that the Nazarat but you have not appeared in the court above Noted case till now.
Again you are inform through the publication notice you attend before the court on dated 19.01.2026 at 10:30 AM. physically or through the own advocate and file the Written Statement otherwise ex-party order will be passed against you.
Today dated 18.12.2025 my signature and issued the stamped by the Court.
Sd/-Addl. District Judge Xth at Dhanbad

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

NOTICE is hereby given that share certificates of Larsen & Toubro Limited bearing Folio No. 05735237 standing in the name of Sharma Vinod Sukhlal and Sukhmal Sharma have been lost/misplaced. Certificate No. 441166 Distinctive Nos. 618251596 to 618251670, Certificate No. 1353289 Distinctive Nos. 1395483571 to 1395483682, Certificate No. 341579 Distinctive Nos. 576185608 to 576185682 and Certificate No. 217724 Distinctive Nos. 141474628 to 141474702. Any person having any claim or objection in respect of the said shares should inform the Company or its RTA within 15 days from the date of publication, failing which duplicate share certificates will be issued.

लॉन्ड्री दुकान मालिकों के लिए सूचना
अखिल भारतीय धोबी समाज मुंबई, (रजि. नंबर 1659/97 G.B.B.S.D), ने लॉन्ड्री बिजनेस के लिए एक नया रेट स्ट्रक्चर घोषित किया है, जो 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा। नए रेट स्ट्रक्चर के अनुसार, एक कपड़े की इस्त्री का चार्ज 10/- रुपये तय किया गया है, जबकि शर्ट और पैंट दोनों की इस्त्री का चार्ज रु. 20/- होगा।
सभी लॉन्ड्री दुकान मालिकों के लिए इस नए रेट स्ट्रक्चर को लागू करना और उसका पालन करना अनिवार्य है।
अखिल भारतीय धोबी समाज मुंबई,
साई शक्ति नगर को-ऑप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, बिल्डिंग नंबर 1, गाला नंबर 5, महाजनवाड़ी, ओवरीपाड़ा, दहिसर (पूर्व), मुंबई - 400068।
स्थान: मुंबई
दिनांक: 30-12-2025

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल, केन्द्रीय कार्यालय 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नियत आधार पर गैर निष्पादक आस्तियों (NPAs) के विक्रय के लिए पात्र एआरसी (ARCs)/ बैंक (Banks)/एनबीएफसी(NBFCs) /एफआई (FIs) / एआईएफ (AIFs) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है, खातों की सूची के साथ विस्तृत बोली के लिए अनुरोध (Request for Bid) बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in/tenders&empanelment/view auction notice पर उपलब्ध है.
वर्टिकल प्रमुख
(दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन)

BOBCARD
BOBCARD LIMITED
(Formerly known as BOB Financial Solutions Limited)
1502, 1503 & 1504, DLH Park, S.V. Road, Goregaon (West), Mumbai - 400 064
CIN: U65990MH1994GOI081616
TENDER NOTICE
Invites responses from eligible Vendors for the following:
"EMPANELMENT OF VENDORS FOR MARKETING PROMOTIONAL MERCHANDISE AND CORPORATE GIFTING"
Any addendum / corrigendum including modification in tender document will be available only under in Tenders section of website:
www.bobcard.co.in
Bidder should refer the same before submission of tender. Bids accepted online through E-auction Tiger only.
Last date of submission: 19th January 2026
Place: Mumbai

BOBCARD
BOBCARD LIMITED
(Formerly known as BOB Financial Solutions Limited)
1502, 1503 & 1504, DLH Park, S.V. Road, Goregaon (West), Mumbai - 400 064
CIN: U65990MH1994GOI081616
TENDER NOTICE
Invites responses from eligible Vendors for the following:
"RFP FOR EMPANELMENT OF VENDORS FOR PRINTING NON PAPER BASED MARKETING VISIBILITY MATERIAL"
Any addendum / corrigendum including modification in tender document will be available only under in Tenders section of website:
www.bobcard.co.in
Bidder should refer the same before submission of tender. Bids accepted online through E-auction Tiger only.
Last date of submission: 19th January 2026
Place: Mumbai

BOBCARD
BOBCARD LIMITED
(Formerly known as BOB Financial Solutions Limited)
1502, 1503 & 1504, DLH Park, S.V. Road, Goregaon (West), Mumbai - 400 064
CIN: U65990MH1994GOI081616
TENDER NOTICE
Invites responses from eligible Vendors for the following:
"RFP FOR EMPANELMENT OF VENDORS FOR PAPER BASED PRINTING."
Any addendum / corrigendum including modification in tender document will be available only under in Tenders section of website:
www.bobcard.co.in
Bidder should refer the same before submission of tender. Bids accepted online through E-auction Tiger only.
Last date of submission: 19th January 2026
Place: Mumbai

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I G RAMADASU father of no-JC-291977F Rank- Nb-SUB (AIG)G GOPI declare that my old date of birth was 01/07/1953 my new & correct date of birth is 01-01-1951 as per aff 46AB414789

I G GEETA mother of no-JC-291977F Rank-Nb-SUB(AIG) G GOPI declare that my old date of birth was 01/07/1960 my new & correct date of birth is 01-01-1959 as per aff 46AB414788

I,UMECHA Begum Wife of Motiur Rahaman r/o Natun Para, Palasi, Nadia, W.B-741157 have changed my name from Umecha Begum to Umecha Begam vide aff. No 58AB635867 dt 29/12/2025 at Nashik

I,KV Gopinathan Father of Satheesh Kumar K E r/o Pattanur, Thalassery, Kannur, Kerala-670686 have changed my name from KV Gopinathan to K V Gopinathan Nambiar vide aff. No 58AB635858 dt 27/12/2025 at Nashik

I Army No 14647225F Rank - Hav Name - Kadam Sagar Shamrao R/o Kanjur Marg Mumbai MH 400042,I have changed my mother name from Sharada Shamrao Kadam to Sharada Shamarao Kadam vide Affidavit No 68AB 549625 Dt 20 Dec 2025

I, Asharam Yadav R/o E /203 Integrated Arya Narayan Nagar Lbs Road Opp Indian Navy Gate Ghatkopar W have changed my minor son's name from Subhash Chand Yadav to Subhash Chandra.

I,SONALI Wife of Gaikwad Pramod Vishwanath r/o Lahvit, Nashik, M.H-422502 have changed my name from Sonali to Sonali Pramod Gaikwad vide aff. No 58AB635865 dt 29/12/2025 at Nashik


I,ALKA Nivrutti Ugale Mother of Ugale Ravindra Nivrutti r/o Baragaon Pimpri, Sinnar, Nashik, M.H-422103 have changed my DOB from 10/10/1964 to 01/01/1953 vide aff. No 57AB892227 dt 25/11/2025 at Nashik

I,BHABANI Rani Mother of Chandra Kanta Rana r/o Argoal, East Midnapore, W.B-721456 have changed my name from Bhabani Rani to Bhabani Rana vide aff. No 58AB635861 dt 29/12/2025 at Nashik

I KRISHNA FATHER OF NO .2807024F RANK-CHM, NAME- SONAWANE DHAWAL KRISHNA , ADRESS - GANESH TWIN BUNGLOWNO.2, PRASHANT NAGAR,PATHARDI PHATA, NASHIK,THE DIS. NASHIK DECLEARD THAT I HAVE CHANGED MY NAME FROM KRISHNA TO CORRECT NAME KRISHNA RAMDAS SONAWANE : ALSO MY BIRTH DATE FROM 01.03.1962 TO CORRECT BIRTH DATE IS 01.06.1952 ASPER AFFIDAVIT NO 58AB620898 DT.17.12.2025

मैं, ...सुबेदार प्रणय कुमार ..., निवासी ... VTC: ... PO: ..., उप जिला - ..., जिला ..., राज्य पश्चिम बंगाल, पिन कोड ..., यह घोषणा करता हूं कि मेरी पत्नी का नाम मेरे सेवा रिकॉर्ड में गलत तरीके से MOUSUMI लिखा गया है, जबकि सही नाम MOUSUMI KARAK है ... मेरी पत्नी का नाम MOUSUMI KARAK ... 2025 के अनुसार सुधारें।

BEST WISHES
हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स (वर्ष २०२५-२७)
के अध्यक्ष पद पर
श्री सुशीलजी गाड़िया
के पुन: निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।
- ओमप्रकाश चमड़िया



TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Jitendra Boricha 9820 137 295
Jitesh Dominic 9867407521
Asif Faridi 9594 343 468
To Book Online Log on To
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

# MMR में नामांकन ने पकड़ी रफ्तार

## ठाणे में 113 लोगों ने भरे पर्चे, 4130 लोगों ने लिया उम्मीदवारी फॉर्म

■ NBT न्यूज, ठाणे : ठाणे मनपा चुनाव के लिए सोमवार को ठाणे शहर के 9 प्रभाग समिति के अंतर्गत कुल 531 नॉमिनेशन फॉर्म बांटे गए। 23 से 29 दिसंबर सात दिनों में बांटे गए कुल फॉर्म की संख्या 4130 हो गई है।

सोमवार को ठाणे में 100 प्रत्याशियों ने नामांकन-पत्र दाखिल किए, जिससे इनकी कुल संख्या 113 हो गई है। नामांकन दाखिल करने वालों में BJP के 14, शिंदे शिवसेना के 13, उद्धव ठाकरे की शिवसेना के 2, NCP SP के 24, NCP AP के 6, कांग्रेस का 2, निर्दलीय 34, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के 2, इंडियन मुस्लिम लीग और एआईएमआईएम के 4 तथा अन्य लोग हैं। NCP-SP पार्टी के प्रकाश बर्डे, प्रकाश पाटील, वर्षा मोरे, दीपा गावंड ने सोमवार को वॉर्ड नंबर 25 और वॉर्ड नंबर 23 से अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने नारा दिया, 'तुतारी बजाओ... गद्दार भगाओ'। इस मौके पर शहर अध्यक्ष मनोज प्रधान, महिला अध्यक्ष सुजाता घाग मौजूद थे।



### KDMC: 62 पर्चे दाखिल

■ NBT न्यूज, कल्याण : कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सोमवार को यहां कुल 62 उम्मीदवारों ने नामांकन फॉर्म दाखिल किए। यहां कुल 122 वॉर्डों के लिए यह चुनाव होने जा रहा है। इस बार सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने बगावत और भीतरघात को रोकने की रणनीति अपनाते हुए अपने उम्मीदवारों के नाम नामांकन के सेकंड लास्ट दिन तक सार्वजनिक नहीं किए। इसी वजह से सोमवार को नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही।

### UMC: 97 ने भरे नामांकन

■ NBT न्यूज, उल्हासनगर : उल्हासनगर मनपा की 78 सीटों के लिए सोमवार को कुल 97 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सूत्रों के अनुसार, नामांकन भरने वालों में सबसे अधिक संख्या निर्दलीय उम्मीदवारों की रही। बताया जा रहा है कि सोमवार तक अधिकांश राजनीतिक दलों ने अपने अधिकृत उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक नहीं किए थे। पार्टी में भीतरघात और बगावत से बचने के उद्देश्य से कई दलों ने अपने उम्मीदवारों को अभी तक एबी फॉर्म नहीं दिए, जिसके चलते कई इच्छुक प्रत्याशियों ने निर्दलीय तौर पर नामांकन दाखिल किया।

### MBMC: दो दर्जन से अधिक पर्चे दाखिल

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर : मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव को लेकर महायुति और महाविकास आघाड़ी में अब भी असमंजस बरकरार है। इसके बावजूद सोमवार को नामांकन प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली और दो दर्जन से अधिक उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।
महाविकास आघाड़ी के घटक दलों ने जिन प्रभागों पर सहमति बनी है, वहां एबी फॉर्म का वितरण शुरू कर दिया है। मनसे ने दस उम्मीदवारों को एबी फॉर्म दिए हैं। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने प्रभाग क्रमांक 4 से पूर्व नगरसेविका नीलम ढवन सहित चार उम्मीदवारों को एबी फॉर्म दिया है। कांग्रेस की ओर से भी प्रभाग 21 से जिलाध्यक्ष प्रमोद सामंत समेत चार उम्मीदवारों ने एबी फॉर्म के साथ नामांकन दाखिल किया। वहीं BJP-शिवसेना के कई इच्छुक उम्मीदवार अब भी टिकट को लेकर अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा में हैं।

## फटाफट खबरें

### महिला को धमकी देकर रेप, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, वसई : वालिव पुलिस में वसई निवासी 24 वर्षीय एक महिला ने परिचित आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार 26 दिसंबर की रात पीड़िता घर पर अकेली थी, तभी उसका परिचित शख्स उसके घर में घुसा और जान से मारने की धमकी देकर उसका रेप किया। पुलिस विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### युवक ने फ़ांसी लगाकर दी जान

■ NBT न्यूज, वसई : नायगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के चिंचोटी इलाके शनिवार देर रात 34 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार चिंचोटी स्थित करमाल पाड़ा निवासी उमेश कुमार यादव (34) अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार देर रात उन्होंने अज्ञात कारणों से घर की छत पर लगे लोहे की पाइप पर चादर के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### युवक का अपहरण, मांगी 2 लाख फिरौती

■ NBT न्यूज, विरार : विरार ईस्ट के जगन्नाथ नगर निवासी युवक ने आरोप लगाया कि 24 दिसंबर की रात उनके परिचित युवक ने मनवेल पाडा में मिलने को बुलाया। वहां उनका अपहरण कर कांदिवली ले गए, फिर उनके भाई से 2 लाख रुपये फिरौती मांगी। पीड़ित युवक ने रविवार को अपहरणकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला ने लगाई फांसी, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : आचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र के शिर्डी नगर इलाके में रविवार को 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार शिर्डी नगर स्थित साई पैलेस प्लाजा निवासी अंजली रामनाथ मिश्रा (30) अपने परिवार के साथ रहती थीं। पिछले कुछ दिनों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रविवार को उन्होंने बेडरूम में लगे पंखे के हुक से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली।

### कॉलेज में ऐक्टिव हुआ 'प्रहरी क्लब'

■ NBT न्यूज, भिवंडी : शहर के रईस हाई स्कूल ऐंड जूनियर कॉलेज में 'प्रहरी क्लब' ऐक्टिव हो गया है। 'प्रहरी क्लब' का उद्देश्य कैंपस के स्टूडेंट्स की बुरी आदतों पर नजर रखना और खासकर ड्रग्स की रोकथाम सुनिश्चित करना है। छात्रों को मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी की अध्यक्षता में एक मार्गदर्शक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुखलिस मद्दू, अब्दुल अजीज अंसारी, मुकर्रम खान ने विचार रखे। संचालक मुहम्मद शरीफ मुल्ला ने 'प्रहरी क्लब' की आवश्यकता एवं उपयोगिता बताई।

## स्टेट अपडेट

### नासिक में 'पुरोहित' की पढ़ाई शुरू

■ भाषा, नासिक : महाराष्ट्र सरकार के कौशल विकास विभाग ने त्र्यंबकेश्वर-नासिक में 2027 के सिंहस्थ कुंभ मेले के मद्देनजर 'पुरोहित-कनिष्ठ सहायक पुरोहित' (जूनियर सहायक पुजारी-वैदिक संस्कार जूनियर सहायक) पाठ्यक्रम शुरू किया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया, यह पाठ्यक्रम सभी समुदाय के सदस्यों के लिए है, लेकिन कुछ 'पुरोहित' इसका विरोध कर रहे हैं। विरोधियों का दावा है कि इस तरह के वैदिक अनुष्ठानों का संचालन करने के लिए 'उपनयन संस्कार' की जरूरत होती है। अधिकारियों ने बताया, 12-45 आयु वर्ग के छात्रों को वैदिक अनुष्ठानों, उनकी व्यवस्था, मंत्रोच्चार, विभिन्न अनुष्ठानों और हिंदू रीति-रिवाजों से संबंधित सामग्री आदि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसे कुंभ की तैयारियों के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# NMMC इलेक्शन में 82 कैंडिडेट ने भरा नॉमिनेशन

- पार्टी से टिकट की आस में कइयों ने भरा नामांकन
- अंतिम दिन सभी पार्टियां उम्मीदवारों को देंगी टिकट

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए अब तक किसी भी पार्टी ने टिकटों का वितरण नहीं किया है। ऐसे में, कई लोगों ने अपने शीर्ष नेताओं के आश्वासन के बाद नामांकन पत्र भर दिया। सोमवार को लगभग 82 लोगों ने नामांकन पत्र भरा, जिनमें कई लोगों ने दावा किया कि उन्हें शिवसेना अथवा बीजेपी से टिकट मिलेगा। हालांकि, खबर लिखे जाने तक नामांकन भरने वालों का अंतिम आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो पाया था।

वाशी के प्रभाग क्रमांक 17 से शिवसेना के जिला प्रमुख किशोर पाटकर ने धूमधाम से नामांकन-पत्र भरा। उन्होंने कहा कि एबी फॉर्म बाद में जोड़ा जाएगा। इसी तरह प्रभाग क्रमांक 10 और प्रभाग क्रमांक 18 में बीजेपी के चारों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा और उम्मीद जताई कि मंगलवार को पार्टी की तरफ से एबी फॉर्म मिलते ही नामांकन-पत्र में जुड़वा देंगे।

नवी मुंबई में कुल 111 सीटों पर चुनाव होना है। इसके लिए सोमवार तक करीब 2500 लोगों ने नामांकन-पत्र खरीदे थे। शनिवार तक सिर्फ 6 लोगों ने नामांकन भरे, जबकि सोमवार को करीब 82 लोगों ने नॉमिनेशन किया।

# VVMC चुनाव में अब तक 58 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

■ NBT न्यूज, विरार : वसई विरार मनपा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। नामांकन की अंतिम तिथि से एक दिन पहले नौ प्रभागों में कुल 58 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें शिवसेना (ठाकरे गुट) के 23, मनसे के 1, बीजेपी और निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। नामांकन के दौरान कई स्थानों पर समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन भी देखने को मिला। कांग्रेस और शिंदे गुट ने अब तक एक भी नामांकन दाखिल नहीं किया है। दोनों दलों के नेताओं ने बताया कि उनके उम्मीदवार मंगलवार को अंतिम दिन नामांकन दाखिल करेंगे। चुनाव विभाग के अनुसार, 9 प्रभागों में अब तक 2,952 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है, जबकि कुल 58 उम्मीदवारों ने अब तक अपने नामांकन दाखिल किए।

# परमहंस श्री गणेशजी पंडित ट्रस्ट का महोत्सव संपन्न


सोशल कनेक्ट
धर्म । कर्म । समाज



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : परमहंस श्री गणेशजी पंडित मेमोरियल ट्रस्ट और परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्टकी ओर से गोरेगांव के लक्ष्मी ग्राउंड में गणेशजी पंडित की 113वीं पुण्यतिथि पर वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जुगल के. नायक के निर्देशन में पंडितजी के जीवन पर आधारित एक नाटक का मंचन हुआ। इस मौके पर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन सिंघानिया, विशेष अतिथि सुरेश भगेरिया, नरेश सिंघानिया, अशोक चौधरी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस ट्रस्ट ने कालबादेवी, फोर्ट और जुहू चौपाटी में सबसे पहले प्याऊ की स्थापना की थी और अब भी आम जनता के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने का सिलसिला जारी है।

## NBT स्मृति — यादों के चिराग


पुण्यतिथि



46th Death Anniversary
in the memory of
Late Shri Y. S. Sharma
(Ex. - Tata Power)
You may not be present with us but we will always cherish all the moments, the values and love you gave us with great gratitude in our hearts.
Fondly remembered by:
Smt. M. Y. Sharma, Pramod, Angel, Sanjay, Asha, Sanjana, Nalin, Mamta, Ayushi, Abhishek, Soumya, Advika & Ananya

आकस्मिक निधन

SAD DEMISE



15th July 1951.
27th December 2025.
Late. Shri Anil Seth
has departed for his eternal journey. In our prayers and memories always.
With love: Seths, Gandhis, Hingoranis, Chadhas, Beris, Aroras and Khannas.
ॐ शांति : शांति : शांति

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

स्मृति सन्देश

Heartfelt Tribute



Shri Gopi Didwania
(19.07.1945 - Infinity)
S/o Late Shri Radhakishanji Didwania, Native: Laxmangarh
In remembrance:
Pansari, Jalan, Saraf Chirania, Birolia, Gadia & Entire Didwania Family and Team G R D
GRD GROUP
Estd. 1972
GRD Realty Pvt. Ltd.
GRD Steel Ind. Pvt. Ltd.
GRD Mercantile Pvt. Ltd.
G R Didwania Trust
grd@didwania.in

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295
Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

# शिक्षिका की लापरवाही से बुजुर्ग महिला की मौत

■ एनबीटी न्यूज, मीरा-भाईंदर: उत्तन क्षेत्र के केशवसृष्टि परिसर स्थित गौशाला में हुई एक दर्दनाक दुर्घटना में 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में एक महिला शिक्षिका को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार बोरीवली निवासी कृष्णा शर्मा (85) 21 दिसंबर को अपने पति दयानंद शर्मा (85) और बेटी भावना शर्मा (52) के साथ गौसेवा के लिए गौशाला आई थीं। गौशाला परिसर में वे अपनी बेटी के साथ खड़ी थीं, तभी पीछे से आ रहे एक चारपहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मां-बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं।

स्थानीय नागरिकों ने तुरंत दोनों को मीरा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने कृष्णा शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी बेटी भावना शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज आईसीयू में जारी है। इस घटना के संबंध में भावना शर्मा की शिकायत पर उत्तन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक चारपहिया वाहन चला रही महिला की पहचान जलपा ओझा (42) के रूप में हुई है, जो पेशे से शिक्षिका है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन चलाते समय आवश्यक सावधानी नहीं बरती गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।


# राजनीतिक दलों के पोस्टर-बैनर बने चर्चा का विषय


■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे : मनपा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दल किस तरह सांकेतिक भाषा में लोगों को अपनी तरफ खींचने लग गए हैं इसका अच्छा उदाहरण इन दिनों ठाणे में दिख रहा है। ठाणे शहर में विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। एक तरफ BJP का बैनर लगा है, जिस पर 'नमो भारत-नमो ठाणे' लिखा है। यह बैनर शहर के तमाम हिस्सों में देखा जा सकता है।

सभी पार्टियां अपने-अपने अंदाज में वोटर्स को कर रहीं आकर्षित

बीजेपी को जवाब देने के लिए विरोधी दल शिवसेना (UBT) ने बैनर लगाया है। सोशल मीडिया पर जोरों में घूम रहे इस बैनर पर दिवंगत बालासाहेब ठाकरे और आनंद दिघे की ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है और मराठी में लिखा है- 'ठाणे सिर्फ बालासाहेब और दिघे साहेब का'। वहीं, शिवसेना (UBT) के साथ चुनाव मैदान में उतरी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का पोस्टर भी चर्चा में है। मनसे के अविनाश जाधव ने सोशल मिडिया पर अपने पोस्टर के जरिए ठाणे शहर की विभिन्न समस्या को उजागर किया है और उसे लोगों की भावनाओं से जोड़ने की कोशिश की है। शहर की पानी समस्या को लेकर लिखा है कि 'जिंदगी -टैंकर से पानी भरने और नगरसेवकों का पेट भरने में'। मनसे के पोस्टर में मराठी में लिखा है- 'हमारी आधी जिंदगी ट्रैफिक जाम में खत्म हो रही है और उसके नीचे लिखा है 'मौन भारत-मौन ठाणे' पोस्टर में एक परेशान शख्स ने अपने दोनों हाथों से मुंह को ढक रखा है।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 12-29-2025 23:14 Color:



# सपनों का आकाश लिए आ रहा है नया साल

## कशमकश से उबरेगा भविष्य

2026 वर्ष के आरंभ पर राशि स्वामी सूर्य धनु में बैठ कर तपाएगा और सिंह राशि के लोगों को नए अवसरों से रूबरू कराएगा। रजत चरण का अष्टम शनि मीन राशि में है; अतः सिंह राशि के जातक शनि की ढैया से कसमसा रहे हैं। यह शनि शोध के कार्यों से ख्याति दिलाता है। रजत चरण का सप्तम राहु कुंभ और प्रथम केतु सिंह में स्थित है, जो मन उदास करेगा, कठिनाइयों का बीजारोपण करेगा। मिथुन में ताम्र पाद का एकादश गुरु नए अवसर पैदा करेगा। 1 जून को गुरु कर्क में चरण रखेंगे, तब लौह पाद के द्वादश गुरु घर की सुख शांति का बंटाधार करेंगे। 1 अक्टूबर को गुरु सिंह में जाएंगे, तब स्वर्ण पाद के प्रथम गुरु समाज में प्रतिष्ठा का बेड़ा गर्क करेंगे। वर्ष के आरंभ में करियर और प्रतिष्ठा को लेकर दबाव महसूस हो सकता है। साल के उत्तरार्ध में परिस्थितियां बदलने लगेंगी। पुराने संबंधों की परीक्षा होगी, कुछ रिश्ते गहरे होंगे, कुछ दूरी की मांग करेंगे। आर्थिक दृष्टि से वर्ष संयम सिखाने वाला है; अनावश्यक खर्च से बचना ही उत्तम है। 2026 सिंह राशि के लिए बाहरी चमक से अधिक आंतरिक परिपक्वता का वर्ष है।



सिंह

**पढ़ाई-लिखाई:** अध्ययन की दृष्टि से वर्ष निर्णायक होगा। परिश्रम का फल मिलेगा। प्रतियोगिताओं में अनुकूल और संतोषजनक परिणाम मिलने के संकेत हैं।

**अर्थ-गणित:** आर्थिक सामर्थ्य में सुदृढ़ता आएगी। आरंभिक उतार के बाद वर्ष के उत्तरार्ध में निवेश से ऐसे परिणाम सामने आएंगे, जो आश्चर्य और संतोष दोनों प्रदान करेंगे।

**काम-धंधा:** करियर में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। अधीरता लाभ की दिशा भटका सकती है। धातु और संपत्ति के लेन-देन में मानसिक उलझन रहेगी, किंतु अंततः लाभ होगा।

**अपने-पराए:** कुछ रिश्तों में खटास उभर सकती है। परिवार में मतभेद मनभेद का रूप ले सकते हैं। जीवनसाथी और संतान से कहासुनी संभव है, संयम जरूरी है।

**सेहत का हाल-चाल:** देह में पीड़ा तथा नेत्र-विकार के प्रति सतर्क रहें। मानसिक थकान, अनिद्रा, तनाव संभव है।

**उपाय:** सूर्य के उदय के समय कुछ क्षण मौन में खड़े होकर दिन की योजना बनाएं। तांबे के पात्र का प्रयोग और नियमित व्यायाम लाभकारी रहेगा।

**शुभ संकेत:** रंग: लाल, पीला। अंक: 1, 3, 6,। ग्रह: सूर्य, बृहस्पति, मंगल। दिशा: पूर्व, उत्तर।



तारीखों की कलम से वक्त की स्याही रोजाना नई इबारत लिखती है। साल 2025 जाने को है, नया साल 2026 आने को है। नए साल मे नक्षत्रों की बदलती चाल वक्त की स्याही से फिर कुछ नया लिखवाने को है। काल के कपाल की बुनावट मे गहरा छिपा भविष्य उजागर होने को है। वक्त की स्याही को भविष्य की इबारत लिखने से पहले इसे ज्योतिष की कसौटी पर कस रहे हैं सद्गुरुश्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंदजी)



## अंतस करेगा भविष्य की नक्काशी

वर्षारंभ पर राशि स्वामी श्वेतवर्णी शुक्रदेव धनु में मंत्र पढ़ेंगे और जीवन के सफरों पर अजीब अजीब रंग भरेंगे। ताम्रपाद का षष्ठ शनि मीन राशि में कर्ज से मुक्ति का जुगाड़ करेगा, करियर में नक्काशी करेगा। लौहपाद का पंचम राहु कुंभ राशि में और एकादश केतु सिंह राशि में कारोबार को धार देगा, जेब को नोटों से संवार देगा। गुरु टेढ़ी चाल से मिथुन राशि में है। लौहपाद का नवम गुरु मुट्ठी गर्म करेगा। 1 जून, 2026 को रजतपाद का दशम गुरु कर्क में कदम रखेगा, करियर में तनाव का सूत्रपात करेगा। 31 अक्टूबर को गुरु सिंह में जाएगा, रजत चरण का एकादश गुरु भौतिक विचारों से जय जयकार कराएगा। पारिवारिक और दांपत्य जीवन में संवाद की कमी तनाव का कारण बन सकती है; खुले मन से बातचीत समाधान देगी। स्वास्थ्य के स्तर पर मानसिक थकान और अनिद्रा के संकेत हैं। योग, संगीत और प्रकृति से जुड़ाव संतुलन बनाए रखेगा। कुल मिलाकर 2026 तुला राशि के लिए विवेक, संयम और परिपक्व निर्णयों का वर्ष सिद्ध होगा। आता वर्ष चाट की तरह खट्टे और मीठे दोनों अनुभूतियों का सृजन करेगा। विचारशीलता में विस्तार होगा। प्रतिद्वंद्वियों का षड्यंत्र तार-तार होगा।



तुला

**पढ़ाई-लिखाई:** विद्यार्जन में इस वर्ष विघ्न उठेंगे और कई बार विघ्न करीब आकर गुजर जाएंगे। एकाग्रता और कठिन परिश्रम से सफलता करीब आएगी।

**काम-धंधा:** कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी और सहयोगियों के साथ मतभेद संभव है, किंतु धैर्य और न्यायप्रियता से स्थितियां आपके पक्ष में आएंगी। संपत्ति व कारोबार में लाभ होगा।

**अपने-पराए:** भाई से संबंधों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। जीवनसाथी से अकारण तनाव मिलेगा। दांपत्य जीवन में अनावश्यक बेचैनी होगी।

**सेहत का हाल-चाल:** कमर, पीठ, सिर, चेहरे, मुख, दांत और हड्डियों में कष्ट संभव है।

**अर्थ-गणित:** आर्थिक दृष्टि से वर्ष मिश्रित परिणाम देगा। आरंभिक महीनों में खर्च बढ़ सकते हैं, पर वर्ष के उत्तरार्ध में आय के स्रोत सुदृढ़ होंगे। निवेश में जल्दबाजी से बचना हितकर रहेगा। धातु के व्यापार में लाभ होगा।

**उपाय:** सफेद वस्त्र, चावल-दूध का दान संतुलन बढ़ाएगा। भोजन का प्रथम ग्रास गाय या अग्नि को अर्पित करें।

**शुभ संकेत:** रंग: नीला, श्वेत।, अंक: 6, 8.,। ग्रह: शुक्र। दिशा: पश्चिम।

## ममता बनर्जी : 2026 राजनीतिक परीक्षा और खींचतान का वर्ष



वर्ष 2026 ममता बनर्जी के लिए परीक्षा, परिपक्वता और राजनीतिक खींचतान का वर्ष सिद्ध होगा। यह समय न तो पूर्ण सहजता का है और न ही पूर्ण संकट का, बल्कि निरंतर दबाव के बीच अपनी पकड़ बनाए रखने का संकेत दे रहा है। प्रशासन, संगठन और जनभावनाओं, तीनों स्तरों पर उन्हें एक साथ सजग रहना होगा।

वर्ष के आरंभ में विरोध और आलोचना की तीव्रता बनी रह सकती है। केंद्र राज्य टकराव, नीतिगत प्रश्न और आंतरिक असंतोष जैसे मुद्दे उनके लिए यक्ष प्रश्न बनेंगे। हालांकि, उनका अनुभव, जमीनी जुड़ाव तथा जनसंवाद की शैली उन्हें बढ़त दिलाने लगेगी। विधानसभा चुनाव की दृष्टि से, 2026 में ममता बनर्जी का प्रदर्शन मिश्रित किंतु प्रभावी रहने के संकेत दे रहा है। मुकाबला कड़ा होगा, विरोधी सक्रिय रहेंगे, पर उनकी व्यक्तिगत लोकप्रियता, संघर्षशील छवि और महिला, जनसमर्थन उन्हें निर्णायक भूमिका में बनाए रखेगा। सीटों में उतार चढ़ाव संभव है, अनुमान के विपरीत पर राजनैतिक राजनीतिक बढ़त उनके पक्ष में झुकती दिखाई तो दे रही है, पर बेहद कम वोटों का अंतर तनाव का सबब भी बनेगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से थकान और तनाव का कारण बनेगा। 2026 ममता बनर्जी के लिए संघर्ष के बीच संतुलन साधकर टिके रहने और नेतृत्व को पुनः स्थापित करने का वर्ष है।

## तिमिर में जलेगी उम्मीद की लौ

वर्षारंभ पर कन्या राशि के स्वामी बुधदेव धनु में विराजकर जीवन के तिमिर में उम्मीद की लौ जला रहे हैं। 2026 आत्मनिरीक्षण और सूक्ष्म साधना का काल बनकर आएगा। यह वर्ष आपको बाहरी शोर से हटाकर भीतर की अव्यवस्था संवारने का अवसर देगा। शनि मीन राशि में चक्कर लगा रहे हैं और कन्या राशि वालों को घनचक्कर बना रहे हैं। लौह चरण का सप्तम शनि परिजनों की सेहत की गणित बिगाड़ेगा। स्वर्ण चरण के षष्ठ राहु कुंभ और द्वादश केतु सिंह में सुख-शांति और संतोष में वृद्धि करेंगे। गुरु मिथुन में वक्री है। रजत पाद का दशम गुरु करियर में पलीता लगाएगा। घर और वाहन से कष्ट होगा। 1 जून को जब गुरु कर्क में जाएगा, रंग जमाएगा। ताम्र चरण का एकादश गुरु रुके कार्यों को गति देगा। 31 अक्टूबर को गुरु सिंह में जाएंगे, ताम्र पाद के द्वादश गुरु कष्ट पहुंचाएंगे। शिक्षा, लेखन, शोध, सेवा के प्रयासों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक संबंधों में शब्दों की चूक मनभेद का कारण बन सकती है। अनुशासित दिनचर्या, मौन और आत्मसंयम इस वर्ष को सार्थक बना देंगे। बातचीत में शब्दों का गलत चयन बंटाधार कर देगा। पेशानी पर बेचैनी की महीन सिलवटें उभरेंगी।



कन्या

**पढ़ाई-लिखाई:** विद्यार्जन के लिए बरस उत्तम प्रतीत हो रहा है। परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**काम-धंधा:** जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, परिश्रम अधिक होगा, पर प्रतिफल देर से मिलेगा। करियर में स्थान-परिवर्तन की संभावना है। कई सौदों में विघ्न आएगा। ऑफिस में मानसिक पीड़ा मिल सकती है।

**अपने-पराए:** संतान का सुख हासिल होगा। परिजनों में वाद-विवाद संभव है। बार-बार नुक्ताचीनी से रिश्ते-नातों पर असर पड़ेगा।

**सेहत का हाल-चाल:** स्वास्थ्य के स्तर पर मानसिक थकान, पाचन और नींद से जुड़े संकेत उभर सकते हैं। रक्तचाप घटने-बढ़ने से परेशानी संभव है। पीठ और कमर में जकड़न होगी।

**अर्थ-गणित:** वर्ष का पूर्वार्ध संयम मांगेगा, किंतु उत्तरार्ध में आय के नए द्वार खुलते दिखाई देंगे। अल्पकालिक निवेश में लाभ संभव है, पर लोभ में न पड़ें। प्रॉफिट बुक करके आगे बढ़ें।

**उपाय:** रोगियों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों की सहायता से भाग्यबल बढ़ेगा।

**शुभ संकेत:** रंग: हरा, लाल। अंक: 1, 5, 3। ग्रह: बुध, सूर्य, बृहस्पति। दिशा: पश्चिम।

## शेफाली : 2026 परिपक्वता में ढलती प्रतिभा का वर्ष



साल 2026 शेफाली वर्मा के लिए केवल प्रतिभा के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि परिपक्वता में ढलती प्रतिभा का वर्ष दिखाई देता है। स्वाभाविक आक्रामकता के साथ अनुशासन और धैर्य की साधना ही उन्हें अगले स्तर तक पहुंचाएगा। प्रारंभिक महीनों में खेल के साथ मानसिक संतुलन और फिटनेस पर विशेष सजगता अपेक्षित रहेगी। छोटी-छोटी चूकें बड़ी सीख में दे जाएगी। मध्य वर्ष आते-आते परिस्थितियां अनुकूल होने लगेंगी। आत्मविश्वास में स्थिरता आएगी और खेल-बुद्धि परिपक्व रूप लेगी। अगला साल तकनीकी सुधार, रणनीतिक सोच और टीम के भीतर अपनी भूमिका को गहराई से समझने का है। वरिष्ठों और गुरुओं का मार्गदर्शन निर्णायक सिद्ध होगा। अपेक्षाओं का दबाव बढ़ेगा, और बेचैन करेगा पर यही दबाव उन्हें मानसिक रूप से और सुदृढ़ बनाएगा। 2026 शेफाली वर्मा के लिए त्वरित सुर्खियों का नहीं, बल्कि चुनौतियों को झेलते हुए दीर्घकालीन सफलता की नींव रखने का वर्ष है।

## जीत अदाणी : दूरदृष्टि और विवेक की परीक्षा होगी



वर्ष 2026 जीत अदाणी के जीवन में ऐसे मोड़ की तरह आएगा, जहां नाम से अधिक दूरदृष्टि और विवेक की परीक्षा होगी। कार्य और व्यवसाय में वर्ष का प्रारंभ अपेक्षाओं और जिम्मेदारियों के बोझ और दबाव के साथ होगा। हर निर्णय पर निगाहें रहेंगी। यह काल तेज विस्तार का नहीं, बल्कि संरचना को सुदृढ़ करने का है। मध्य वर्ष के बाद स्थितियां स्पष्ट होती जाएंगी और ऊर्जा, अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स तथा दीर्घकालिक परियोजनाओं में स्थिर प्रगति के योग बनेंगे। धैर्य से लिया गया निर्णय भविष्य की दिशा तय करेगा। पारिवारिक और व्यावसायिक संबंधों में स्पष्टता बढ़ेगी, कुछ समीकरण बदलेंगे, पर दृष्टि और साफ होगी। स्वास्थ्य की दृष्टि से मानसिक दबाव और थकान पर ध्यान देना आवश्यक रहेगा। अनुशासित दिनचर्या और संयम से ऊर्जा बनी रहेगी। 2026 जीत अदाणी के लिए मौन तैयारी और दूरदृष्टि का वर्ष है।

## अनुभव से देंगे हौसले को धार

वर्षारंभ पर राशि स्वामी, शिवभूमि के पुत्र भौम, बृहस्पति की राशि धनु में अपने हौसले के पुनर्मूल्यांकन के साथ हौसले को धार देंगे और जीवन के विचित्र से चित्र को विवेक के औजार से संवार देंगे। स्वर्णचरण का पंचम शनि मीन राशि में बैठकर मानसिक अशांति का सृजन कर रहा है। स्वर्णचरण के चतुर्थ राहु कुंभ राशि में और दशम केतु सिंह राशि में बैठ कर करियर को पंख लगाएगा और कारोबार को चमकाएगा। ताम्रपाद के अष्टम बृहस्पति वक्री चाल से मिथुन में गतिशील है। यह योग मान-सम्मान पर उंगली उठाएगा। मन घबराएगा। 1 जून, 2026 को गुरु कर्क में जाएंगे, स्वर्ण पाद के नवम बृहस्पति धन बरसाएंगे। 31 अक्टूबर, 2025 को लौपाद का दशम गुरु सिंह में जाएगा, कारोबारी मामलों में पेशानी पर पसीना छलछलाएगा। यह साल आत्मिक परिपक्वता, गहन परिवर्तन और भीतर की दृढ़ता का होगा। यह समय बाहरी उपलब्धियों से अधिक अंतर्मन की यात्रा का है। जो सालों से दबे हुए थे, भावनाएं, निर्णय, असमंजस, बेचैनी, अब स्पष्ट होने लगेंगे। आने वाला बरस आपको भीतर से मजबूत करेगा। अकेले अहसास और मानसिक त्रास दोनों की बेजोड़ जुगलबंदी होगी। जेब भारी, स्वास्थ्य हल्का रहेगा।



वृश्चिक

**पढ़ाई लिखाई:** उच्च शिक्षा से जुड़ी बाधाएं दूर होंगी। चिकित्सा विद्यार्थियों के लिए समय सहायक रहेगा।

**काम धंधा:** शुरुआती महीनों में दबाव और जिम्मेदारी बढ़ेगी। जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। मध्य वर्ष के बाद हालात सुधरेंगे, विशेषकर शोध, प्रशासन, चिकित्सा, वित्त और तकनीकी क्षेत्रों में।

**अपने पराए:** रिश्तों की वास्तविकता सामने आएगी। कमजोर संबंध टूटेंगे, गहरे रिश्ते मजबूत होंगे। जीवनसाथी का असामान्य व्यवहार बेचैनी बढ़ा सकता है।

**सेहत का हाल-चाल:** मानसिक तनाव, अनिद्रा और पुराने दर्द उभर सकते हैं। पेट और पीठ से जुड़ी तकलीफ संभव है।

**अर्थ गणित:** फिजूलखर्ची और जोखिम से बचें। उत्तरार्ध में अटका धन मिलेगा और नए आय स्रोत बनेंगे। जल और विदेश से लाभ के योग हैं।

**उपाय:** मछलियों को भोजन देने तथा वर्ष में असमर्थ लोगों को अन्न, दवा या वस्त्र दान करें।

**शुभ संकेत** रंग: केसरिया, नहरा, पीला। अंक: 3, 9. ग्रह: सूर्य, बृहस्पति। दिशा: दक्षिण।

### रूह को झिंझोड़ने वाला सिद्ध होगा साल

वैदिक ज्योतिष की दृष्टि से विक्रम संवत 2082 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से 18 मार्च 2026 तक) के राजा सूर्य और मंत्री चंद्र हैं, जो प्रशासनिक वर्ष में नेतृत्व परिवर्तन, जल-संबंधी प्लावन, सैलाब, अग्निकांड, भावनात्मक अस्थिरता व जनता में असंतोष के योग रच रहे हैं। 19 मार्च, 2026 से संवत् 2083 (रौद्र संवत्सर) का प्रारंभ होगा, जहां बृहस्पति राजा और मंगल मंत्री अनूठे वैश्विक चित्र रचेंगे। शनि वर्ष पर्यंत मीन में नए चित्र गढ़ेंगे, राहु कुंभ में, केतु सिंह में खुराफात करेंगे। पुराने ढर्रे के अनुचित उखाड़ जाएंगे, नव बीज महमहाएंगे। ज्योतिष, विज्ञान, और तकनीक में गहन शोध प्रस्फुटित होंगे, रहस्यों के चकित करने वाले पट खुलेंगे।

### ये तथ्य होंगे प्रभावी

- तकनीकी उथल-पुथल और अप्रत्याशित घटनाएं होंगी।
- यातायात को लेकर कोहराम मचेगा।
- हवाई, रेल और सड़क यात्राएं प्रभावित होंगी।
- ढेरों नौकरियां जाने का अंदेशा।
- ज्योतिष, विज्ञान, तकनीक में गहन शोध।
- आर्थिक जगत में डिजास्टर का संकेत।
- बैंकिंग, कॉर्पोरेट और शासन, दबाव महसूस करेंगे।




# नए साल के स्वागत के लिए रेलवे और बेस्ट बसें तैयार

## अलग-अलग रूटों पर चलाई जाएंगी अतिरिक्त बसें

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मुंबई में नए साल के स्वागत के लिए बाहर निकलने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवार 31 दिसंबर 2025 की रात को बेस्ट और मुंबई लोकल रेलवे की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, बेस्ट प्रशासन ने बताया, गेटवे ऑफ इंडिया, जुहू चौपाटी, गोराई-बे, मार्वे चौपाटी जैसे इलाकों में जाने वाले यात्रियों के लिए रात 11:00 बजे से 11:30 बजे के बीच अतिरिक्त बस सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

लोकल रेलवे की ओर से किए गए हैं विशेष इंतजाम

बस रूट नंबर- C-86, 203, 231, एसी बस रूट नंबर- A-21, A-112, A-116, A-247, A-272 और A-294 पर एक्स्ट्रा बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा, 'हेरिटेज टूर' बस सेवा 31 दिसंबर की शाम 5:30 बजे से 1 जनवरी 2026 की सुबह तक यात्रियों की प्रतिक्रिया के आधार पर संचालित की जाएगी। बेस्ट ने यात्रियों से अपील की है कि वे नए साल की रात इन अतिरिक्त सेवाओं का लाभ उठाएं।



### रेलवे चलाएगी स्पेशल ट्रेनें

सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे पर भी तय शेड्यूल के बाद विशेष लोकल ट्रेन सेवाएं संचालित की जाएंगी। सेंट्रल रेलवे की मेन लाइन पर सीएसएमटी-कल्याण और कल्याण-सीएसएमटी के बीच एक-एक स्पेशल लोकल रात 1:30 बजे चलेगी। हार्बर लाइन पर सीएसएमटी-पनवेल और पनवेल-सीएसएमटी के बीच भी रात 1:30 बजे स्पेशल ट्रेन उपलब्ध रहेगी।




### अतिरिक्त जवानों की होगी तैनाती

वेस्टर्न रेलवे पर चर्चगेट-विरार के बीच रात 1:15, 2:00, 2:30 और 3:25 बजे, जबकि विरार-चर्चगेट के बीच 12:15, 12:45, 1:40 और 3:05 बजे लोकल सेवाएं संचालित होंगी। भीड़ को देखते हुए चर्चगेट, मरीन लाइंस, गिरगांव, दादर समेत अन्य स्टेशनों पर अतिरिक्त जीआरपी और आरपीएफ जवानों की तैनाती की जाएगी। जरूरत पड़ने पर जवानों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है।




## 1.38 करोड़ की ठगी, गुजरात से आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** ट्रेडिंग निवेश में भारी मुनाफे का लालच देकर 1 करोड़ 38 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक साइबर ठग को उत्तर प्रादेशिक साइबर पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान इम्रान पठान के रूप में हुई है। कोर्ट ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले ही आरोपी के दो साथी राहुल अग्रवाल और जिग्नेश टेलर को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन आरोपियों ने मिलकर एक महिला निवेशक मीना सिंह को शेयर बाजार में निवेश पर अधिक रिटर्न का झांसा देकर फरवरी से मार्च के बीच अलग-अलग किश्तों में कुल 1 करोड़ 38 लाख 71 हजार 841 रुपये ठग लिए थे। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इन ठगों ने फर्जी कंपनी और कई बैंक खातों का इस्तेमाल कर रकम को अज्ञात बैंक खातों में ट्रांसफर किए थे। इनके एक खाते में छह अलग-अलग मामलों से जुड़े करीब 3 करोड़ 33 लाख रुपये जमा होने की जानकारी पुलिस को मिली है, जिसे फ्रीज कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि यह एक संगठित साइबर ठग गिरोह है, जो देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को ठगते थे।

# टोइंग बंद, अवैध पार्किंग से राहगीरों का चलना दूभर

## नालासोपारा में बाइक की टोइंग बंद, बढ़ी परेशानी | टोइंग वैन ख़राब होने से कार्रवाई ठप: ट्रैफिक विभाग

■ **सुरेंद्र नेगी, नालासोपारा :** वसई-विरार की सड़कों पर दोपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग से जहां राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया। वहीं, इससे जाम भी लग रहा है। सालों से चल रही इस समस्या का हल निकालने के लिए मनपा ने ट्रैफिक विभाग को टोइंग वैन उपलब्ध कराई। इसके जरिए शहर में अवैध पार्क किए जा रहे दोपहिया वाहनों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू किया। शुरुआती दिनों में पुलिस की इस कार्रवाई का वाहन चालकों ने कड़ा विरोध किया, वहीं राहगीरों ने इसे सही ठहराया। वाहनों की टोइंग से जनता को काफी राहत मिली, लेकिन पिछले 6 माह से सबसे भीड़भाड़ वाले नालासोपारा में टोइंग वैन नहीं होने से लोग अपने वाहनों को कहीं भी पार्क कर रहे हैं। इससे न सिर्फ ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है, बल्कि यह राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। लोग फुटपाथ से लेकर सड़कों तक वाहनों को पार्क कर देते हैं। पुलिस विभाग का कहना है कि टोइंग वैन खराब होने की वजह से कार्रवाई नहीं हो रही है।




### कहीं भी पार्क कर देते हैं दोपहिया वाहन

टोइंग से बचने के लिए लोगों ने फुटपाथ पर वाहन पार्क करना शुरू कर दिया। इससे फुटपाथ पर चलने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पिछले 6 महीनों से नालासोपारा में टोइंग बंद होने से लोग अपने दोपहिया वाहनों को कहीं भी पार्क कर देते हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ट्रैफिक विभाग का कहना है कि टोइंग वैन खराब होने से कार्रवाई बंद है।

30 लाख आबादी वाले इस शहर में पार्किंग-व्यवस्था नहीं होने से हर कोई परेशान है। शहर में एक भी पार्किंग जोन नहीं है। मुंबई या उपनगरों में काम पर जाने वाले यात्री अपने वाहनों को स्टेशन परिसरों व भीड़ भाड़ वाली जगहों पर पार्क देते हैं। इस कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ जाती है।

# बड़ी कार्रवाई : 55.88 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी, 4 गिरफ्तार



■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** नव वर्ष से पहले महाराष्ट्र पुलिस ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए ड्रग्स माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की है। महाराष्ट्र एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF), बेंगलुरु सिटी पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) की संयुक्त कार्रवाई में एमडी ड्रग्स और मेफेड्रोन के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

इस हाई-इम्पैक्ट ऑपरेशन में कुल 3 अवैध ड्रग्स फैक्ट्रियों को ध्वस्त किया गया है और 55.88 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मादक सामग्री जब्त की गई है। इस मामले में अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें 1 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में रखा गया है।

**वाशी से शुरू हुई थी जांच, बेंगलुरु तक पहुंचा नेटवर्क:** इस कार्रवाई की शुरुआत 21 दिसंबर को नवी मुंबई के वाशी इलाके से हुई। वाशी के पुराने बस डिपो परिसर में पुलिस ने सबसे पहले अब्दुल कादिर नामक आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उससे मिले अहम सुरागों के आधार पर पुलिस ने मुंबई और अन्य स्थानों पर छापेमारी कर नेटवर्क से जुड़े बाकी 3 आरोपियों को अरेस्ट किया। जांच में सामने आया कि यह गिरोह महाराष्ट्र के साथ-साथ कर्नाटक और राजस्थान तक फैला हुआ था।

**3 ड्रग्स फैक्ट्रियां नष्ट :** संयुक्त टीम ने बेंगलुरु क्षेत्र में छापेमारी कर तीन अवैध ड्रग्स फैक्ट्रियों का पता लगाया, जहां बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स और मेफेड्रोन का निर्माण हो रहा था। इन सभी ठिकानों को सील कर फैक्ट्रियों को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने बताया, मामले की जांच अब जोधपुर तक पहुंच गई है, जहां इस नेटवर्क से जुड़े अन्य ठिकानों और संदिग्धों की तलाश जारी है।



# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । मंगलवार, 30 दिसंबर 2025



प्रकृति कोई दोहन की चीज नहीं बल्कि ऐसा लिविंग सिस्टम है, जिसका आदर किया जाना चाहिए *- वंदना शिवा*

## संतुलन की ज़रूरत

अरावली पहाड़ियों की जिस परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उस पर खुद ही रोक लगा दी है। एक नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश बताता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जाहिर की जा रही चिंता वाजिब थी। अरावली को केवल पहाड़ी श्रृंखला नहीं, जीवन रेखा के रूप में देखने की जरूरत है, जिसकी वजह से उत्तर भारत के उपजाऊ मैदान बचे हुए हैं।

**आम लोगों की चिंता ।** अरावली की जो परिभाषा सरकारी समिति की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की थी, उसे लेकर कई सवाल हैं। इस मामले में केवल यह कहने से आशंकाएं दूर नहीं हो जाती कि रिपोर्ट को गलत तरीके से समझा जा रहा है। देश जिस तरह की पर्यावरणीय चुनौती का सामना कर रहा है, उसे देखते हुए ज्यादा स्पष्ट और पारदर्शी नीतियों की जरूरत है। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लेकर लोगों की चिंताओं को समझा।



ग्रोथ-पर्यावरण में तालमेल

**विस्तृत जांच ।** विशेषज्ञ समिति अब multi-temporal examination करेगी यानी पुरानी तस्वीरों, नक्शों, सैटेलाइट इमेज वगैरह के जरिये देखा जाएगा कि हालिया दशकों में अरावली में क्या बदलाव आए हैं। उम्मीद है इससे एक सही तस्वीर बनेगी कि कैसे अवैध खनन, अनियोजित निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस प्राकृतिक धरोहर को नुकसान पहुंचाया है।

**समग्रता की जरूरत ।** नई परिभाषा में सबसे ज्यादा विवाद 100 मीटर की ऊंचाई वाले बिंदु पर हुआ। असल में मामला केवल ऊंचाई का नहीं है। पर्यावरणीय संतुलन के मामले में छोटी-सी छोटी चीज भी मायने रखती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के वातावरण से अलग करके नहीं देखा जा सकता। अरावली पर लोगों की तरफ से इतनी तीखी प्रतिक्रिया इसलिए भी आई, क्योंकि पर्यावरणीय असंतुलन की सीधी मार अब उन पर पड़ने लगी है।

**गंभीरता और जिम्मेदारी ।** इस साल पहाड़ी राज्यों में जिस तरह की तबाही आई, दिल्ली-NCR और मुंबई में हवा जहरीली हुई - वह लंबे अरसे की अनदेखी का नतीजा है। इसके बाद भी पर्यावरण के मोर्चे पर पर्याप्त गंभीरता और जिम्मेदारी का भाव नहीं दिखता। जब अरावली को लेकर विरोध-प्रदर्शन चल रहा था, उसी दौरान उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि कब्जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट में था। और उसी समय राजस्थान के हनुमानगढ़ में किसान एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध कर रहे थे।

**संतुलन चाहिए ।** अच्छी बात है कि सरकार, अदालत और जनता - तीनों अरावली को लेकर चिंतित हैं। नई कमिटी को सभी पक्षों और बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए। देश को विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत है।

### ऐवें कुछ भी

## ओवरस्मार्ट जनता

सुबह उठा तो कुछ बदली बदली सी लगी मेरी स्मार्ट सिटी। हवा तो उतनी ही धूल भरी थी लेकिन हरियाली कुछ बढ़ी थी। चाल कुछ स्मूद सी हो गई थी। समझ नहीं आ रहा था कि हुआ क्या है। ढेर सारे लोग हाथ में झाड़ू लिए सफाई अभियान में लगे थे। हैरानी की बात थी कि एक शख्स झाड़ू लगा कर कूड़ा जमा करता था तो पीछे से आने वाला दूसरा शख्स उसे बाकायदा ठेले में उठाकर रख लेता था। न उसमें आग लगाई न नाले में ढकेला। बाकायदा उसे ठेले में रखा गया। मतलब ये तो हद हो गई।



आलोक सिंह भदौरिया

हमने कदम बढ़ाया, पैर लचका, गिर गए। आदत ही नहीं थी इतनी स्मूद सड़क पर चलने की। कहां गए गड्ढे! रातों-रात कौन सा अलादीन का चिराग रगड़ दिया किसी ने। दूर कोने में अलादीन का चिराग मतलब रोड रोलर खड़ा था। हरियाली भी दो प्रकार की थी। एक तो खूबसूरत पौधे गमले में लगे थे। दूसरी हरियाली उन हरी चादरों की थी जो सड़क किनारे तान दी गई थी। हम समझ नहीं पाए ये चादर क्यों तनी है। एक महानुभाव से पूछा, भाई साब यह सब क्या है।

उन्होंने बेइज्जत करने वाली निगाह से घूरा। हमने पूछा, ये हरी चादर क्यों तनी है? बोले चादर नहीं, व्यू कटर है। तुम्हारे मोहल्ले की गंदगी ढंकने को लगाई है। हमने कहा, गंदगी हट या संवर नहीं सकती थी? वह बोले, तुम लोग की औकात इतनी ही है, संवारना हो तो खुद संवारो। हम बस ढंक सकते हैं। हमने पूछा कोई और तरीका नहीं था? उन्होंने पलटकर पूछा, नेता जी की आंखों पर हाथ धर देते थे कि इधर न देखें नुकसान होने का रिस्क है?

शाम को नेता जी चले गए, मोहल्ले भर के खानदानी रईस मर्सिडीज से लेकर एक्टिवा तक में वही हरियाली ठूंस-ठूंसकर भरने लगे। स्मार्ट सिटी की जनता ओवर स्मार्ट हो गई थी। सही कह रहे थे नगर निगम वाले भाई साब, दूसरे हमारी गंदगी व्यू कटर से बस ढंक सकते हैं, तस्वीर हमें खुद संवारनी होगी।

### बोल वचन

दिलीप लाल

## पंखे से हौंकना

**बिहार, पूर्वी** उत्तर प्रदेश और झारखंड के इलाकों में 'हौंकना' शब्द हवा देने के लिए प्रचलित है। कहीं-कहीं हौंकना भी है। चूल्हे में आग जलाकर उसे सुलगाए रखने के लिए हवा दी जाती थी, तो 'हौंकना' कहा गया। आज भी ग्रामीण इलाकों में सहज कहा जाता है, 'आग ठीक से नहीं जल रही, जरा पंखे से हौंक दो।' गर्मी से बचने के लिए पंखे को झलना भी 'हौंकना' कहलाता है। खलिहानों में अनाज से भूसा अलग करने की प्रक्रिया, जिसे 'ओसाना' कहा जाता है, उसमें भी हवा देने के अर्थ में 'हौंकना' शब्द प्रयोग होता है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से 'हौंकना' एक देशज और ध्वनि आधारित शब्द माना जाता है। उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जब किसी को डांटना या फटकारना हो, तो यह 'हौंकना' बन जाता है- जैसे, 'अभी हौंक देंगे।' अवधी और बुंदेली क्षेत्रों में 'फूंक मारना' व ब्रज में 'हवा लगाना' प्रचलित है। माना जाता है कि हवा छोड़ने या तेज सांस की 'हौं-हौं' जैसी ध्वनि से यह शब्द बना है। लोक बोलियों में ऐसी ध्वनि-आधारित क्रियाओं से शब्द गढ़े जाने की परंपरा रही है। गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में इसी क्रिया के लिए 'फूंकनी मारना' कहा जाता है। अंग्रेजी में to fan, to winnow, to blow air जैसे अलग-अलग शब्दों से इसे समझा जा सकता है।

AI Image



### पहलगाम आतंकवादी हमले में पति को खोने के बाद भी हिमांशी ने की शांति की बात

# बदले के शोर में अमन की आवाज़


**बराक ओबामा** जब अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तब हर साल अपनी पसंदीदा किताबों, फिल्मों और संगीत की लिस्ट जारी किया करते थे। 2025 की उनकी लिस्ट के एक गाने ने मुझे मोह लिया - पसायदान और इसके गायक गणव्या (दोरैस्वामी)। गाने और गायक, दोनों के नाम में भारतीय रंग होने के बावजूद मैं दोनों से अनजान था।



नीलांजन मुखोपाध्याय

**सबसे अलग ।** 13वीं सदी में संत ज्ञानेश्वर ने अपने आराध्य के लिए अभंग प्रार्थना रची थी। पसायदान गीत इसी का प्रस्तुतिकरण है। इसमें न तो व्यक्तिगत मोक्ष की कामना है और न वरदान की इच्छा - इसके बजाय इसमें सभी के कल्याण की प्रार्थना की गई है। यही बात इसे अलग बनाती है। आज जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है, भारत समेत कई देशों में आंतरिक संघर्ष जारी है, तब पसायदान ऐसे गीत के रूप में उभरता है, जिसे हर जुबान पर होना चाहिए। आखिरकार यह ऐसी दुनिया में सभी के कल्याण, सुख और सुरक्षा की प्रार्थना है, जहां सामूहिक स्वार्थ की महामारी फैलती जा रही है।

**पीएम का संदेश ।** सांप्रदायिक असहिष्णुता दशकों से बड़ी समस्या रही है। हर साल आखिर में इस पर अफसोस जताया जाता है। इस साल भी दूसरे समुदायों के प्रति बड़ी नफरत देखने को मिली। क्रिसमस के आसपास ईसाई समुदाय पर हमले किए गए। यह सब तब हुआ, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने त्योहार की सुबह एक ऐतिहासिक चर्च में जाकर देश को संदेश दिया। उनका यह कदम स्वागत योग्य था, लेकिन दुख है कि उसे उन्हीं लोगों ने सराहा, जो पहले से ही भारत की साझा संस्कृति में विश्वास रखते हैं और समझते हैं कि एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करना चाहिए।



**उम्मीद की किरण**
- पहलगाम हमले के बाद सांप्रदायिक तनाव बढ़ा
- हिमांशी ने न्याय मांगा, सबके हित को समझा
- धर्म व क्षेत्र के आधार पर नफरत को नकारा

**बदले का सिद्धांत ।** पीएम के प्रयास का दुर्भाग्य से उन लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा, जो हिंदुत्व और हिंदू धर्म के नाम पर दूसरों पर हमला करते हैं। यह साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का भी रहा। लगभग तुरंत ही पीएम मोदी ने उस प्राचीन सिद्धांत का सहारा लिया, जिसमें 'आंख के बदले आंख, दांत के बदले दांत' की बात कही जाती है। हमारे अपने समाज में भी कोई नहीं था, जो बदले की भावना को हवा देने वालों को रोकता।

**सच्चे नायक ।** इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए पसायदान गीत ने मुझे एक नतीजे पर पहुंचने में मदद की और वह है कि इस साल के सच्चे नायक वे भारतीय हैं, जिन्होंने सभी के कल्याण के बारे में सोचा। बहुत सोचने के बाद मैंने हिमांशी नरवाल को अपना 'इंडियन ऑफ द ईयर' चुना है। पहलगाम हमले में पति को गंवाने के बाद भी वह समझदारी भरी आवाज बनकर उभरीं।

**शांति और न्याय ।** जब इस देश के सबसे ऊंचे पायदानों से भी बदले की पुकार गूंज रही थी, तब हिमांशी ने संयम दिखाया। त्रासदी में इतना सब खोने के बावजूद उन्होंने 'बदला' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते कि लोग मुस्लिमों और कश्मीरियों के पीछे पड़ें। हमें शांति चाहिए, केवल शांति। हां, हमें न्याय जरूर चाहिए।' उन्होंने खुद पर टूटी विपत्तियों से ऊपर एक बड़े सामूहिक हित, लोगों के डर और उनकी सुरक्षा की जरूरत को प्राथमिकता दी।

**2025 के हीरो**

**विवेकपूर्ण रास्ता ।** हिमांशी के साथ जो बीता, अगर उनकी प्रतिक्रिया में गुस्सा होता, तो भी कोई कुछ नहीं कहता, लेकिन उन्होंने विवेकपूर्ण रास्ता चुना। अपने देशवासियों से उन्होंने एक औपचारिक बयान में कहा कि वह और उनका परिवार आतंकी हमले के बाद मुस्लिमों और कश्मीरियों के खिलाफ फैलाई जा रही नफरत को स्वीकार नहीं करते।

**नेक मकसद ।** महत्वपूर्ण बात है कि उन्होंने अपने घर की खामोशी में बैठकर नहीं, एक रक्तदान शिविर से यह संदेश दिया। यह कैंप उनके पति की जयंती पर आयोजित किया गया था। जिस समय लोग केवल एक धार्मिक पहचान या कश्मीरी होने के नाते दूसरों का खून बहाने की बात कर रहे थे, तब हिमांशी एक नेक उद्देश्य के लिए रक्तदान को प्रेरित कर रही थीं।

**अब मिले सराहना ।** भारत की आत्मा में धर्म रचा-बसा है। धार्मिक पहचान के आधार पर राजनीतिक समुदाय गढ़ने की कोशिशें 150 बरसों से सफल नहीं हो पाईं, लेकिन आज के दौर में वह प्रवृत्ति फिर तेज होती दिख रही है। जब दूसरों को मारने की पुकार को सही ठहराया जा रहा था, तब हिमांशी नरवाल का बयान उम्मीद की किरण बनकर सामने आया। अफसोस की बात रही कि सभी की सुरक्षा की बात कहने के बावजूद उनके बयान को सर्वसम्मति से सराहा नहीं गया। लेकिन, जिस देश में आक्रोश से भरी आवाजें हमें उन अंधेरे बरसों की याद दिलाती हैं, जो देश को विभाजन तक ले गईं, वहां साल के आखिर में हिमांशी की बातों को याद किया जाना चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और 'नरेंद्र मोदी: द मैन, द टाइम्स' नाम की किताब लिखी है)*

### कांटे की बात

देहरादून में एंजेल चकमा की हत्या नफरती लोगों की घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है। विघटनकारी सोच रोज किसी की जान ले रही है और सरकारी अभयदान प्राप्त ऐसे लोग विषबेल की तरह फल-फूल रहे हैं।




*अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी के मुखिया*

### AI की दुनिया

## लिखना भूले, टाइप करना छूटा... अब वॉइस चैट का दौर

*लिखने और टाइप करने की आदत कम होती जा रही है। अब लोग मैसेज लिखने के बजाय वॉइस नोट भेजना ज्यादा आसान मानते हैं। यही वजह है कि दुनिया भर में हर दिन 7 अरब से ज्यादा वॉइस मैसेज भेजे जा रहे हैं।*



AI Image

**अरबों का व्यापार**

**नेक्स्ट मूव** स्ट्रैटिजी कंसल्टिंग की स्टडी के मुताबिक, AI चैटबॉट्स से खासकर युवाओं में वॉइस नोट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। 50% से ज्यादा युवा हर हफ्ते वॉइस नोट भेजते हैं। इस बदलती आदत ने वॉइस AI को टेक्नॉलजी की अगली बड़ी लहर बना दिया है। स्मार्ट ईयरबड्स और वॉइस असिस्टेंट्स वाला AI वॉइस मार्केट तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 2030 तक 34 अरब डॉलर का हो सकता है।

**भारत में असर**

**भारत में** यह बदलाव और तेजी से आने की उम्मीद है। देश में 80 करोड़ से ज्यादा वट्सऐप यूजर्स हैं। अगर वॉइस AI हिंदी, तमिल, बंगाली जैसी भाषाओं में बेहतर तरीके से काम करने लगे, तो आम लोगों के बीच और जल्दी पैठ बना लेगा। तब किसान अपनी फसल के दाम पूछ सकेंगे और छात्र परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए तकनीक बहुत मददगार होगी।

*-प्रदीप तिवारी*

### जनता जंक्शन


इरफान




### अवधनामा

## पुरानी चीज़ों के बाज़ार की यूं बदली तक़दीर

उर्दू के मशहूर शायर शौक बहराइची (1884-1964) का एक बहुत प्रसिद्ध शे'र है : *अब हुस्नफरोशी के लिए मिस्र के बदले, भारत में है नक्खास का बाजार रजिस्टर्ड।* इस शे'र में उन्होंने जो 'चिंता' जताई है, कम से कम इस एक मायने में उसके साथ हुआ जा सकता है कि मुगलों की हुकूमत के उतरार्ध में, जब उनका इकबाल खत्म होने लगा, अवध सूबे के लखनऊ, फैजाबाद और इलाहाबाद जैसे शहरों में नक्खास नाम से विकसित मुहल्ले तवायफों की गुजर-बसर के केंद्र के रूप में पहचाने जाने लगे। समय के साथ वे अपने कोठों पर कुलीन वर्ग के धनी-मानी महानुभावों के दिल बहलाने के लिए उनके मनोरंजन से जुड़े काम करने लगीं। शुरू में यह मनोरंजन नृत्य-संगीत व शायरी आदि की शालीन महफिलों तक ही सीमित था, लेकिन बाद में गिरावट आई तो उसमें हुस्नफरोशी भी शामिल हो गई।



कृष्ण प्रताप सिंह

AI Image



नक्खास (या नख्खास) अरबी मूल से आया शब्द है, जो पुराने वक्त में घोड़ों और दासों वगैरह की खरीद-फरोख्त की साप्ताहिक मंडियों व बाजारों के लिए प्रयुक्त किया जाता था। इन बाजारों में कबाड़ में बदल चुकी ऐसी नई-पुरानी टूटी-फूटी चीजें भी बिका करती थीं, जिनका किसी न किसी रूप में उपयोग बचा हुआ था। वर्ष 1775 में सूबे के नवाब आसफउद्दौला फैजाबाद से अपनी राजधानी लखनऊ ले गए तो वहां का बदहाल नक्खास इन टूटी-फूटी चीजों के बाजार के रूप में ही जाना जाता था। लेकिन राजधानी बनने के बाद नक्खास का मुकद्दर भी बदल गया।

इस बदलाव के वाहक थे सूबे के दीवान राजा टिकैत राय, जिन्होंने पहले तो नक्खास को घोड़ों की खरीद-फरोख्त के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया, फिर उसे नायाब चीजों की उपलब्धता का सूबे का सबसे खास बाजार बनाने में लग गए। 19वीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेज कैप्टन जॉन बेली रेजिडेंट बनकर लखनऊ आए तो टिकैत राय ने इस काम में और तेजी ला दी। उनकी कोशिशों से जल्दी ही नक्खास में हर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जाने लगा। वक्त की नब्ज पर हाथ रखने वाले शहर के रईस भी इन साहबों से मेल-जोल रखने में फायदा देख इस बाजार में आने लगे।

लेकिन आगे चलकर वह दौर आया तो नवाब वाजिद अली शाह (1847-1856) के वक्त तक नक्खास तवायफों का गढ़ बनकर रह गया। हालांकि तब भी वह कला, संगीत और संस्कृति का बड़ा केंद्र हुआ करता था। क्योंकि तवायफें वहां केवल मनोरंजन ही नहीं करती थीं, वे शास्त्रीय संगीत और नृत्य की पारंपरिक शैलियों को जीवित रखने और विकसित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम भी थीं।

## यहां SIR ने बढ़ाई BJP की भी धड़कनें

पूनम पाण्डे

**पश्चिम बंगाल** में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बाद चुनाव आयोग ने जो ड्राफ्ट जारी किया है, उसमें करीब 58 लाख नाम डिलीट किए गए हैं। इनमें मतुआ समुदाय के करीब 2 लाख लोग हैं। यही बात BJP की धड़कनें बढ़ा रही है।



### कन्फ्यूजन और डर

चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक लोगों से ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर आपत्ति मांगी है ताकि जहां सुधार करना हो, किया जा सके। असल में, पश्चिम बंगाल में मतुआ समुदाय CAA और SIR के बीच अटका दिख रहा है। BJP ने पिछले चुनावों में भी मतुआ समुदाय को अपनी तरफ आकर्षित करने की कोशिश की थी। CAA के जरिए भी वह समुदाय के बीच अपना आधार बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

**विशुद्ध राजनीति कसौटी**

मतुआ समाज के करीब 2 लाख लोगों के नाम कटना इसलिए अहम है क्योंकि BJP आदिवासी और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदाय के लोगों पर शुरू से फोकस कर रही है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी मतुआ समुदाय से पार्टी को उम्मीदें हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की आबादी करीब 1.84 करोड़ है। इसमें 50% मतुआ समुदाय के लोग हैं। ये बांग्लादेश से आए नामशूद्र हिंदू हैं। कुछ दिनों पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने एक संबोधन में कहा था कि 'मैं मतुआ और नामशूद्र परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि हम उनकी सेवा करेंगे। वे पश्चिम बंगाल में TMC की दया पर नहीं हैं। उन्हें CAA की वजह से भारत में सम्मान से रहने का अधिकार है, जिसे हमारी सरकार लाई है।' BJP ने पश्चिम बंगाल में कई केंद्र भी खोले हैं, जिनके जरिये मतुआ समुदाय के लोगों को नागरिकता के लिए अप्लाई कराया जा रहा है।

BJP सूत्रों का कहना है कि इनमें से कइयों को TMC ने बरगलाया कि CAA के लिए अप्लाई करने की जरूरत नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि ज्यादातर लोग जिन्होंने अप्लाई नहीं किया, वे TMC के ही समर्थक हैं और हम अपने समर्थकों से CAA के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करवा रहे हैं। मगर सवाल यह है कि कब CAA के तहत उन्हें नागरिकता मिलेगी और कब उनका नाम वोटर लिस्ट में आएगा। अभी तो वोटर लिस्ट में सुधार के लिए 15 जनवरी तक का ही वक्त दिया गया है। मतुआ समुदाय के लोगों में इसे लेकर कन्फ्यूजन है और वे डरे हुए भी हैं।

मतुआ संप्रदाय की शुरुआत 1860 में अविभाजित बंगाल में समाज सुधारक हरिचंद ठाकुर ने की थी। संप्रदाय के लोग उन्हें भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं और श्री हरिचंद ठाकुर कहते हैं। भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद हरिचंद ठाकुर का परिवार पश्चिम बंगाल आ गया। फिर संप्रदाय का जिम्मा हरिचंद ठाकुर के पड़पोते प्रमथ रंजन ठाकुर ने संभाला। उनकी पत्नी वीणापाणि देवी को मतुआ माता या बोरो मां कहा जाने लगा। बोरो मां का मतलब है बड़ी मां। बोरो मां ने बांग्लादेश से आए नामशूद्र शरणार्थियों के लिए बांग्लादेश के बॉर्डर पर ठाकुरगंज नाम से एक बस्ती बसाई। नामशूद्र समाज के लोग भी मतुआ संप्रदाय को मानते हैं।

### 10 सीटों पर अहम

2011 की जनगणना के मुताबिक, नामशूद्र समाज के लोगों की संख्या राज्य में 17% है। नामशूद्र के अलावा दूसरे दलित समाज के लोग भी मतुआ संप्रदाय से जुड़े हैं। ऐसे में अनुसूचित जाति का बड़ा वोट हासिल करने के लिए मतुआ संप्रदाय अहम है। पश्चिम बंगाल की करीब 10 लोकसभा सीटों में इस संप्रदाय के लोग जीत-हार तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## अपने आपको बदलने के लिए दूसरों का इंतज़ार मत कीजिए

ब्रह्मा कुमारी शिवानी

जैसे-जैसे आपके भीतर की दुनिया बदलती है, आसपास शांति, स्थिरता और शक्ति का वातावरण बनने लगता है। हर नए साल बदलने की प्रेरणा हमारे भीतर उपजती है। मानो एक कोमल-सी उम्मीद कानों में कहती है, 'इस बार मैं बदलूंगा। आने वाले 12 महीनों में मेरी जिंदगी अलग होगी।' पूरे मन से हम अपने संकल्प लिखते हैं - अधिक शांत, स्वस्थ, खुश और संतुष्ट रहना है। कुछ हफ्तों तक हमारी नीयत मजबूत रहती है। फिर न जाने कैसे जीवन अपनी पुरानी लय में लौट आता है और हमारे सबसे मजबूत संकल्प भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाते हैं।

ऐसा इसलिए नहीं होता कि हमारे भीतर इच्छाशक्ति की कमी है। ऐसा इसलिए होता है कि हम हालात के सुधरने का इंतजार करते हैं। हम लोगों के बदलने की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन यह सच्चाई याद रखनी होगी कि हम दुनिया को सीधे नहीं बदल सकते। कल्पना कीजिए कि आप कल सुबह जागते हैं और अपने घर, परिवार, काम और जीवन से संतुष्ट महसूस करते हैं। दूसरों को भीतर से किसी प्रतिरोध के बिना स्वीकार करते हैं, और जहां जरूरत हो वहां समझदारी और करुणा के साथ कदम उठाते हैं। परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, फिर भी आपके भीतर शांति और स्थिरता बनी रहती है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

दुनिया कहीं बाहर नहीं है। वह आपके भीतर से शुरू होती है। जब आप अपनी जन्मजात अच्छाई को व्यक्त करते हैं, तो आपकी दुनिया बदलती है। जब आप प्रेम से किसी को सशक्त बनाते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप सही के लिए खड़े होते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप अपने अतीत से शांति स्थापित करते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जब आप क्षमा करते हैं, आपकी दुनिया बदलती है। जैसे-जैसे आपका आंतरिक संसार रूपांतरित होता है, आप स्वाभाविक रूप से अपने आसपास के लोगों के लिए शांति, स्थिरता और शक्ति का स्रोत बन जाते हैं।

नए साल के लिए एक ही संकल्प लें, 'मैं दुनिया को 24 घंटे देने से पहले, अपने मन को 30 मिनट देता/देती हूं।' आपका मन आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उसे रोज सिर्फ 30 मिनट दीजिए और देखिए कि जीवन के प्रति आपकी प्रतिक्रियाएं कितनी शांत, समझदार और आनंदमय हो जाती हैं।

### रीडर्स मेल

## क्रिसमस पर हिंसा निंदनीय

**क्रिसमस पर** देश के विभिन्न गिरजाघरों, सड़कों पर जिस तरह से तोड़फोड़, मारपीट और हिंसा की गई, वह निंदनीय है। इससे देश की छवि धूमिल हो रही है। ये हम कैसा हिंदुस्तान बना रहे हैं? क्या नये भारत की ऐसी तस्वीर होगी? दुनिया के देशों को कैसा संदेश दिया जा रहा है? यह सोचने और समझने वाली बात है। सभ्य समाज में ऐसी हिंसा का कोई स्थान नहीं है, चाहे वह किसी भी देश में हो। कई लोग अपने को धर्म का रक्षक बताकर लोगों को बरगलाते हैं। हमें ऐसी धर्मांधता से बचना चाहिए। कट्टरपंथियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। **-हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**, ईमेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: c-suman.v Time: 12-29-2025 23:26 Color:



## फटाफट खबरें

### पीएम मोदी आज करेंगे 'बजट मंथन'

पीटीआई, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के बड़े अर्थशास्त्रियों और अलग-अलग क्षेत्रों के जानकारों के साथ बैठक करेंगे। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस बैठक का मकसद आने वाले बजट के लिए उनके सुझाव और राय लेना है। उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को साल 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं।

### 'रिलायंस-BP दे 2.5 लाख करोड़'

पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार और रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) के बीच चल रहा गैस विवाद अब और गहरा गया है। सरकार ने रिलायंस और उसकी पार्टनर कंपनी BP से हर्जाने के तौर पर 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा की मांग की है। सरकार का आरोप है कि इन कंपनियों ने केजी-डी6 (KG-D6) गैस फील्ड में जरूरत से ज्यादा बड़ा ढांचा खड़ा किया और इसके बावजूद गैस उत्पादन के लक्ष्य तय किए गए थे, उन्हें पूरा करने में नाकाम रही।

### केनरा बैंक लाया Canara ai1Pe

वि, नई दिल्ली: केनरा बैंक ने डिजिटल पेमेंट की दुनिया में अपना नया ऐप 'Canara ai1Pe' लॉन्च कर दिया है। इस ऐप का मकसद ग्राहकों को UPI के जरिए पेमेंट करने का सबसे तेज, सुरक्षित और आसान सुविधा देना है। किसी भी बैंक के ग्राहक इसमें अपना खाता जोड़ सकते हैं और तुरंत पैसे भेजने, बिल जमा करने जैसी तमाम डिजिटल सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं। साथ ही, यह ऐप आपके महीने भर के खर्चों का पूरा हिसाब-किताब भी रखता है। बार-बार ऐप खोलने की जरूरत नहीं। आप अपने फोन की होम स्क्रीन से ही तुरंत क्यूआर कोड स्कैन करके पेमेंट कर सकते हैं।



# औद्योगिक उत्पादन 2 साल में सबसे तेज़

## नवंबर में IIP ग्रोथ 6.7%, GST कटौती का असर

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार नवंबर के दौरान पिछले दो वर्षों में सबसे ज्यादा रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IIP) ग्रोथ सालभर पहले के नवंबर में 5% के मुकाबले इस बार 6.7% रही। GST घटाए जाने के बाद चीजों की बढ़ी डिमांड पूरी करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग में आई तेजी और मॉनसून सीजन के बाद खनन गतिविधि बढ़ने का इसमें बड़ा योगदान रहा।

मंत्रालय ने कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 8% ग्रोथ के दम पर नवंबर में IIP 6.7% बढ़ा। इसमें बेसिक मेटल्स, फैब्रिकेटेड मेटल्स, फार्मास्युटिकल्स और गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने का योगदान रहा। वहीं, मॉनसून सीजन के बाद 5.4% ग्रोथ के साथ माइनिंग सेक्टर में रिबाउंड आया।'

IIP ग्रोथ का पिछला ऊंचा स्तर नवंबर 2023 का है, जब 11.9% बढ़त दर्ज की गई थी। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर तक IIP ग्रोथ 3.3% है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4.1% थी।

AI Image



### क्या कहते हैं आंकड़े?

- 8%: मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ग्रोथ
- 5.4%: माइनिंग सेक्टर ग्रोथ।
- -1.5%: बिजली उत्पादन घटा।
- 7.3%: इस वित्त वर्ष के लिए अनुमानित जीडीपी ग्रोथ।

ब्रिकवर्क रेटिंग्स के रिसर्च हेड राजीव शरण ने कहा, 'नवंबर में अच्छी IIP ग्रोथ से कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में दमदार डिमांड का पता चल रहा है। तीसरी तिमाही में मजबूत GDP ग्रोथ के बाद इन आंकड़ों से इकॉनमी इस वित्त वर्ष में 7.3% GDP ग्रोथ हासिल करने की राह पर है।' वहीं, PHDCCI के CEO डॉ रंजीत मेहता ने कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग में अच्छी बढ़त से इंडस्ट्रियल मोमेंटम मजबूत होने का पता चल रहा है। इससे मीडियम टर्म में ओवरऑल इकनॉमिक परफॉर्मेंस को सपोर्ट मिलेगा।'

माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्शन में अच्छी बढ़त से उलट नवंबर में बिजली उत्पादन 1.5% घट गया, जो सालभर पहले इसी महीने में 4.4% बढ़ा था। कैपिटल गुड्स प्रोडक्शन सालभर पहले के 8.9% के मुकाबले 10% बढ़ा। वहीं, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का प्रोडक्शन सालभर पहले के 14.1% की तुलना में 10.3% बढ़ा। कंज्यूमर नॉन-ड्यूरेबल्स में 0.6% के मुकाबले 7.3% ग्रोथ रही।

# नए साल में निफ्टी रचेगा नया इतिहास?

## FIIs पर भारी देसी निवेशक, एक्सपर्ट बोले- बेहतर करेगा शेयर बाजार

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

नई दिल्ली : इस साल विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी टैरिफ, रुपये में कमजोरी और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे वैल्यूएशन के बीच रेकॉर्ड एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की, लेकिन रिटेल निवेशकों के SIP और डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इनवेस्टर्स के साढ़े 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विशुद्ध लिवाली के दम पर बाजार लगातार दसवें साल बढ़त के साथ नए साल में कदम रखने जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले साल निफ्टी 31000 के पार जा सकता है।


### कहां होगा निफ्टी?

इस साल 29 दिसंबर तक सेंसेक्स में 7.9% और निफ्टी 50 में 9.3% की बढ़त रही है। इस दौरान 1 दिसंबर को सेंसेक्स ने 86159 और निफ्टी ने 26326 अंकों का ऑल टाइम हाई भी बनाया। LGT वेल्थ इंडिया के CIO चक्री लोकप्रिय ने कहा, 'इनकम टैक्स, GST और इंटरेस्ट रेट में कमी के बीच कंपनियों की प्रॉफिट ग्रोथ कमजोर रहने और रुपये में गिरावट के चलते 2025 में मिलाजुला माहौल रहा। लार्ज कैप्स 9% और मिड कैप्स 4% ऊपर रहे, वहीं स्मॉल कैप्स में 9% गिरावट रही। ऑटो, बैंक और मेटल्स अच्छे रहे। IT स्टॉक्स का प्रदर्शन कमजोर रहा।'

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, 'प्राइवेट कैपेक्स में रिकवरी, कम महंगाई, संभावित रेट कट, अर्निंग्स साइकल में सुधार और ग्लोबल रिस्क घटने के चलते दिसंबर 2026 तक निफ्टी 29150 तक जा सकता है। यह करीब 12% की बढ़त होगी। सब कुछ अच्छा रहा तो यह 31130 भी छू सकता है।' वहीं, चक्री लोकप्रिय ने कहा, '2026 के लिए निफ्टी का हमारा टारगेट 28000-29000 का है।'

चॉइस ब्रोकिंग के VP (टेक्निकल रिसर्च एंड एल्गो) कुणाल वी परार ने कहा, 'निफ्टी के चढ़ने का ट्रेंड बने रहने की उम्मीद है। टेक्निकल लिहाज से मीडियम टर्म में निफ्टी 27275-28075 जोन में जा सकता है। नीचे की ओर 25400 पर अहम और मजबूत सपोर्ट है, जहां लॉन्ग टर्म इनवेस्टर्स को खरीदारी के वैल्यू बेस्ड मौके मिल सकते हैं।'

AI Image





### किन सेक्टरों पर दांव?

नायर ने कहा, 'दमदार डोमेस्टिक डिमांड, पॉलिसी सपोर्ट और मार्जिन रिकवरी के चलते बैंकिंग, NBFC, कंज्यूमर डिस्क्रीशनरी, FMCG, इंफ्रा और हेल्थकेयर में लार्ज कैप्स के बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ग्रोथ के अवसरों के लिए मिड-कैप्स पर दांव लगाया जा सकता है।'

चक्री ने कहा, 'मैक्रो एनवायरमेंट में सुधार और इंडिया-यूएस ट्रेड डील की उम्मीद को देखते हुए साल 2026 बेहतर होगा। मेटल्स, एनर्जी, कंजम्पशन और IT का प्रदर्शन भी अच्छा रहने की संभावना है।' कुणाल वी परार ने कहा, 'ग्लोबल IT खर्च बढ़ने और मार्जिन सुधरने से लार्ज कैप IT स्टॉक्स बेहतर प्रदर्शन करेंगे। दमदार डोमेस्टिक डिमांड, रूरल कंजम्पशन में रिकवरी, EV का चलन बढ़ने और इनपुट कॉस्ट स्टेबल रहने से ऑटो स्टॉक्स का प्रदर्शन अच्छा होगा। स्वदेशी पर सरकार के फोकस और रक्षा पर ज्यादा खर्च के चलते डिफेंस सेक्टर का आकर्षण बढ़ेगा।'

### निफ्टी का प्रदर्शन

| साल | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| 2021 | 22% | 24.1% |
| 2022 | 4.4% | 4.3% |
| 2023 | 18.7% | 20% |
| 2024 | 8.2% | 8.8% |
| 2025 | 7.9% | 9.3% |

### क्या खरीदें?

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स के नायर ने कहा, 'ICICI बैंक, फेडरल बैंक, मारुति, M&M, HUL, एवेन्यू सुपरमार्ट, अपोलो हॉस्पिटल्स, L&T, कैनफिन होम्स, क्रॉम्पटन ग्रीव्ज और वा टेक वबाग हमारे टॉप पिक्स हैं। AI से जुड़ी डील एक्टिविटी बढ़ने पर चुनिंदा IT स्टॉक्स में बढ़त दिख सकती है।' कुणाल वी परार ने कहा, 'TCS, HCL टेक्नॉलजीज, LTI माइंडट्री, टाटा मोटर्स, M&M, TVS मोटर, हीरो मोटोकॉर्प, HAL, BEL और BDL साल 2026 के लिए हमारे टॉप पिक्स हैं।'

# दिल्ली में चांदी 2.4 लाख के पार, गिरा शेयर बाज़ार

पीटीआई, नई दिल्ली: दिल्ली के जूलर्स बाजार में चांदी की कीमतों ने सोमवार को लगातार पांचवें दिन नया रेकॉर्ड बनाया। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, व्यापारियों की भारी खरीदारी की वजह से चांदी की कीमत 3,650 रुपये की उछाल के साथ 2,40,000 रुपये (2.4 लाख) प्रति किलो पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 2,36,350 रुपये पर बंद हुई थी। वहीं, दूसरी ओर सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट देखी गई। 99.9% शुद्धता वाला सोना 500 रुपये गिरकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, वायदा बाजार में चांदी की कीमतें 7,124 रुपये (2.97%) गिरकर 2.32 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गईं। सुबह के कारोबार में चांदी ने 2,54,174 रुपये प्रति किलो का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर छुआ था। सोने की कीमत 1,497 रुपये (1.07%) गिरकर 1,38,376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।

AI Image



वहीं, शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। सेंसेक्स 346 अंक टूटकर 84,695.54 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 100 अंक गिरकर 26,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 25,942.10 पर बंद हुआ। आईटी (IT), पावर और तेल-गैस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाया। अदाणी पोर्ट्स को 2.22% नुकसान हुआ।

# ह्यूंदै-ICC डील में दिखी भारत की सॉफ्ट पावर

Khalid.Amin@timesofindia.com

नई दिल्ली : ऑटो कंपनियों और स्पोर्ट्स का रिश्ता नया नहीं है, लेकिन बीते कुछ सालों में इसका फोकस साफ तौर पर बदला है। एक समय था जब भारत को ग्लोबल स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप में सिर्फ बड़ी ऑडियंस वाला बाजार माना जाता था। अब यही बाजार कंपनियों की कॉर्पोरेट और ब्रैंड स्ट्रैटेजी की दिशा तय कर रहा है। टाटा ग्रुप का IPL से लंबा जुड़ाव, किआ का फुटबॉल पर फोकस और जापानी ऑटो कंपनियों का ओलिंपिक से पुराना रिश्ता। इन सभी में भारत की भूमिका अब सहायक नहीं, बल्कि निर्णायक बनती दिख रही है।

इस बदलाव की सबसे साफ तस्वीर क्रिकेट में नजर आती है। इंडस्ट्री अनुमानों के मुताबिक, ICC इवेंट्स से होने वाली कुल ब्रॉडकास्ट और स्पॉन्सरशिप कमाई का 70% से ज्यादा हिस्सा भारत और भारतीय दर्शकों से आता है। यही वजह है कि क्रिकेट अब सिर्फ खेल नहीं, बल्कि भारत की सॉफ्ट पावर का मजबूत आर्थिक जरिया बन चुका है।



ICC सीईओ संजोग गुप्ता, ह्यूंदै के एमडी-सीईओ तरुण गर्ग और ICC चेयरमैन जय शाह

इसी बैकग्राउंड में ह्यूंदै मोटर कंपनी और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के बीच हुई हालिया ग्लोबल पार्टनरशिप को देखा जा रहा है। 2026 से 2027 के बीच पुरुष और महिला वर्ग के छह बड़े ICC टूर्नामेंट्स के लिए प्रीमियर पार्टनर बनना, उस बदलाव की ओर इशारा करता है, जिसमें भारत अब मल्टीनेशनल कंपनियों की ग्लोबल ब्रैंड सोच का अहम केंद्र बनता जा रहा है।

दिलचस्प यह है कि ह्यूंदै के सबसे बड़े बाजारों में अमेरिका और दक्षिण कोरिया शामिल हैं, जहां क्रिकेट की मौजूदगी सीमित है। इसके बावजूद ICC जैसे क्रिकेट-केंद्रित प्लेटफॉर्म पर निवेश यह दिखाता है कि ह्यूंदै जैसी ग्लोबल कंपनियों के लिए भारतीय बाजार का महत्व कितना बढ़ चुका है।

ICC चेयरमैन जय शाह के मुताबिक, बड़े टूर्नामेंट्स के दौरान स्टेडियम के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी फैन एंगेजमेंट बहुत ऊंचे स्तर पर रहता है। यही एंगेजमेंट आज स्पॉन्सरशिप इकॉनमी की सबसे बड़ी ताकत बन चुका है। ऑटो कंपनियां अब केवल लोगो लगाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दर्शकों के व्यवहार, डेटा और लंबे समय की ब्रैंड पहचान में निवेश कर रही हैं।

ह्यूंदै मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ तरुण गर्ग का कहना है कि यह साझेदारी भारत के प्रति कंपनी की लंबी प्रतिबद्धता और इसके ग्लोबल ऑपरेशंस में भारत की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। कंपनी इस जुड़ाव को डिजिटल, एक्सपीरियंस मार्केटिंग और डीलर नेटवर्क के जरिए एक इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन मॉडल के रूप में इस्तेमाल करना चाहती है।

बिजनेस एनालिस्ट्स मानते हैं कि भारत की सॉफ्ट पावर अब केवल संस्कृति तक सीमित नहीं रही। क्रिकेट, मजबूत डिजिटल ढांचा और युवा उपभोक्ता वर्ग ने मिलकर भारत को ऐसा बाजार बना दिया है, जहां से ग्लोबल स्पोर्ट्स और ब्रैंड इकॉनमी, दोनों की दिशा तय हो रही है। ह्यूंदै-ICC करार इसी बड़े इंडस्ट्री ट्रेंड की एक मिसाल है।

# गलत मार्केटिंग और मिस-सेलिंग पर RBI सख्त

NBT रिपोर्ट, मुंबई : रिजर्व बैंक ने बैंकों और फाइनैंस कंपनियों की मनमानी पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। अब ग्राहकों को गुमराह करके कोई भी स्कीम बेचना आसान नहीं होगा। इसके लिए आरबीआई विज्ञापन से लेकर बिक्री तक के लिए नए नियम जारी करेगा। सोमवार को जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में आरबीआई ने कहा कि अगर कंपनियां ग्राहकों को गुमराह करके कोई सामान बेचती हैं, तो इसका बुरा असर न सिर्फ ग्राहकों पर, बल्कि पूरे आर्थिक सिस्टम पर पड़ता है। रिकवरी एजेंट की मनमानी और उनके बर्ताव को लेकर भी आरबीआई पुराने नियमों को बदलने की तैयारी में है। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए आरबीआई गृह मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।



नवभारत टाइम्स

# Enterटेनमेंट masala



# एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में हुए विवाद पर तारा-वीर ने तोड़ी चुप्पी

हाल ही में मुंबई में सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में ऐक्ट्रेस तारा सुतारिया संग उनकी बॉन्डिंग को लेकर काफी हंगामा मचा। असल में, इस कॉन्सर्ट से एपी ढिल्लों के साथ तारा सुतारिया की परफॉर्मेंस का एक विडियो काफी वायरल हुआ, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री और नजदीकी पर काफी उंगलियां उठीं। यही नहीं, कॉन्सर्ट में ऑडियंस में मौजूद तारा के बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया के रिएक्शन को लेकर भी इस कपल को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। लेकिन अब तारा और वीर ने इस वाकये पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। तारा ने अपने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट का एक विडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'कुछ लोग जानबूझकर शातिराना एडिटिंग और पेड पीआर के जरिए झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं, लेकिन ऐसी नकारात्मकता उन्हें और उनके रिश्ते को कमजोर नहीं कर सकती, क्योंकि आखिर में हमेशा प्यार और सच की जीत होती है।' तारा की इस पोस्ट पर उनके बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया ने भी कॉमेंट करके ट्रोल्स को 'जोकर' करार दिया। वीर ने लिखा, 'जिस रिएक्शन को लेकर मजाक उड़ाया जा रहा है, वह किसी और गाने के दौरान का था, जिसे गलत तरीके से जोड़कर पेश किया गया। इसलिए, ऐसे लोग जोकर से कम नहीं हैं।' इस वीडियो पर एपी ढिल्लों ने भी कॉमेंट करते हुए लिखा- क्वीन। वहीं, दिशा पाटनी और कृष्णा श्रॉफ ने भी कॉमेंट करके तारा को सपोर्ट किया।

# बेटे अबराम के लिए खुद ही विडियो बनाने लगे शाहरुख




शाहरुख खान अपने छोटे बेटे अबराम के स्कूल एनुअल डे फंक्शन में पहुंचे थे जहां से अब विडियो सामने आया है। खास बात यह है कि इतना बड़ा सुपरस्टार होने के बावजूद शाहरुख ने जब अपने बेटे को स्टेज पर देखा तो किसी आम पिता की तरह भावुक हो गए और खुद मोबाइल निकालकर उसकी विडियो बनाने लगे। विडियो में दिख रहा है कि अबराम स्टेज पर अपने दोस्तों के साथ परफॉर्म कर रहे हैं। इसके बाद कैमरा दर्शकों की ओर घूमता है, जहां पहली ही लाइन में बैठे शाहरुख खान बेटे की परफॉर्मेंस को बड़े प्यार से मोबाइल में रिकॉर्ड करते दिख रहे हैं।

शाहरुख के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान साफ नजर आ रही है। उनके पास बैठे गौरी और सुहाना भी इस पल को एंजॉय करती दिख रही हैं।

# किरण राव को मिली अस्पताल से छुट्टी

अपेंडिक्स की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुईं किरण राव को अब अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। किरण ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल रूम से अपनी कुछ तस्वीरें और विडियोज शेयर करके यह जानकारी दी। किरण ने इसके साथ लिखा कि वह 2026 में पार्टी करने के लिए पूरी तरह तैयार थीं, लेकिन अपेंडिक्स ने उन्हें थोड़ा रुकने, सांस लेने और शुक्रगुजार रहने की सीख दे दी। उन्होंने बताया कि सर्जरी के दौरान एलर्जिक रिएक्शन की वजह से उनके होंठ सूज गए थे, लेकिन अब सब सामान्य है। इस मुश्किल वक्त में साथ देने के लिए उन्होंने आमिर, चार्ल्स, अमीन व अन्य फ्रेंड्स का दिल से शुक्रिया अदा किया। किरण ने यह भी बताया कि अब उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है और वह घर लौट आई हैं।










**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in